* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.com

21 सितंबर, 2022
आश्विन, कृष्ण पक्ष, एकादशी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
बुधवार, वर्ष 07, अंक 331

कलम कलम बढ़ाये जा

आजाद सिपाही

ऑस्कर में भारत की नुमाइंदगी करेगी गुजराती फिल्म 'छेलो शो'

सुखाड़ की वजह से संकट में हैं कृषि पर निर्भर 80 फीसदी लोग : हेमंत

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंगलवार को संताल परगना के दौरे पर थे। साहिबगंज जिला के बरहेट प्रखंड स्थित ऐतिहासिक भोगनाडीह गांव में सबसे पहले तो मुख्यमंत्री ने हूल क्रांति के नायक सिद्धो-कान्हू, चांद और भैरव की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और इसके बाद जनसभा को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में प्रदेश में सुखाड़ की स्थिति और धान की फसल के कम उत्पादन पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि ये विडंबना है कि जिस प्रदेश की 80 फीसदी जनता कृषि पर आश्रित है, वहां सुखाड़ की वजह से भयावह स्थिति पैदा हो गयी है। हालांकि, उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर इससे निपट लेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड प्रदेश को सुखाड़ जैसी स्थिति से निपटना है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अधिकांश लोग खेती-बाड़ी करते हैं। तकरीबन 80 फीसदी लोग कृषि कार्यों के जरिए जीवन - निर्वाह करते हैं। मुख्यमंत्री ने संताल परगना के विभिन्न जिलों में धान की फसल के कम उत्पादन पर चिंता जतायी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज

मौसम बहुत खराब है। लगातार हो रही बारिश और बिजली कड़कने की घटना की वजह से हमारा हेलिकॉप्टर बहुत ऊपर नहीं उड़ पा रहा था। पायलट एहतियातन हेलिकॉप्टर को काफी कम ऊंचाई पर उड़ा रहे थे। इसका एक फायदा हुआ। मैंने रांची से लेकर संताल तक झारखंड की जमीन को काफी करीब से देखा। मुझे ये देखकर बहुत दुख हुआ कि पूरे संताल परगना में धान की खेती ना के बराबर हुई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं नई योजनाएं और कानून बनाने की तैयारी में था जिससे राज्य उत्तरोत्तर प्रगति पथ पर आगे बढ़ता लेकिन सुखाड़ की समस्या ने हमें भी चिंता में डाल दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के लोगों को ना केवल सुखाड़ बल्कि भविष्य में अन्य समस्याओं से भी जूझना होगा लेकिन मैं आपको आश्वस्त करना चाहता हूं कि सरकार आपके सुख-दुख में आपका साथ देगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मैंने सोमवार को सभी प्रमंडलों के कमिश्नर, सभी जिलों के उपायुक्त, अलग-अलग विभागों के सचिव और पदाधिकारियों के साथ पूरे दिन बैठक की। बैठक में चर्चा हुई कि राज्य में मौजूदा सुखाड़ की स्थिति से कैसे निपटा जाए।

कृषि पर निर्भर 80 फीसदी लोगों को कैसे राहत पहुंचाई जाए।

हमारी सरकार ने हजारों युवाओं को नौकरी दी

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने जेपीएससी के माध्यम से सैकड़ों युवाओं को नौकरी दी। कहा कि पहले जिस वेकैंसी को पूरा होने में 1 हजार दिन से भी ज्यादा समय लगता था, उसी प्रक्रिया को हमारी सरकार ने 200 दिन में पूरा करके दिखाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये गर्व की बात है कि जेपीएससी पास करने वालों में से हमारे प्रदेश के कम से कम 30 बच्चे वैसे हैं जो आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका या रसोइया के बच्चे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार जेपीएससी पास करके बीडीओ, सीओ और डीएसपी बने हैं उनमें से अधिकांश बच्चे गरीब परिवारों से ताल्लुक रखते हैं। पहले अधिकारियों और मंत्रियों के बच्चे अधिकारी बनते थे।

अब किसी को गलत तरीके से नहीं मिलेगी नौकरी

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों में मंत्री अधिकारी अपने बच्चों को घर में जेपीएससी का पेपर लिखवा कर नौकरी दिलवा देते थे। सीबीआई में केस चल रहा है। मामला सुप्रीम कोर्ट में हैं। वैसे लोग अभी भी नौकरी कर रहे हैं। सरकार से तनख्वाह ले रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले जब किसी भी नियुक्ति का मामला कोर्ट में जाता था तो सरकार केस हार जाती थी लेकिन हमारी सरकार ने सारे केस जीते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब किसी भी अधिकारी या मंत्री का बेटा गलत तरीके से नौकरी नहीं ले सकेगा।

सीएम ने कहा कि मैंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे व्यक्तिगत रूप से लोगों के बीच जाएं और उनकी समस्या सुनें। कार्ययोजना बना कर समस्याओं का समाधान करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं इसी सिलसिले में आज संताल परगना में ऐतिहासिक भोगनाडीह में आप सबों के बीच आया हूं।

मुख्यमंत्री ने विपक्ष द्वारा प्रदेश में बेरोजगारी को लेकर उठाये गये सवालों का जवाब दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अपने ढाई साल के कार्यकाल में हमने हजारों युवाओं को नौकरी दी है। सीएम हेमंत ने कहा कि अभी हाल ही में हमारी सरकार ने कम से कम 25 हजार पदों पर शिक्षक की वेकैंसी निकाली है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार युवाओं को रोजगार देने के लिए प्रतिबद्ध है।

झारखंड में कुर्मी आंदोलन की आंच तेज

आंदोलनकारियों ने एसटी सूची में शामिल करने को लेकर ट्रेनें रोकी

आजाद सिपाही संवाददाता

चाइबासा। पूर्वी सिंहभूम में एक बार फिर कुर्मी समाज के लोगों ने आंदोलन तेज कर दिया है। लंबे समय से कुर्मी समाज के लोग खुद को एसटी सूची में शामिल करने की मांग को लेकर आंदोलनरत हैं। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत आंदोलन की रणनीति तैयार की गयी थी, जिसके बाद अनिश्चितकालीन रेल रोको आंदोलन शुरू किया गया। मंगलवार की सुबह से ही झारखंड के कई जिलों में इसका असर दिखने लगा। पूर्वी सिंहभूम जिले के बहरागोड़ा प्रखंड में 20 सितंबर को चक्रधरपुर खड़कपुर डिवीजन की विभिन्न रेल पटरियों पर कुर्मी समाज के द्वारा रेल चक्का जाम कर दिया गया।

इस आंदोलन की वजह से कई ट्रेनों के परिचालन को रद्द कर दिया गया। कई रेलवे लाइन के रूट में भी बदलाव किया गया है। सुबह तड़के खड़कपुर डिवीजन के खेमासोली एवं झाड़ग्राम पर हजारों की संख्या में लोग रेल लाइन पर बैठ गये। माथे पर पीले रंग की पट्टी और हाथ में डंडा और झंडा लिये लोग रेल की पटरी पर बैठ गये।

इस आंदोलन की वजह से चक्रधरपुर डिवीजन के राउरकेला से रांची के रूट को भी जाम कर

दिया गया। नीमडीह में भी रेल लाइन पर आंदोलनकरियों के बैठ जाने से रेल सेवा बाधित हुई। आंदोलन कर रहे कुर्मी समाज के लोग लंबे समय से कुर्मी जाति को एसटी सूची में शामिल करने की मांग कर रहे हैं। आंदोलन कर रहे लोगों का कहना है कि झारखंड अलग हुआ तो हमें बदल कर ओबीसी कर दिया गया।

इस आंदोलन की तैयारी पहले से की जा रही थी। आंदोलन में रेल परिचालन पर असर पड़ा है। दूसरी तरफ सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस की तैनाती की गयी है। प्रशासन की मुस्तैदी के बाद भी हजारों की संख्या में लोग रेल लाइन पर बैठ गये, जिससे टाटा हावड़ा स्टील एक्सप्रेस, टाटा दानापुर, टाटा आसनसोल, टाटा खड़कपुर, चक्रधरपुर गोमो, चक्रधरपुर टाटा स्पेशल, टाटा आसनसोल, जनशताब्दी एवं इस्पात एक्सप्रेस को रेलवे द्वारा रद्द कर दिया गया।

पांच दिनों के दौरे पर भाजपा के प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी सपरिवार पहुंचे देवघर, बाबा मंदिर में टेका माथा

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड भाजपा के नवनियुक्त प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी पहली बार सपरिवार मंगलवार को झारखंड के पांच दिनों के दौरे पर दोपहर बाद सेवा विमान से देवघर पहुंचे। देवघर एयरपोर्ट पर विधायक सह जिलाध्यक्ष नारायण दास के नेतृत्व में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। एयरपोर्ट से सीधे प्रदेश प्रभारी बाबा मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने बाबा बैद्यनाथ की पूजा अर्चना कर मंगल कामना की। अगले दो दिनों में देवघर, दुमका, धनबाद और बोकारो में पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं से मुलाकात के बाद 22 सितंबर को वह रांची पहुंचेंगे। रांची में अगले दो दिनों तक पार्टी के विभिन्न कार्यक्रमों और पदाधिकारियों के साथ बैठक कर

24 सितंबर की शाम वापस दिल्ली लौट जायेंगे।

कार्यकर्ताओं से संवाद कर संगठन को सशक्त बनाने पर जोर : देवघर पहुंचने पर मीडिया से बात करते हुए प्रदेश प्रभारी ने कहा कि कार्यकर्ताओं से संवाद स्थापित कर संगठन को सशक्त बनाने पर उनका विशेष जोर रहेगा, ताकि पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का काम कर सकें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकास योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाने का संदेश कार्यकर्ताओं के जरिए पहुंचाने पर भी वह विशेष ध्यान देंगे। उन्होंने कहा कि मैं एक मजबूत कार्यकर्ता हूं और घुटना टेक कर संगठन के लिए काम करूंगा। बाबा मंदिर से पूजा अर्चना करने के बाद प्रदेश प्रभारी कृमि मुक्त राष्ट्रीय कार्यक्रम के समापन समारोह में शामिल हुए।

बुधवार को बासुकीनाथ जायेंगे प्रदेश प्रभारी : बुधवार को प्रदेश प्रभारी दुमका के बाबा बासुकीनाथ के दरबार में हाजिरी लगायेंगे। इस दौरान दुमका में उनका कार्यकर्ताओं के साथ संवाद स्थापित करने का भी कार्यक्रम है। इसके बाद वह धनबाद और बोकारो होते हुए 22 सितंबर को रांची पहुंचेंगे। देवघर आगमन के मौके पर विधायक नारायण दास के अलावा महामंत्री पंकज सिंह भदौरिया, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राकेश नरौने सुग्गा, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रीता चौरसिया, विशाखा सिंह, संजीव जजवाड़े, जिला मीडिया प्रभारी सचीन सुलतानिया, भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष विजया सिंह, भाजपा जिला मंत्री रूपा केसरी, जूनियर बाबूलाल मरांडी, ओबीसी जिला अध्यक्ष विनय चंद्रवंशी, दीपक केसरी, नगर भाजपा उपाध्यक्ष सागर झा, महामंत्री मनोज भार्गव, अमन कुमार गोलू, सचीन मिश्रा, सोमेश पंडित, मीडिया प्रभारी धीरज आनंद मौजूद थे।

प्रधानमंत्री ने 'राष्ट्रीय मेयर सम्मेलन' को किया संबोधित

शहरों के विकास को लेकर लोगों का भाजपा पर है भरोसा : मोदी

आजाद सिपाही संवाददाता

अहमदाबाद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि जनता ने शहरों के विकास को लेकर भाजपा पर विश्वास जताया है। उसे निरंतर बनाए रखना, उसे बढ़ाना हम सभी का दायित्व है। प्रधानमंत्री मंगलवार को गांधीनगर में आयोजित भाजपा शासित राज्यों के राष्ट्रीय महापौर सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने दो दिवसीय इस सम्मेलन का डिजिटल माध्यम से उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि सामान्य नागरिक का संबंध अगर सरकार नाम की किसी व्यवस्था से आता है तो पंचायत से आता है। नगर पंचायत से आता है। नगरपालिका से आता है। महानगर पालिका से आता है। इसलिए इस प्रकार के विचार-विमर्श का महत्व बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि आजादी के अमृत काल में अगले 25 वर्ष के लिए भारत के

शहरी विकास का एक रोड मैप बनाने में इस मेयर सम्मेलन की बड़ी भूमिका है।

हमारा मॉडल दूसरों से करता अलग : मोदी ने कहा कि साथियों, सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास। ये जो वैचारिक परिपार्टी भाजपा ने अपनायी है, यही हमारा मॉडल दूसरों से अलग करता है। उन्होंने कहा कि 2014 तक हमारे देश में मेट्रो नेटवर्क 250 किलोमीटर से भी कम था। आज देश में मेट्रो नेटवर्क 775 किलोमीटर से भी ज्यादा हो चुका है।

उचित किराये पर मिले घर, अभियान को दें गति : पीएम मोदी ने महापौरों से अपील करते हुए कहा कि साथियों, शहरों में रोजी-रोटी के लिए लोग अस्थायी रूप में आते हैं, उनको उचित किराये पर घर मिले, इसके लिए बड़े स्तर पर काम चल रहा है। मेरा आप सभी से आग्रह है कि अपने-अपने शहरों में इस अभियान को गति दें। कार्यों को तेजी से पूरे कराएं और क्वालिटी में कभी कंप्रोमाइज न होने दें। उन्होंने कहा कि भाजपा के मेयर के रूप में, शहरों के मुखिया के रूप में रियल स्टेट सेक्टर को बेहतर और पारदर्शी बनाने का आपका दायित्व ज्यादा है। नियमों का पालन करना, उसे सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। चुने हुए जनप्रतिनिधियों की सोच, सिर्फ चुनाव को ध्यान में रखते हुए सीमित नहीं होनी चाहिए। चुनाव केंद्रित सोच से हम शहर का भला नहीं कर सकते हैं। मेरा शहर आर्थिक रूप से समृद्ध हो। मेरा शहर किसी न किसी उत्पाद के लिए जाना जाए। मेरा शहर टूरिज्म के लिए आकर्षण का केंद्र बने। मेरा शहर उसकी पहचान बने। इस सोच के साथ काम करना चाहिए।

सम्मेलन के बारे में दी जानकारी : भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ऋतुराज सिन्हा ने सम्मेलन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि देश भर में भाजपा शासित शहरी स्थानीय निकायों के 121 महापौर और उप महापौर दो दिवसीय कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं। भाजपा के सुशासन प्रकोष्ठ द्वारा सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा भी उद्घाटन में शामिल हुए।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
187200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 46,800 रु./10 ग्राम
चांदी 57,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 21 सितंबर, 2022
www.azadsipahi.com

मझधार में कौन? विपक्ष, कांग्रेस पार्टी या देश, राहुल गांधी की पोस्ट के बाद निकाले जाने लगे हैं सियासी मायने

आखिर किस नाव की पतवार थामना चाहते हैं राहुल!

देश में साढ़े तीन हजार किलोमीटर लंबी भारत जोड़ो यात्रा पर निकले राहुल गांधी ने सोमवार को सोशल मीडिया पर एक ऐसी पोस्ट की, जिसने सियासी हलकों में अटकलों की बाढ़ ला दी है। उन्होंने लिखा है : जब नाव बीच मझधार में फंस जाये, तब पतवार अपने हाथ में लेनी ही पड़ती है। उनके इस पोस्ट के अलग-अलग मतलब निकाले जा रहे हैं। कोई कह रहा है कि राहुल का पोस्ट देश के कमान की बात कर रहा है, तो कोई इसे विपक्षी एकता की कोशिशों के रूप में देख रहा है। एक तबका इस पोस्ट को कांग्रेस अध्यक्ष पद के चुनाव से जोड़ कर देख रहा है। हालांकि उन्होंने किस संदर्भ में इस तरह की बातें लिखी हैं, यह अभी साफ-साफ पता नहीं चल सका है। लेकिन इस पोस्ट को पढ़ने के बाद तो यही कहा जा सकता है कि उनकी मंशा चाहे कुछ भी हो, वह पतवार खुद के हाथ में रखना चाहते हैं। इस पोस्ट को राहुल की भारत जोड़ो यात्रा की कथित सफलता से भी जोड़ कर देखा जा रहा है। एक तरफ जहां कांग्रेस ने नीतीश कुमार, तेजस्वी यादव और के चंद्रशेखर राव को इस यात्रा से जुड़ने के लिए आमंत्रित किया है, वहीं कांग्रेसी इस बात को भी समझ गये हैं कि फिलहाल पार्टी में राहुल गांधी की अहमियत कम नहीं होनेवाली। अध्यक्ष चाहे कोई भी बने, 2024 में विपक्ष का चेहरा कोई भी हो या फिर कथित तीसरे मोर्चे की कमान कोई संभाले, भारत की राजनीति में राहुल गांधी ही गैर-भाजपाई दलों के सबसे बड़े चेहरे बने रहेंगे। लेकिन सवाल फिर वही उठता है कि क्या राहुल इस बड़ी जिम्मेवारी को कबूल करेंगे या फिर उनके दिमाग में कोई और प्लान आकार ले रहा है। इन तमाम सवालों के जवाब तलाश रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।

आजाद सिपाही विशेष

राकेश सिंह

कन्याकुमारी से कश्मीर तक की 3570 किलोमीटर की दूरी पैदल तय करने की ह्यभारत जोड़ो यात्राह्ल पर निकले कांग्रेस नेता राहुल गांधी इस समय भारत के सियासी फलक पर लाइम लाइट में हैं। अपनी पूर्व की छवि को उन्होंने जरूर तोड़ा है। आज वह सड़कों की राजनीति कर रहे हैं। वह लोगों के बीच हैं। पसीना बहा रहे हैं। इसलिए उनकी चर्चा भी हो रही है। राहुल खुद भी इस बात से वाकिफ हैं कि लोग उन्हें एक हद तक गंभीरता से लेने लगे हैं। इसलिए अपनी यात्रा के दो सौ किलोमीटर पूरे होने के बाद उन्होंने सोशल मीडिया पर एक ऐसा पोस्ट किया, जिसने सियासी गलियारों में अटकलों की बाढ़ ला दी है। अलग-अलग लोग इसके अलग-अलग मतलब निकालने लग गये हैं, लेकिन न कांग्रेस की ओर से और न राहुल की ओर से इस बारे में कुछ कहा गया है।

क्या लिखा है राहुल गांधी ने

दरअसल, राहुल गांधी इन दिनों अपनी यात्रा के क्रम में केरल में हैं। वहां उन्होंने स्थानीय स्तर पर बेहद लोकप्रिय उत्सव नौका दौड़ में हिस्सा लिया। उन्होंने सोशल मीडिया पर इसी इवेंट की एक तस्वीर शेयर करते हुए जो कैप्शन लिखा है, उससे तमाम तरह के कयास लग रहे हैं। तस्वीर में राहुल गांधी ने पतवार अपने हाथ में ले रखी है। इसके साथ ही उन्होंने कैप्शन में लिखा है, जब नाव बीच मझधार में फंस जाये, तब पतवार अपने हाथ में लेनी ही पड़ती है। न रुकेंगे, न झुकेंगे, भारत जोड़ेंगे। राहुल गांधी द्वारा फोटो के साथ इस कैप्शन को कांग्रेस के हालात और उनके अध्यक्ष बनने के संकेत के तौर पर देखा जा रहा है, साथ ही इसे 2024 में विपक्ष के चेहरे के रूप में खुद को प्रोजेक्ट करने के रूप में भी देखा जा रहा है। इतना ही नहीं, कांग्रेस द्वारा विपक्ष के नेताओं को भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने के निमंत्रण के बाद इस पोस्ट को राहुल द्वारा विपक्षी एकता की कोशिश शुरू करने के रूप में भी देखा जा रहा है।

विपक्ष को कांग्रेस का न्योता

राहुल और उनके सिपहसालार अब मानने लगे हैं कि भारत जोड़ो यात्रा न केवल कांग्रेस को, बल्कि पूरे गैर-भाजपाई विपक्ष को 2024 की लड़ाई के लिए बड़ा हथियार मुहैया करा रही है। इसलिए कांग्रेस पार्टी ने यात्रा के समानांतर बड़े विपक्षी दलों को भी जोड़ने की कवायद शुरू कर दी है। इसके लिए बाकायदा पार्टी की ओर से देश के विपक्षी दलों को भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने के लिए न्योता भेजा गया है। इस कड़ी में कांग्रेस ने राजद को भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने का आधिकारिक तौर पर निमंत्रण भी दिया है। इसके अलावा नीतीश कुमार और तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव को भी न्योता भेजा गया है। कांग्रेस पार्टी आने वाले दिनों में अपनी भारत यात्रा में कई प्रमुख विपक्षी दलों को शामिल करेगी। इस बात की भी चर्चा हो रही है कि नीतीश कुमार की प्रमुख विपक्षी दलों को जोड़ने की कवायद के समानांतर कांग्रेस भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से भी प्रमुख विपक्षी दलों को एक प्लेटफॉर्म पर लाने की कवायद कर रही है। राहुल गांधी की पोस्ट का पहला मतलब तो इसी निमंत्रण के आधार पर उनके द्वारा शुरू की गयी विपक्षी एकता की कोशिशों को बताया जा रहा है। इससे एक और बात स्पष्ट होती है कि राहुल गांधी कहीं न कहीं अपनी यात्रा को अपनी सियासी कैरियर का ह्यटर्निंग प्वाइंटह्ल मान रहे हैं और चाहते हैं कि उनके इस निष्कर्ष को विपक्षी दल भी स्वीकार करें। हालांकि यह सच है कि उनकी यात्रा का अब तक का स्वरूप गैर-राजनीतिक ही है।

तो क्या राहुल चाहते हैं कि कांग्रेस पार्टी भारत जोड़ो अभियान के माध्यम से सभी विपक्षी दलों का एक बड़ा मंच बना कर 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को टक्कर देने के लिए मंच तैयार करने में अग्रणी भूमिका निभाये। यह ऐसा सवाल है, जिसका जवाब राहुल की यात्रा के आगे बढ़ने के साथ ही साफ तौर पर नजर आने लगेगा। राहुल को भरोसा है कि आने वाले दिनों में देश के अलग-अलग राज्यों की प्रमुख विपक्षी पार्टियां, जो कांग्रेस की विचारधाराओं से मेल खाती हैं, वे सभी कांग्रेस की इस यात्रा में शामिल होंगी। कांग्रेस की ओर से इसकी पूरी तैयारियां कर ली गयी हैं। योजना के मुताबिक जैसे-जैसे यात्रा आगे बढ़ती जायेगी, राहुल के सलाहकार इस अभियान में लगते जायेंगे।

जनाधार बढ़ने का होगा फायदा

इस बात में कोई संदेह नहीं कि कांग्रेस का यह कदम नीतीश कुमार के विपक्षी दलों को जोड़ने वाले कदम से आगे का है। जिस तरीके से नीतीश कुमार देश में सभी विपक्षी दलों को एक साथ जोड़ कर एक बड़ा सामूहिक मंच बना रहे हैं, ठीक वैसे ही कांग्रेस भी भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से जनता में अच्छी पैठ बनाने की कोशिश कर रही है। लेकिन जब तक यह आधिकारिक रूप से घोषित न हो जाये कि जदयू की ओर से सभी विपक्षी दलों को जोड़ने के प्रयास में कांग्रेस भी उसी मंच पर पहुंच रही है, तब तक भारत जोड़ो यात्रा और कांग्रेस की इस नीति को अलग नजरिये से ही देखना चाहिए। निश्चित तौर पर कांग्रेस प्रमुख विपक्षी दल है, ऐसे में पार्टी अपना खेमा मजबूत कर रही है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं का कहना है कि भारत जोड़ो यात्रा के दौरान कांग्रेस का अपना वोट बैंक और जनाधार तो निश्चित तौर पर बढ़ेगा। ऐसे में कांग्रेस की विचारधारा से मिलने वाले विपक्षी दलों का स्वागत भी करेंगे और उन्हें अपने इस अभियान में शामिल भी करेंगे। लेकिन इस लिहाज से यह कहना भी थोड़ा मुश्किल होगा कि नीतीश कुमार की ओर से बनाये जाने वाले विपक्षी दलों के सामूहिक मंच पर कांग्रेस शामिल ही होगी। कांग्रेस जिस तरीके से मेहनत कर रही है, ऐसे में वह दूसरी पार्टियों को आसानी से अपनी पार्टी के ऊपर हावी होने नहीं देगी। यही वजह है कि कांग्रेस भारत जोड़ो यात्रा के दौरान विपक्षी दलों को अपनी यात्रा में शामिल करने का न्योता दे रही है, ताकि कांग्रेस अपने साथ बड़े विपक्षी दलों को जोड़ कर 2024 के चुनावों में मजबूती से मैदान में उतर सके।

यात्रा ने राहुल की ताकत दिखायी

कांग्रेसियों और खुद राहुल को भी भारत जोड़ो यात्रा के बाद अब साफ दिखने लगा है कि पार्टी और देश की सियासत में उनकी हैसियत और ताकत क्या है। यह कांग्रेस के लिए भी और खुद राहुल के लिए भी अच्छा है, क्योंकि पार्टी का अध्यक्ष कोई बने, कांग्रेस का पूरा दारोमदार अब राहुल गांधी पर ही रहनेवाला है। इस लिहाज से राहुल ने पार्टी पर गांधी-परिवार का दबदबा कायम रखने में सफलता हासिल कर ली है और भारत जोड़ो यात्रा का अब तक का हासिल यही है। इस परिस्थिति में कहा जा सकता है कि यह परिवर्तन की यात्रा है, यह कांग्रेसियों की समझ में तो आ गयी, लेकिन राहुल की समझ में आयी कि नहीं कि यात्रा तो यात्रा है, कोई मंजिल नहीं। मंजिल तो जनता की खुशहाली, देश की मजबूती ही है और उसके लिए सत्ता के दो केंद्रों से बचना होगा। राहुल गांधी भारत जोड़ो पर तो निकले हैं लेकिन कांग्रेस को जोड़े रखना भी राहुल के लिए बड़ी चुनौती है। वैसे भारत पहले भी जुड़ा था, आज भी जुड़ा है और आगे भी जुड़ा रहेगा।

अब यह देखना दिलचस्प होगा कि राहुल गांधी किस नाव की बात कर रहे हैं, जिसकी पतवार वह अपने हाथ में लेना चाहते हैं। यह सियासत है या उनके ट्रैक रिकॉर्ड के अनुरूप महज एक खेल, यह आनेवाला समय बतायेगा।

दुमका में पेट्रोल से जला कर मारी गयी अंकिता के मामले में कोर्ट ने लिया संज्ञान

आजाद सिपाही संवाददाता

दुमका। दुमका नगर थाना क्षेत्र में पेट्रोल छिड़क कर जला कर मार दी गयी किशोरी अंकिता के मामले में प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एक के न्यायालय ने संज्ञान लेते हुए पहली सुनवाई की तारीख मुकर्रर कर दी है।

जानकारी के मुताबिक, कोर्ट ने इस मामले में आरोपितों के खिलाफ पोक्सो एक्ट 34/22 के तहत संज्ञान लिया है। मामले में कोर्ट ने मामला दर्ज कराते 23 सितंबर को पहली सुनवाई की तारीख तय की है। विधिक प्राधिकार की ओर से आरोपितों के लिए मुहैया कराये गये अधिवक्ता को केस से संबंधित तमाम कागजातों को आपूर्ति किये जाने का आदेश भी कोर्ट ने दे दिया है। कोर्ट के आदेश के बाद अधिवक्ता को केस से संबंधित तमाम कागजातों को उपलब्ध कराने की प्रक्रिया तेज हो गयी है।

23 को होगी पहली सुनवाई

इससे पूर्व दुमका की पुलिस ने बीते गुरुवार को चार्जशीट दाखिल किया था। करीब 200 पन्नों की चार्जशीट फॉरेंसिक जांच रिपोर्ट के साथ समर्पित की गयी है। चार्जशीट में पुलिस ने घटना के मुख्य आरोपित शाहरुख हुसैन और उसके सहयोगी मोहम्मद नईम के खिलाफ पुख्ता सबूतों के साथ आरोप पत्र समर्पित किया है। पुलिस ने दावा किया है कि आरोप पत्र में उन सभी सबूतों को इकट्ठा किया गया है, जिससे आरोपितों को कड़ी से कड़ी सजा दिलायी जा सके।'

23 अगस्त को तड़के पेट्रोल छिड़क कर जला दिया था किशोरी को

बीते 23 अगस्त की सुबह तकरीबन साढ़े चार बजे दुमका नगर थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले में घर में सो रही किशोरी अंकिता पर खिड़की से पेट्रोल छिड़क कर आरोपित शाहरुख हुसैन ने आग लगा दी थी। बाद में रिम्स में इलाज के दौरान उसकी मृत्यु 28 अगस्त को गई थी। इस मामले में नईम उर्फ छोटू पर उसका साथ देने और इस घटना को अंजाम देने में मदद करने का आरोप है। बताया जाता है कि नईम ही इस घटना के पीछे का मास्टरमाइंड है। पुलिस ने इस मामले में दोनों पर हत्या करने समेत पोक्सो के तहत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। बताया जाता है कि एकतरफा प्यार में आरोपित शाहरुख ने इस किशोरी को जला कर मार डाला था।

ढुल्लू महतो की संपत्ति जांच का मामला

आयकर विभाग ने हाइकोर्ट में दाखिल किया जवाब

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। भाजपा विधायक ढुल्लू महतो की संपत्ति की जांच की मांग को लेकर दाखिल याचिका पर आयकर विभाग ने शपथ पत्र दायर कर दिया है। झारखंड हाइकोर्ट में बीजेपी विधायक ढुल्लू की संपत्ति की जांच को लेकर एक जनहित याचिका दाखिल की गयी है। पिछली सुनवाई में झारखंड हाइकोर्ट ने विधायक ढुल्लू महतो की संपत्ति पर आयकर विभाग से जवाब मांगा था।

हाइकोर्ट के निर्देश के बाद विभाग ने क्या कार्रवाई की

हाइकोर्ट ने आयकर को यह बताने को कहा था कि पूर्व में हाइकोर्ट के निर्देश के बाद विभाग ने क्या कार्रवाई की है। प्रार्थी सोमनाथ चटर्जी की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने यह निर्देश दिया था। हाइकोर्ट के निर्देश के बाद अब आयकर विभाग ने तत्परता दिखायी है।

चुनाव लड़ते समय संपत्ति की सही जानकारी नहीं दी

याचिका में कहा गया है कि ढुल्लू महतो ने चुनाव लड़ते समय संपत्ति की सही जानकारी नहीं दी है। उनके पास कई बेनामी संपत्ति हैं, जिसकी कीमत 675 करोड़ रुपये से ज्यादा है। इसका उल्लेख उन्होंने अपने शपथपत्र में नहीं किया है। बता दें कि बाघमारा विधायक की संपत्ति की जांच इडी से कराने के लिए हाइकोर्ट में याचिका दाखिल की गयी है। अब अदालत इस मामले में दो सप्ताह बाद सुनवाई करेगी।

अब सीसीटीवी की निगरानी में रहेंगे थाने

रांची। राज्य के पुलिस थानों को अपग्रेड करने की एक और पहल हुई है। झारखंड पुलिस हाउसिंग कारपोरेशन लिमिटेड ने 320 पुलिस स्टेशनों में सीसीटीवी लगवाने की पहल की है। इसके लिए टेंडर भी जारी कर दिया है। इच्छुक एजेंसियां, संवेदक इसके लिए 13 अक्टूबर तक टेंडर डाल सकते हैं। चयनित एजेंसी, संवेदक को सीसीटीवी की सप्लाई, इंस्टालेशन के अलावा उसका मेंटेनेंस भी करना होगा। जेपीएचसीएल के मुताबिक इच्छुक एजेंसियां वेबसाइट झारखंड टेंडरर्स.गोव.इन से मदद ले सकती हैं। 22 सितंबर से 12 अक्टूबर तक डाक्यूमेंट्स डाउनलोड कर सकते हैं। डाक्यूमेंट्स के साथ 25 हजार रुपये का नन रिफंडेबल आरएफपी (टेंडर) चार्ज डिमांड ड्राफ्ट के तौर पर जमा करेंगे। इसे लाइन टैंक रोड, रांची स्थित जेपीएचसीएल के पते पर भेजना होगा। 13 अक्टूबर को टेंडर खोला जायेगा। गौरतलब है कि थाना जाने पर कभी कभी वहां पर नागरिकों से अभद्र व्यवहार की शिकायत आती रही है।

मॉब लिंचिंग मामला

शिकायतकर्ता की पत्नी की ओर से बहस पूरी

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। मॉब लिंचिंग में अलीमुद्दीन की हत्या के सजायाफ्ता के मामले में मंगलवार को शिकायतकर्ता अलीमुद्दीन की पत्नी की ओर से अधिवक्ता की बहस पूरी हो गयी। अब मामले में बुधवार को सुनवाई होगी। बुधवार को प्रार्थियों एवं राज्य सरकार की ओर से अंतिम बहस हो सकती है। शिकायतकर्ता की ओर से बहस में जाने के पूर्व भी राज्य सरकार की ओर से मामले में बहस की गयी थी। बीते 15 सितंबर को दीपक मिश्रा, विक्रम प्रसाद सहित सभी अपीलकर्ता की ओर से बहस पूरी हो गयी थी।

दीपक मिश्रा और अन्य की ओर से निचली अदालत द्वारा दी गयी सजा के खिलाफ दाखिल याचिका की सुनवाई मंगलवार को झारखंड हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय की अध्यक्षतावाली खंडपीठ में हुई। बता दें कि रामगढ़ कोर्ट ने 21 मार्च 2018 को 11 दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनायी थी। हजारीबाग के मीट कारोबारी अलीमुद्दीन अंसारी की प्रतिबंधित मांस ले जाने के आरोप में भीड़ द्वारा पीट-पीट कर हत्या कर दी गयी थी। इस मामले में मृतक की पत्नी ने 12 लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी थी। 16 मार्च 2018 को 12 में से 11 आरोपियों को दोषी करार दिया गया था, जबकि एक आरोपी को नाबालिग होने के कारण उसका मामला जुवेनाइल बोर्ड में भेज दिया गया था। जिन्हें अदालत द्वारा आजीवन कारावास की सजा दी गयी थी, उनमें छोटू वर्मा, दीपक मिश्रा और संतोष सिंह के अलावा भाजपा नेता नित्यानंद महतो, विक्की साव, सिकंदर राम, उत्तम राम, विक्रम प्रसाद, राजू कुमार, रोहित ठाकुर, और कपिल ठाकुर शामिल थे।

बता दें कि रामगढ़ जिले के मनुआ फुलसराय के रहनेवाले अलीमुद्दीन की हत्या 29 जून 2017 को कर दी गयी थी। मारुति वैन से प्रतिबंधित मांस ले जाने के आरोप में भीड़ ने बाजार टांड़ स्थित गैस एजेंसी के पास अलीमुद्दीन की पीट-पीट कर हत्या कर दी थी।

मनी लांड्रिंग के तहत जांच के क्रम में इडी ने सभी आरोपितों को पूछताछ के लिए समन भेजा

दिनेश गोप को डमी हथियार दिखा कर ठगने वालों से इडी करेगी पूछताछ

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। पीएलएफआइ सुप्रीमो दिनेश गोप को डमी हथियार दिखा कर ठगने वाले सात लोगों से इडी पूछताछ करेगी। मनी लांड्रिंग के तहत जांच के क्रम में इडी ने सभी सात आरोपितों को पूछताछ के लिए समन भेजा है। ये सभी लोग बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में बंद हैं। जिन लोगों को समन भेजा गया, उनमें अमीर चंद, उज्जवल साह, आर्य कुमार सिंह, निवेश कुमार, प्रवीण कुमार, सुभाष पासवान और उसकी पार्टनर अंजली पटेल शामिल हैं।

रांची पुलिस ने किया था गिरफ्तार

निवेश कुमार समेत उसके अन्य लोगों को 2022 के जनवरी महीने में रांची पुलिस ने गिरफ्तार किया था। छापेमारी के दौरान पुलिस ने उसके घर से ठगी के 61.31 लाख रुपये, 07 देसी पिस्टल और 115 कारतूस बरामद किया था। निवेश ने पूछताछ में

स्वीकार किया था कि उसके आवास से बरामद पैसे ठगी के हैं। इसके अलावे उसके पास से पुलिस ने एक बीएमडब्ल्यू कार, एक थार, एक एमजी हेक्टर, एक जाइलो और महिंद्रा एसयूवी 500 पुलिस ने जब्त किया था।

चंडीगढ़ से डमी नकली हथियार मंगाया करता था

निवेश ने पुलिस को बताया था कि वह चंडीगढ़ से नकली डमी हथियार मंगा उसे सोशल मीडिया पर अपलोड करता था। फिर पीएलएफआइ उग्रवादियों को भी वह नकली हथियार दिखा उनसे भी पैसे की ठगी कर चुका है। जब वह पूर्व में होटवार जेल में बंद था, उस दौरान उसकी मुलाकात रोहित साव से हुई थी। रोहित ने उसे बताया था कि वह पीएलएफआइ सुप्रीमो दिनेश गोप और अवधेश जायसवाल उर्फ चूहा का करीबी है। निवेश उन लोगों से वीडियो कॉल पर बात करता था। एक बार रोहित ने ही पीएलएफआइ के उग्रवादियों से उसकी मुलाकात करायी थी। इसके बाद ही निवेश ने उन्हें डमी हथियार दिखा बोला था कि उन्हें अत्याधुनिक हथियार वह सप्लाई करेगा। इसके एवज में निवेश ने उनसे लाखों रुपये में ठगे थे। निवेश ने पुलिस को यह भी बताया था कि वह 2018 में दारोगा बहाली के नाम पर बिहार के आठ युवकों से 70 लाख रुपये की ठगी कर चुका है। इससे पहले उसने पिठौरिया में एक बुजुर्ग को पेट्रोल पंप दिलाने के नाम पर भी ठगा था। बुजुर्ग को पेट्रोल पंप दिलाने के नाम पर 32 लाख रुपये ठग लिये थे।

दो दिनों तक भारी बारिश के आसार, येलो अलर्ट जारी

रांची (आजाद सिपाही)। राजधानी रांची में मंगलवार सुबह से ही बारिश हो रही है। इस बीच राज्य में दो दिनों यानी 22 सितंबर तक भारी बारिश की संभावना व्यक्त की गयी है। सबसे ज्यादा बारिश राज्य के दक्षिण इलाके में देखने को मिलेगी जबकि 23 और 24 सितंबर को राज्य भर में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। रांची मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने मंगलवार को बताया कि साइक्लोनिक सकुर्लेशन की वजह से बंगाल में लो प्रेशर एरिया बन रहा है, जो ओड़िशा के तट से होकर गुजरेगा और छत्तीसगढ़ होते हुए झारखंड में प्रवेश करेगा। इसके बाद राज्य के अलग-अलग हिस्सों में भारी बारिश देखने को मिलेगी। उन्होंने बताया कि रांची, रामगढ़, बोकारो, पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला - खरसावां जिले में कुछ भागों में हल्के से मध्यम दर्जे की मेघ गर्जन तथा व्रजपात के साथ वर्षा होने की प्रबल संभावना है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
187200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
Channel

वेदर

शहर	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	26.2 °c	21.9 °c
सूर्यास्त (आज) :		17.48 बजे
सूर्योदय (कल) :		05.38 बजे

कार्यक्रम : छठी पुण्यतिथि पर याद किये गये उदयशंकर ओझा

मोटिया मजदूरों की आंखों में छलक आये आंसू

सूरज कुमार

रांची (आजाद सिपाही)। पंडरा बाजार समिति के प्रांगण में उपस्थित सैकड़ों की संख्या में मोटिया मजदूरों, कामकाजी महिलाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं, राजनीतिक दल के नेताओं और व्यवसायियों के मानस पटल में एकाएक स्व उदयशंकर ओझा की तसवीर उभर आयी। कई मोटिया मजदूरों और कामकाजी महिलाओं की आंखों से आंसू भी छलक आये। वे अपने हितैषी उदयशंकर ओझा को श्रद्धांजलि देने पहुंचे थे। स्व. उदय शंकर ओझा की छठी पुण्यतिथि पंडरा बाजार समिति प्रांगण में मंगलवार सुबह 10:30 बजे से आयोजित की गयी। इस अवसर पर उनके पुत्र दीपक ओझा और भाई ललित ओझा, अमित ओझा मौजूद थे। मौके पर कई राजनीतिक दलों के नेताओं और कार्यकर्ताओं सहित विभिन्न संगठनों के गणमान्य लोग और और मोटिया श्रमिकों ने उपस्थित होकर स्व ओझा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। बता दें कि उदय शंकर ओझा श्रमिक नेता के साथ-साथ रांची शहर के कई सामाजिक, व्यापारिक और धार्मिक संगठनों से जुड़े थे। इस अवसर पर रांची में उनके द्वारा किये गये सामाजिक कार्यों और सेवा कार्यों को याद किया गया। स्व. उदय शंकर ओझा कांग्रेस नेता होने के साथ-साथ राजधानी रांची की वह सख्शीयत थे, जो शहर के किसी भी आयोजन में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते थे। समाजसेवी होने की वजह से सभी राजनीतिक दलों में उनके प्रति आदर का भाव था। उदय शंकर ओझा शहर के जनमुद्दों से जुड़े रह कर हमेशा जनता की आवाज बने रहे। वह गरीब और मजदूर वर्ग के श्रमिकों की आवाज थे। उदय शंकर ओझा धार्मिक आयोजनों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेते थे तो वहीं व्यापारियों के साथ-साथ श्रमिकों के हित में भी निरंतर प्रयत्नशील रहते थे।

राजनीतिक, सामाजिक और व्यावसायिक सहित विभिन्न संगठन के लोगों ने श्रद्धासुमन अर्पित किये

भाजपा और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सहित कई गणमान्य भी पहुंचे

श्रद्धांजलि सभा में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, रांची सांसद संजय सेठ, पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी, बीस सूत्री के पूर्व उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर सहित वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण सिंह ने अपने श्रद्धासुमन अर्पित किये। श्रद्धांजलि सभा में आनेवाले सभी अतिथियों की आगवानी स्व. उदय शंकर ओझा के पुत्र दीपक ओझा और भाई ललित नारायण ओझा ने की। बता दें की उदय शंकर ओझा कांग्रेस पार्टी, छात्र युवा संघर्ष समिति, झारखंड जनशक्ति मजदूर यूनियन, महावीर मंडल, झारखंड ट्रक ओनर एसोसिएशन सहित कई संगठनों से जुड़े हुए थे।

लोगों ने श्रद्धासुमन अर्पित किये

श्रद्धासुमन अर्पित करनेवालों में भाजपा नेत्री सीमा शर्मा, भाजपा नेता सत्यनारायण सिंह, पूर्व डिप्टी मेयर अजय नाथ शाहदेव, महानगर कांग्रेस अध्यक्ष संजय पांडेय, कांग्रेस नेता अमरेंद्र कुमार सिंह, भाजपा नेता सह समाजसेवी राजीव रंजन मिश्र, मृत्युंजय शर्मा, अशोक बड़ाइक, संजय जयसवाल, सूरज चौरसिया, सुनील साहू, भाजपा के वरिष्ठ नेता रमेश सिंह, वरुण साहू, राहुल अवस्थी, मुकेश सिंह, अरुण झा, राहुल चौधरी, अशोक यादव, रोमित नारायण सिंह, रिंकू तिवारी, कमल ठाकुर, अमित सिंह, राजेश सिंह, झारखंड चैबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष किशोर मंत्री, कुणाल आजमानी, लक्ष्मी चंद्र दीक्षित, सुनील सिंह चौहान, रंजित तिवारी, श्याम बिहारी सिंह, रविंद्र दुबे, प्रभाकर सिंह, दिनेश चौबे, राम सिंह, बिंदुल वर्मा, प्रवीण जैन, सुभाष पटवारी, गोपाल सिंह, सुबेश पांडेय, अवधेश दूबे, महावीर सिंह, रोमित नारायण सिंह, सुरेंद्र साहू, संतोष सिंह, कमलेश यादव, धर्मेंद्र सिंह, अजय सिंह, बाबू पाठक, मंतोष सिंह, बंटी सिंह राजपूत, आरिफ खान, संजय पांडेय, ऋषि तनेजा, राम राहुल गिरि, सूरज शाहदेव, राजीव शाहदेव, राजीव पांडेय, नितिन सिरमौर, मोनू ओझा, चंदन यादव, प्रेमचंद प्रसाद, संदीप भगत, अशोक पांडेय, धर्मराज यादव, बली राय, महेंद्र यादव, मनोज पासवान, शिव किशोर शर्मा, ललित कुमार चौधरी, उदय चौधरी सहित बड़ी संख्या में लोगों ने उपस्थित होकर अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

स्थानीय नीति के आंदोलनकारियों को मिलेगा सम्मान : बंधु तिर्की

6 नवंबर को होगा समारोह का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड स्थानीय नीति के आंदोलनकारियों को सम्मान देने के उद्देश्य से आगामी 6 नवंबर 2022 को रांची में एकदिवसीय सम्मान समारोह का आयोजन किया जायेगा। समारोह में राज्य गठन के साथ ही स्थानीय नियोजन नीति (डोमिसाइल) आंदोलन का विभिन्न क्षेत्र में नेतृत्व कर रहे लोगों को सम्मानित किया जायेगा। इस बाबत कांग्रेस प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने बताया कि सम्मान समारोह में झारखंड के अलग-अलग क्षेत्र में नेतृत्व कर रहे नेताओं, आंदोलन में जेल गये लोगों, छात्र-नौजवानों, आंदोलन में शहीद हुए साथियों के परिवारों, पुलिस प्रशासनिक जुल्म के शिकार साथियों सहित इस आंदोलन को दिशा देनेवाले बुद्धिजीवियों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों सभी ने अपनी अहम भूमिका निभायी है। इन सभी के संघर्षों के बल पर ही राज्य में 1932 लागू होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसके लिए सबों को एक मंच पर आकर सम्मान देने की कोशिश की जा रही है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आंदोलन में सक्रिय नेताओं की एक समिति गठित की गयी है। यह समिति एक महीने में राज्य के विभिन्न जिलों, अनुमंडलों एवं प्रखंड मुख्यालयों में स्थानीय नीति को लेकर आंदोलन का नेतृत्व कर रहे लोगों से मिल कर उनकी सूची तैयार करेगी। साथ ही राज्य में उन नेताओं की भूमिका सहित भावी कार्यक्रम की रूपरेखा तय की जायेगी।

दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा

ई-निविदा सूचना सं.: डीआरएमईएन जीजीआरएनसी-49-2022, दिनांक: 20.09.2022। भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (डीजी.), दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम :** एसएसई/डब्ल्यू/हटिया के तहत हटिया सेटलमेंट में (1) ऑफिसर्स कॉलोनी में रेलवे क्वार्टर [डीएस/IV/6, डीएस/IV/7, डीएस/IV/8, डीएस/IV/9, डीएस/IV/10, डीएस/V/1, डीएस/V/1 विशेष, डीएस/V/2, डीएस/V/3, डीएस/V/4 एवं डीएस/V/2 विशेष] के दरवाजों एवं खिड़कियां, छत, दीवार की मरम्मत तथा अन्य विविध मरम्मत कार्यों को करना। (2) स्टाफ क्वार्टर सं. डीएस/II/118, 119, 120ए से डी, डीएस/II/106, 107ए से ई, डीएस/II/79 से 81 ए से डी, डीएस/ II/84 से 87 ए से डी, डीएस/ II/108, 109, 111, 112, 113, 129ए से डी, डीएस/II/78ए से डी, डीएस/II/31 से 45ए से डी, डीएस/II/47 55 ए से डी, डीएस/II/127, 128, 114, 115 ए से डी, डीएस/II/71 से 77 ए से डी तथा डीएस/II/114, 115 ए से डी = 56 ब्लॉक (228 क्वार्टर) में टपकनेवाली छत, क्षतिग्रस्त वाल प्लास्टर, सीलिंग प्लास्टर, दरवाजों एवं खिड़कियों, विंडो ग्लास, ड्रेन, जलापूर्ति, डब्ल्यू. सी. पेन की मरम्मत, जंगल की सफाई, मलबे की सफाई तथा अन्य विविध कार्यों को करना। **निविदा मूल्य :** ₹ 1,63,47,331.18। **बयाना राशि :** ₹ 2,31,700/- । **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय :** 12.10.2022 को अपराह्न 03.00 बजे। निविदाकार ऑनलाइन निविदा के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जा सकते हैं। (PR-610)

राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

मेष परिश्रम से इच्छित सफलता की ओर अग्रसर रहेंगे, आर्थिक संतुलन बनाये रखने में सफल होंगे।

वृष चिंतित मनोरथ की सिद्धि होगी, बिजनेस में शुभ परिवर्तन, आर्थिक लाभ, सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा।

मिथुन सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों के लिए कुछ कर दिखाने का पर्याप्त अवसर मिलेगा।

कर्क साहसिक कार्य में सफलता, पारिवारिक सुख-साधनों में वृद्धि, विरोधियों पर विजय।

सिंह स्वाभिमान और स्वावलंबन बढ़ेगा, आमदनी में वृद्धि होगी, नया परिचय का क्षेत्र बढ़ेगा।

कन्या कर्मक्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा, आपके धैर्य, परिवार में महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा।

तुला नयी आशाओं का उदय होगा, धैर्य व साहस से सभी कार्य पूरे होंगे, दांपत्य जीवन सुखद रहेगा।

वृश्चिक परिस्थितियों में सुधार, व्यवसाय में आशातीत लाभ, सपरिवार भ्रमण-मनोरंजन के साधन बनेगा।

धनु गृहोपयोगी वस्तुओं का संचय करेंगे, भौतिक सुख-सुविधा की प्राप्ति, पारिवारिक वातावरण सुखमय होगा।

मकर गुप्त विरोधियों का षड्यंत्र विफल होगा, प्रभावशाली व्यक्तियों से वांछित सहयोग मिलेगा, मन प्रसन्न रहेगा।

कुंभ लोकप्रियता का विस्तार, मान-यश-प्रतिष्ठा-उपहार-पुरस्कार की प्राप्ति,विरोधियों पर विजय मिलेगी।

मीन रोग-शोक-दुःश्चिंताओं से छुटकारा मिलेगा, जमीन-जायदाद संबंधी विवादों का समाधान मिलेगा।

आज इस्टर्न रिजनल पुलिस कोऑर्डिनेशन की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

पांच राज्यों के डीजीपी होंगे शामिल

रांची। इस्टर्न रिजनल पुलिस कोऑर्डिनेशन की बुधवार को बैठक होगी। इस बैठक में झारखंड समेत पांच राज्य के डीजीपी शामिल होंगे। बैठक में बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओड़िशा और छत्तीसगढ़ के डीजीपी हिस्सा लेंगे। इस बैठक में राज्यों के सीमावर्ती इलाकों में सक्रिय नक्सलियों और संगठित आपराधिक गिरोहों के खिलाफ चल रही कार्रवाई और हो चुकी कार्रवाई को लेकर विचार-विमर्श किया जायेगा। इस्टर्न रिजनल पुलिस कोऑर्डिनेशन की बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए 21 सितंबर की सुबह 11:00 बजे से होगी। बैठक की अध्यक्षता बिहार के डीजीपी एसके सिंघल करेंगे। बैठक में सभी राज्यों के एडीजी अभियान, एडीजी मुख्यालय, आइजी अभियान, आइजी सीआइडी और आइजी स्पेशल ब्रांच भी शामिल होंगे।

जानकारी के मुताबिक, बैठक में खुफिया सूचनाओं का आदान-प्रदान करना, सीमावर्ती जिलों में नक्सलियों के खिलाफ बड़ा अभियान चलाना तो है ही। साथ-साथ मादक पदार्थों की तस्करी और गौ तस्करी के साथ-साथ संगठित आपराधिक गिरोहों पर भी नकेल कसने जैसे मुद्दे पर चर्चा होगी।

झामुमो ने मीडिया में पार्टी का पक्ष रखने के लिए जारी की 11 नेताओं की पैनल सूची

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झामुमो ने मीडिया में पार्टी के निर्णयों, कार्यक्रमों और समसामयिक विषयों पर पक्ष रखने के लिए मंगलवार को पैनल सूची जारी कर दी है। इस पैनल सूची में 11 नेताओं के नाम शामिल हैं। इसमें सांसद, विधायक सहित पूर्व विधायक और नेता शामिल हैं। जारी सूची में नेताओं का फोन नंबर भी जारी किया गया है। इसमें संथाल परगना प्रमंडल से दो (साहिबगंज और दुमका), उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल से चार (गिरिडीह, धनबाद और बोकारो), दक्षिण छोटानागपुर प्रमंडल से तीन (रांची), कोल्हान प्रमंडल से दो (पूर्वी सिंहभूम) के नेताओं को शामिल किया गया है। इसमें विजय हांसदा, साहिबगंज 9939124810, सुनीता सोरेन, दुमका, 9199477844, योगेंद्र प्रसाद, बोकारो 9431146638 सुदिव्य कुमार सोनू, गिरिडीह 9431144328, सरफराज अहमद, गिरिडीह 9431144197, डॉ. नीलम मिश्रा, धनबाद 8521383007, मोहन कर्मकार, पूर्वी सिंहभूम 9431113360, समीर मोहंती, पूर्वी सिंहभूम 9430731976, महुआ माजी, रांची 9835193111, मनोज कुमार पांडेय, रांची 9431177266, तनुज खत्री, रांची 8797500001 शामिल हैं।

रांची से महुआ माजी, मनोज कुमार पांडेय और तनुज खत्री का नाम शामिल

विधि-व्यवस्था पर सीएम करेंगे जिलों के एसपी के साथ समीक्षा बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। राज्य में विधि-व्यवस्था को लेकर चार महीने बाद सीएम हेमंत सोरेन आगामी 22 सितंबर को सभी जिलों के एसएसपी-एसपी के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। यह बैठक बीते 16 सितंबर को होनी थी, लेकिन किसी वजह से इसकी तिथि 22 सितंबर की गयी है। इस दौरान गृह सचिव, डीजीपी, सभी जोनल आइजी और सभी रेंज के डीआइजी भी उपस्थित होंगे। इससे पहले बीते 22 मई को सीएम हेमंत सोरेन ने जिले के एसपी के साथ समीक्षा बैठक की थी।

सीएम से पहले डीजीपी ने की समीक्षा बैठक

डीजीपी नीरज सिन्हा ने सभी जिले के एसपी को दुगार्पूजा, दीपावली, छठ, चेहल्लुम और क्रिसमस के दौरान सतर्कता बरतने और ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश दिया है। बीते 14 सितंबर को डीजीपी ने सभी जोनल आइजी, रेंज डीआइजी और जिलों के एसएसपी/एसपी से अपराध पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने को कहा था। साथ ही अपराधियों के खिलाफ सख्त कदम उठाने का निर्देश दिया था। डीजीपी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये पुलिस अफसरों के साथ समीक्षा बैठक की थी। इसमें अपराध नियंत्रण, संगठित आपराधिक गिरोह, हाल के दिनों में हुई बड़ी वारदात और नक्सल सहित 17 बिंदुओं पर समीक्षा की गयी थी।

पूर्व में सीएम ने अवैध खनन पर रोक लगाने का दिया था निर्देश

बीते 22 मई को हेमंत सोरेन ने कहा था कि अवैध खनन किसी भी हाल में स्वीकार नहीं किया जायेगा। अधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार के अवैध खनन पर हर हाल में रोक लगनी चाहिए। डीसी-एसपी से कहा कि अवैध खनन में संलिप्त लोगों या माफिया के खिलाफ तत्काल सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करें।

मॉडल स्कूल में अनुबंध आधारित बहाली प्रक्रिया को सुनिश्चित करने का सीएम ने दिया निर्देश

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को समीक्षा बैठक के दौरान शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों से कहा कि मॉडल स्कूल में अनुबंध आधारित बहाली प्रक्रिया को सुनिश्चित करें। साथ ही कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में खाली पड़े पदों को भरने की प्रक्रिया शुरू करें। मुख्यमंत्री ने शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान पदाधिकारियों से कई जानकारियां भी लीं।

स्कूली शिक्षा विभाग को निर्देश

लगभग 50 हजार शिक्षकों के पदों पर होने वाली नियुक्ति को लेकर जिला स्तर पर जल्द से जल्द रोस्टर क्लीयरेंस दें।

कार्मिक को दिये निर्देश

पिछले वर्ष नवंबर में आयोजित आपके अधिकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जो आवेदन मिले थे, उनमें जो लंबित रह गये थे, उन आवेदनों का त्वरित निष्पादन करें। सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों का जाति प्रमाण पत्र स्कूल के माध्यम से निर्गत करने के लिए चल रहे अभियान को गति दें।

इरफान से मिलने कोलकाता पहुंचे समर्थक, विधायक हो गये भावुक

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड के जामताड़ा विधायक इरफान अंसारी से सैकड़ों की संख्या में महिलाएं एवं बच्चों ने मंगलवार को कोलकाता पहुंच कर भेंट की। महिलाओं ने एक सुर में कहा कि हमारा विधायक निर्दोष है और हम गरीबों का मसीहा है। हम लोग विधायक को वापस जामताड़ा लेकर जाने के लिए आये हैं। जनता की अदालत से बड़ी कोई अदालत नहीं। जामताड़ा की जनता बखूबी समझ रही है कि कैसे विधायक को एक साजिश के तहत साजिशकर्ताओं द्वारा फंसाया गया। जनता उन्हें कभी माफ नहीं करेगी। विधायक के बिना पूरा क्षेत्र में सन्नाटा है। हम सभी को विधायक की कमी खल रही है। इसलिए हम सभी लोग कोलकाता आये हैं और विधायक को लेकर जायेंगे।

महिलाओं की बात सुन विधायक इरफान अंसारी काफी भावुक हो गये और उन्होंने महिलाओं को काफी समझाने बुझाने के बाद बताया कि मामला न्यायालय में चल रहा है और मैं बहुत जल्द वापस जामताड़ा आ रहा हूं। आप लोग चिंता ना करें। मैं कोलकाता में रहकर भी क्षेत्र से लगातार संपर्क में हूं और हर दिन अपने क्षेत्र के लोगों से मिल रहा हूं और उनकी समस्या का समाधान कर रहा हूं। बता दें कि झारखंड के तीन कांग्रेस विधायकों- इरफान अंसारी, राजेश कच्छप और नमन बिक्सल कोंगाड़ी को 30 जुलाई को हावड़ा जिले के पंचला में उनकी कार से लगभग 50 लाख रुपये नकद के साथ पश्चिम बंगाल पुलिस ने गिरफ्तार किया था।

नियोजन पदाधिकारी को बच्चा चोर समझकर ग्रामीणों ने पीटा

दुर्भाग्य : नहीं पहुंचते पुलिस अधिकारी तो जा सकती थी अफसरों की जान

पिंटू कुशवाहा दिनकर

बड़कागांव। हजारीबाग नियोजन पदाधिकारी ज्योत्सना दास एवं उनके पति विजय कुमार दास को बच्चा चोर समझकर ग्रामीणों ने जमकर पिटाई कर दी। घटना बड़कागांव थाना क्षेत्र के लंगातू गांव स्थित एनटीपीसी त्रिवेणी सैनिक माइनिंग के साइड कार्यालय के समक्ष की है। जहां नियोजन पदाधिकारी द्वारा अपनी वैगन आर वाहन संख्या जेएच 01 एएन 0902 खड़ा कर चतरा जिला के नियोजन पदाधिकारी मनु कुमार का आने का इंतजार किया जा रहा था कि इसी बीच कुछ ग्रामीणों द्वारा वाहन के पास पहुंचकर बच्चा चोर समझ कर दोनों पति-पत्नी को जमकर पिटाई कर दी। इस संबंध में नियोजन पदाधिकारी ज्योत्सना दास ने कहा कि यदि समय पर बड़कागांव प्रशासन के अंचलाधिकारी जितेंद्र कुमार पांडेय, पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार सिंह, थाना प्रभारी विनोद कुमार तिर्की अपने दल बल के साथ नहीं पहुंचते तो शायद हम लोगों की जान भी नहीं बचती। उन्होंने कहा कि सरकारी काम के तहत त्रिवेणी सैनिक कार्यालय 2 लोगों के कार्य हेतु पहुंचा था। कार्यालय के बाहर चतरा जिला नियोजन पदाधिकारी का इंतजार किया जा रहा था कि इसी बीच ग्रामीणों की भीड़ आकर हम लोग के साथ काफी मारपीट करते हुए चार पहिया वाहन को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया। वहीं लंगातू निवासी रतन भैया की पत्नी सुषमा कुमारी का आरोप है कि उक्त महिला एवं पुरुष के द्वारा मेरा एक वर्षीय बच्चा को गोदी से छीना जा रहा था। इस संबंध में थाना प्रभारी विनोद कुमार तिर्की ने कहा कि भुक्तभोगी द्वारा आवेदन प्राप्त हुआ है। लोगों की पहचान कर हर हाल में कार्रवाई की जायेगी।

थाना प्रभारी श्री तिर्की ने आगे कहा कि मेरे द्वारा बार-बार अपील की जा रही है कि किसी प्रकार की अफवाह से बचें और यदि ऐसी कोई बात है तो तुरंत प्रशासन को सूचित करें। किसी भी हाल में कानून को हाथ में लेने का प्रयास नहीं किया जाये। समाचार लिखे जाने तक नियोजन पदाधिकारी एवं उनके घायल पति को बड़कागांव में इलाज कराया जा रहा है।

लगातार बिजली कटौती से शहर वासियों को हो रही परेशानी : हितेश रंजन

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। युवा समाजसेवी सह स्वच्छता स्वास्थ्य एवं पर्यावरण समिति के सोशल मीडिया प्रभारी हितेश रंजन ने कहा है कि हजारीबाग शहर में लगातार बिजली की कटौती शहर वासियों को बहुत परेशान कर रही है।, उन्होंने कहा है कि जिले में इन दिनों डीवीसी 6 घंटे बिजली काट रही है तो बिजली बोर्ड 12 घंटे। कुल मिलाकर शहर को मुश्किल से 8 से 9 घंटे ही बिजली मिल पाती है। प्रतिदिन पावर कट जानकारी बिजली विभाग के बड़े अधिकारियों को है, इसके बावजूद पावर कट और बढ़ती ही जा रही है। दिन भर में दो से तीन बार और रात में तीन बार लोड शेडिंग किया जा रहा है। जर्जर डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम में बार-बार खराबी होने के कारण पावर कट हो जाता है। इसके कारण आम लोगों को बहुत ही परेशानी झेलनी पड़ रही है। मोबाइल, कंप्यूटर, इनवर्टर सहित कई घरेलू उपकरण जवाब देने लगता है। व्यवसाय और उद्योग क्षेत्र में भी बहुत परेशानी हो रही है। जनरेटर बिजली आधारित व्यवसाय और उद्योग चलाने डीजल पर लागत बिजली से 6 गुना ज्यादा बढ़ जाता है। हजारीबाग एवं आसपास डेमोटांड़ क्षेत्र औद्योगिक क्षेत्र में 50 से अधिक छोटे बड़े फैक्ट्री हैं। वहां करीब 10,000 लोगों को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिला हुआ है। हितेश रंजन ने डीवीसी और बिजली विभाग से यह आग्रह किया है कि जल्द से जल्द बिजली को ठीक किया जाए।

प्लस टू लॉर्ड कृष्णा स्कूल में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया गया

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। सदर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत अमृत नगर प्लस टू लॉर्ड कृष्णा स्कूल में मंगलवार को आईसेक्ट विश्वविद्यालय के तत्वाधान से विद्यालय में आजादी का अमृत महोत्सव के शुभ अवसर पर विद्यालय में ड्राइंग गीत कविता लेखन लघु फिल्म क्विज कंपटीशन नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।नवम एवं दशम वर्ग के समस्त विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में आइसेक्ट विश्वविद्यालय से नागेश्वरी कुमारी समाजशास्त्री तारा प्रसाद कंप्यूटर साइंस से एवं प्रीति पॉलिटिकल से एवं विद्यालय के प्रधानाध्यापक कृष्ण कुमार देव सचीव अमिताभ नीरज एवं समस्त शिक्षक रेखा तिवारी अफरोज आलम जितेंद्र कुमार राय भोला कुमार राय अल्पना शर्मा सुमित कुमार उपाध्याय सुमंत कुमार काजल कुमारी संदीप कुमार अहमद भाग लेकर बच्चों को इन कार्यों के लिए प्रोत्साहित किया गया अंततः विद्यालय के प्राचार्य कृष्ण कुमार देव ने आइसेक्ट विश्वविद्यालय के कार्यक्रम का भूरी भूरी सराहना की एवं धन्यवाद ज्ञापन किया।

हजारीबाग कैनरी इन होटल के चौथे तल्ले से गिरा युवक, मौत

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। हजारीबाग बड़ी बाजार थाना क्षेत्र के सरकारी बस स्टैंड के निकट एन एच-33 के किनारे कैनरी इन होटल के चौथे तले से गिरने से युवक की मौत हो गई।युवक बंगाल के बांकुरा निवासी खेरावाल मंदी बताया जा रहा है। वह सिमरिया की एक युवती से मिलने हजारीबाग आया था और कमरा नंबर 404 में ठहरा था। यह भी बताया जा रहा है कि युवती हजारीबाग के एक लॉज में रहकर पढ़ाई करती है और वह बांकुरा परीक्षा देने के लिए गई थी। वहीं युवक से उसकी मुलाकात हुई और दोनों के बीच दोस्ती हो गई। उसके बाद युवक सोमवार को युवती से मिलने के लिए हजारीबाग आया था। दोनों एक ही कमरे में थे। किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। युवक ने कमरे में रखे कांच से युवती पर वार कर दिया। युवती को लहूलुहान देखकर युवक कमरे से भागने की कोशिश की। इसी क्रम में वह चौथी मंजिल से गिर गया, जहां उसकी मौत हो गई। इधर घटना की सूचना मिलते ही सदर थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं गंभीर रूप से जख्मी युवती को भी सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की जानकारी युवती के परिजन को दे दी गई है। इधर घटना के बाद पुलिस छानबीन में जुट गई है। युवक खैरवाल मंदी पिता : मदन मोहन मंदी, बंगाल निवासी बताया जा रहा है।

5 सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल आज से

कोडरमा (आजाद सिपाही)। झारखंड लोकल बॉडीज इंप्लाइज फेडरेशन महासंघ के आह्वान पर झुमरी तिलैया नगर परिषद कर्मचारी संघ अपनी 5 सूत्री मांगों को लेकर 20 सितंबर बुधवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे। संघ के सचिव संजीव कुमार पांडेय ने बताया कि मांगे नहीं माने जाने की स्थिति में अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि हड़ताल में नगर परिषद कर्मी के अलावा सफाई कर्मी भी शामिल रहेंगे। उन्होंने कहा कर्मियों के हड़ताल पर जाने से शहर की साफ सफाई व्यवस्था पर भी असर पड़ेगा।

मानदेय मिलने में देरी होने पर मजदूरों ने की हड़ताल

केरेडारी(आजाद सिपाही)। प्रखण्ड के पांडु व तरहेसा में एलएंडटी कम्पनी के द्वारा कन्वेयर वेल्ट निर्माण कार्य के कामगरों ने मानदेय सहित अन्य मुद्दों को लेकर सोमवार से हड़ताल पर है। इस हड़ताल में शामिल कामगारों ने बताया कि एलएंडटी कम्पनी के दोहरी नीति के कारण यहाँ पर काम कर रहे कामगारों को काफी परेशानीयों का सामना करना पड़ रहा। कम्पनी काम करवा कर विगत दो माह से मानदेय का भुगतान नही किया है जिससे हम सबों के परिवार का भरण पोषण दूभर हो गया है। आगे कहा की कन्वेयर वेल्ट के निर्माण कार्य में कार्यरत किसी भी कामगारों को पहचान पत्र नही दिया गया है। कार्य शुरूआत के दौरान कम्पनी में पंचिंग मशीन दिया गया था, फिलहाल उसे भी हटा लिया गया और दिन में एक वर्कर से पांच बार हाजरी बनाया जाता है। थोड़ा सा भी इधर उधर हो जाने पर एक दिन का मानदेय काट लिया जाता है। कन्वेयर वेल्ट कार्य का निर्माण लगभग 40 फिट ऊंचाई पर हो रही है पर यहाँ के कामगरों को मेडिसीन की भी कोई सुविधाएं नही है व मजदूरों को हाइट पास भी नही बनाया गया है इस संदर्भ में एलएनटी के प्रोजेक्ट मैनेजर परमहंस से पूछे जाने पर बताया कि अगस्त माह का वेतन कुछ कारणों से नहीं हो पाई है जल्द ही भुगतान किया जायेगा।

एटीएम तोड़ने का प्रयास कर रहे चोर को कोर्रा थाना की पुलिस ने पकड़ा

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। सोमवार रात्रि करीब 2 बजे कोर्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत लोचन पथ के समीप एसबीआई बैंक के एटीएम को तोड़ने का प्रयास कर रहे चोरों पर कोर्रा थाना की गश्ती दल की नजर पड़ी। तत्पश्चात पुलिस बल को देख कर चोर भागने का प्रयास करने लगे। गश्ती दल में शामिल पुलिस बल के द्वारा इनका पीछा करने पर एक चोर को पकड़ लिया गया। चोरों के द्वारा गश्ती दल के ड्राइवर जावेद पर हमला भी किया गया किंतु जावेद ने हिम्मत दिखाते हुए एक चोर को पकड़ लिया। गश्ती दल की चौकन्नता के कारण एक बड़ी लूट की घटना होने से टली। इस संबंध में कोर्रा थाना कांड सं 212/22 दर्ज कर अभियुक्त मुन्ना सिंह उर्फ गुड्डू पे-सूरज सिंह, चौपारण निवासी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

बिरहोरों का आधार कार्ड बनाने को लेकर शिविर लगा

कोडरमा (आजाद सिपाही)। उपायुक्त कोडरमा की पहल से कोडरमा प्रखंड अंतर्गत चितरपुर बिरहोर टोला में बिरहोरों के आधार कार्ड बनाने को लेकर शिविर का आयोजन किया गया। कैंप के माध्यम से चितरपुर इंदरवा पंचायत में कुल 24 बिरहोर का आधार कार्ड बनाया गया। बता दें वैसे बिरहोरों जिनका जानकारी के अभाव में आधार कार्ड नहीं बन पाया है, जिसके कारण वे समुचित सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित हैं। उपायुक्त के संज्ञान में आने के उपरांत त्वरित कार्रवाई करते हुए उस क्षेत्र में लगातार शिविर का आयोजन का छूटे हुए सभी लोगों का आधार कार्ड बनाया जा रहा है।

घर की दीवार गिरने से सात लोग घायल

कोडरमा। कोडरमा थाना क्षेत्र के अंतर्गत दिबौर पानी टंकी के पीछे छात्रों तुरिया एक कच्चे का मकान बनाकर रह रहे थे। बारिश के मौसम में लगातार बारिश होने के कारण बीती रात सभी कच्चे मकान में सो रहे थे, अचानक बरसात के कारण घर की दीवार गिर जाने से चंदेश्वरी देवी, छत्रु तुरीय, पूजा कुमारी, प्रतिमा कुमारी, सागर, करण, कुंदन कुमार को घायल हो गए। इन्हें चोट लगी है। चंदेश्वरी देवी से पूछे जाने पर उन्होंने बताया है कि बीती रात कच्चे मकान के नीचे सभी सो रहे थे। अचानक दीवार गिर जाने से चोट लगी है। हम लोग कई बार पीएम आवास के लिए कई बार मुखिया से बोले, लेकिन नहीं दिया गया। तब हम लोग पानी टंकी के पीछे झोपड़ी लगाकर वहीं रह कर गुजारा करते थे। झोपड़पट्टी मकान गिर जाने से कई सामान, खाद्य सामग्री भी नष्ट हो गया।

जिला पर्यावरण समिति की बैठक

पर्यावरण संरक्षण की दिशा में पहल करने की आवश्यकता : डीसी

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। उपायुक्त नैन्सी सहाय की अध्यक्षता में ज़िला पर्यावरण समिति की बैठक हुई। बैठक में 7 अक्टूबर को दूधमटिया में प्रस्तावित पर्यावरण जागरूकता मेला वृक्ष रक्षा बंधन के आयोजन, अनुपयोगी एवं मानक रहित वाहनों के परिचालन से उत्पन्न प्रदूषण की रोकथाम, कचरा प्रदूषण एवं उससे उत्पन्न पर्यावरण समस्या, स्टोन क्रशर मशीन के अधिष्ठापन एवं खनन लीज हेतु झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पार्षद तथा वन विभाग से अनापत्ति प्राप्त करने की अनिवार्यता, अवैध स्टोन क्रशर एवं खनन लीज की सूची उपलब्ध कराने, शहर में संचालित नर्सिंग होम से उत्सर्जित कचरा प्रबंधन सीसीएल एवं अन्य औद्योगिक प्रतिष्ठानों द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु किए गए उपायों, सार्वजनिक स्थलों पर मूत्र विसर्जन की समस्या का निवारण, ध्वनि प्रदूषण निवारण, विद्यालयों में इको क्लब की स्थापना व गतिविधि करना, प्रदूषित वायु का सैंपल इकट्ठा करना, पॉलिथीन के उपयोग पर नियंत्रण, मूर्ति विसर्जन के लिए जलाशयों का चयन, कोयला, बालू, स्टोन डस्ट आदि निर्माण सामग्रियों के परिवहन एवं ढूलाई में मानक निदेशों का पालन के संबंध में चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त ने कहा पर्यावरण प्रदूषण से संबंधित विभिन्न तरह की समस्याओं से आम व खास लोगों के अलावा जीव जंतु सभी प्रभावित होते हैं इस समस्या से निजात पाने के लिए सभी अग्रणी विभाग व संस्थान को अपने स्तर से पर्यावरण संरक्षण की दिशा में पहल करने की आवश्यकता है। बड़कागांव क्षेत्र में परिवहन के दौरान वायु प्रदूषण के लिए खास रणनीति बनाकर उस पर कड़ाई से अनुपालन कराया जाएगा ताकि स्थानीय लोगों को कम से कम प्रभावित हो। कंपनियों को चेतावनी दी खनिज परिवहन वाहनों को मानक अनुरूप परिवहन के लिए चालको को जागरूक करने सहित संबंधित विभागों को अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा। खनन प्रभावित इलाकों में प्रदूषण स्तर मापक यंत्र लगाने व आम जनता को प्रदर्शित करने वाले डिस्प्ले बोर्ड लगाने को कहा गया। ईको क्लब के गठन व संचालन कर छात्रों के बीच जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के लिए शिक्षा विभाग को निर्देशित किया गया। नगर निगम को शहरी क्षेत्रों में व ग्रामीण इलाकों में भी संबंधित प्राधिकार को पर्यावरण संरक्षण में लोगों की भागीदारी करने के लिए प्रयास की करने की आवश्कता बताई ताकि परिणाम की धरातल पर महसूस की जा सके। राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल को प्रस्तावित सड़क परियोजना में सड़क किनारे वृक्षारोपण से संबंधित कार्ययोजना तैयार कर अमल में लाने के लिए निर्देशित किया। बैठक में उपायुक्त के अलावे वन प्रमंडल पदाधिकारी पश्चिमी, पूर्वी, वन्य प्राणी, जिला खनन पदाधिकारी, ज़िला परिवहन पदाधिकारी, प्रदूषण नियंत्रण परिषद के क्षेत्रीय पदाधिकारी, महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र कारखाना निरीक्षक सीसीएल के प्रतिनिधि एवं समिति के अन्य सदस्य गण उपस्थित थे।

डॉक्टर शाहदेव को स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति की मिली स्वीकृति

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। विनोबा भावे विश्वविद्यालय की अभिषद की 181 बैठक मंगलवार को कुलपति सम्मेलन कक्ष में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता कुलपति डॉ मुकुल नारायण देव ने की। कुलसचिव डॉ वीरेंद्र कुमार गुप्ता ने उपस्थित सदस्यों का स्वागत करते हुए सदन के पटल पर कार्यवृत्त को रखा। सदस्यों ने पूर्व में संपन्न हुए वित्त समिति की बैठक में लिए गए निर्णयों की संपुष्टि की। रामगढ़ कॉलेज के गणित विभाग के अध्यक्ष डॉ एलकेकेएन शाहदेव के आवेदन पर निर्णय लिया गया और उन्हें स्वैच्छिक सेवा देने की मंजूरी दी गई। मालूम हो कि डॉक्टर शाहदेव ने अपने स्वास्थ्य का हवाला देते हुए स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के लिए आवेदन दिया था। डॉ सुरेंद्र कुमार सिन्हा ने कॉलेजों में विदेशी भाषा पढ़ाए जाने का प्रस्ताव दिया जिस पर सर्वसम्मति से सहमति बनी कि पहले आधारभूत संरचना बहाल की जाएगी उसके बाद ही कोई निर्णय लिया जा सकेगा। इसके अलावा कई मुद्दों पर विमर्श किया गया। बैठक में डॉ अंबर खातून, डॉ मिथिलेश कुमार, डॉ विमल कुमार मिश्रा, डॉक्टर आरके द्विवेदी, डॉ सुरेंद्र सिन्हा, डॉक्टर जॉनी रूफीना, सुरेंद्र बरई उपस्थित थे।

ब्लॉक परिसर में लगी 6 फुट की बुद्ध की प्रतिमा लोगों के लिए बनी आकर्षण

गौतम पाल

कोडरमा (आाजद सिपाही)। लोगों के बीच शांति का संदेश स्थापित करने के उद्देश्य से नगर परिषद झुमरी तिलैया की ओर से प्रखंड परिसर स्थित चिल्ड्रन पार्क के निकट लगाए गए भगवान बुद्ध की वृतक मुद्रा की प्रतिमा लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। 6 फीट फाइबर ग्लास भगवान बुद्ध की इस प्रतिमा को साहिबगंज निवासी श्याम विश्वकर्मा ने बनाया है। श्री विश्वकर्मा ने बताया कि उन्होंने इस कला को दिल्ली यूनिवर्सिटी के फाइन आर्ट से पूरी की है।अब तक उन्होंने लगभग एक हजार विभिन्न कलाकृतियां बना चुके हैं। झारखंड के मुख्यमंत्री आवास सहित कई राज्यों के सर्किट हाउस सहित अन्य कई स्थानों पर फाइन आर्ट के द्वारा अलग-अलग तरह की कलाकृतियों का निर्माण किया है। उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र में युवाओं का क्रेज कम है जबकि यह क्षेत्र व्यवसायिक दृष्टि से काफी कुछ करने को है। उन्होंने छात्रों को यह कला अपनाने को कहा। वही इस संबंध में नगर परिषद प्रशासक विनीत कुमार ने बताया कि बुद्ध की इस प्रतिमा को लगाने के पीछे लोगों के बीच शांति का संदेश देने के साथ-साथ आसपास के इलाकों में स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का भी है। वही बुद्ध की इस प्रतिमा को तालाब परिसर मे लगाने से जहां वातावरण सुख शांति तो रहेगी ही आसपास का माहौल भी खूबसूरत होगा।

प्रदीप कुमार दुबारा बने प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष

बरकट्ठा (आजाद सिपाही)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार झारखंड में कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष का चयन किया गया। बरकट्ठा प्रखंड से प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप कुमार प्रसाद को दुबारा बनाया गया। प्रदीप कुमार प्रसाद का दुबारा प्रखंड अध्यक्ष बनने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बधाई दी। बधाई देने वालों में वरिष्ठ कांग्रेसी मणिलाल चौधरी, संतोष कुमार देव, डॉ प्रकाश कुमार, वीरेंद्र पांडे, गुरुदेव सिंह, इसराफिल अंसारी, समसूदीन अंसारी, सफीक अंसारी, फरीद अंसारी, भुनेश्वर रविदास, शंकर साव, उर्मिला देवी, गुड़िया देवी, मुनिया खातून, हेमराज प्रसाद, सफराज खान, लालजी रविदास, जमुना महतो, सरजू महतो ने मिलकर बधाई दी।

अमर सिंह बने स्क्रैप एनपीएस के कन्वेनर और फुल सोरेन को मिला महिला कमेटी का दायित्व

बरकाकाना (आजाद सिपाही)। ईसीआरकेयू बरकाकाना शाखा का त्रैवार्षिक अधिवेशन बरकाकाना शाखा परिसर में आयोजित की गई।अधिवेशन की अध्यक्षता पीके गांगुली व संचालन सचिव महेंद्र प्रसाद महतो ने किया।अधिवेशन में केन्द्रीय पर्यवेक्षक के रूप में ईसीआरकेयू के अपर महामंत्री मो ज्याऊद्दीन तथा केन्द्रीय कोषाध्यक्ष सह जोनल सेक्रेटरी ओ पी शर्मा उपस्थित रहे।मौके पर विशेष आमंत्रित अतिथि सहायक महामंत्री ओमप्रकाश ने सदन को संबोधित करते हुए एनपीएस की लड़ाई तेज करने का आह्वान किया। अधिवेशन में अमर कुमार सिंह ने एनपीएस के हानियों को तार्किक रूप से प्रस्तुत करते हुए नये युवा रेलकर्मियों को मान्यता प्राप्त संगठन ईसीआरकेयू के मंच पर आकर जोरदार तरीके से लड़ने के लिए कार्यक्रम बनाने और संघर्ष को जमीनी आधार पर लड़ने का आह्वान किया।मौके पर महिला प्रतिनिधि फुल कुमारी सोरेन ने अपने वक्तव्य में कहा कि महिलाओं को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए ईसीआरकेयू के मंच से आवाज उठाने के लिए आगे बढ़ कर एकजुट होना पड़ेगा।उपस्थित सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से अमर कुमार सिंह को स्क्रैप एनपीएस का कन्वेनर एवम फुल कुमारी सोरेन को महिला कमिटी के संचालन का दायित्व सौंपा गया।मौके पर रणधीर प्रसाद, डी के मौईत्रा, इरफान अंसारी, सुदामा पंडित, हलीम अंसारी, विकास कुमार, संजय कुमार, कमल किशोर, सकील अहमद, डी के नायक, ईश्वर कुमार, कमाल अशरफ, प्रणव किशोर, अनिल कुमार सिंह, भारत भूषण, अभय राज, रीना बारला, फूलो देवी, पुतुल देवी, रंजीत कुमार, सुरज कुमार, ए बी शरण, राजेश पंडित, मृत्युंजय रजक, अमलेश कुमार, गंगा बेदिया, संदीप शर्मा, अनिल राय, मुकेश लाल, सूरज कुमार, सुरेश प्रसाद सहित सैकड़ों रेलकर्मी मौजूद रहे।

पुस्तकों की ओर विद्यार्थियों व लोगों का रूझान बढ़ाना कार्यक्रम का मकसद : डॉ मुनीष गोविंद

आइसेक्ट विश्वविद्यालय की ओर से विश्व रंग के अंतर्गत शहर से गांव, कस्बों तक पुस्तक यात्रा का अनूठा आयोजन

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग की ओर से आयोजित विश्व रंग पुस्तक यात्रा हजारीबाग, चतरा, कोडरमा व गिरीडीह शहरों के साथ साथ कस्बों, गांवों से गुजरते हुए स्थानीय लोगों से पुस्तक संस्कृति से जुड़ने का आह्वान करेगी। दरअसल रविंद्र नाथ टैगोर विश्व कला एवं संस्कृति केंद्र तथा वनमाली सृजन पीठ की पहल पर शुरूआत की गई विश्वरंग पुस्तक यात्रा आगामी 22 सितंबर को मटवारी स्थित आईसेक्ट विश्वविद्यालय के सिटी कैंपस से सुबह 8:30 बजे पुस्तक यात्रा की शुरूआत होगी, जिसके बाद पुस्तक यात्रा की रैली निकाली जाएगी, जो शहर के विभिन्न चौक-चौराहों से गुजरते हुए वापस विश्वविद्यालय कैंपस में आकर समाप्त होगी। आगामी 30 सितंबर को स्थानीय नगर भवन में समापन समारोह आयोजित कर पुस्तक यात्रा का समापन किया जाएगा। उक्त बातें आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने तरबा-खरबा स्थित विश्वविद्यालय के मुख्य कैंपस सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान मीडियाकर्मियों से कही। उन्होंने कहा कि दरअसल यह विराट गतिविधि आजादी के अमृत महोत्सव एवं पुस्तक संस्कृति को समर्पित है तथा इसी दृष्टिकोण के साथ स्थानीय पाठकों व लेखकों को जोड़ने की उत्सवी पहल भी की जाएगी। इस रचनात्मक अभियान में सैकड़ों स्थानीय कला साहित्य संस्कृति के सहयोगी संस्थाओं का सहयोग भी प्राप्त हो रहा है। बृहद स्तर पर संयोजित हो रही इस विश्व पुस्तक यात्रा के परिप्रेक्ष्य में 9वीं से 12वीं तक के स्कूली और महाविद्यालय स्तर पर अध्ययन कर रहे छात्र-छात्राओं के लिए स्वरचित कविता पाठ, कहानी पाठ तथा चित्रकला प्रतियोगिताएं भी आयोजित होंगी। विजेता प्रतिभागियों को 30 सितंबर को समारोह में आमंत्रित कर पुरस्कृत किया जाएगा। वहीं कार्यक्रम समन्वयक विक्रांत भट्ट ने कहा कि पुस्तक यात्रा के दौरान दानदाताओं से पुस्तक संग्रहण का कार्य भी किया जाएगा और संग्रहित पुस्तकें जरूरतमंद शिक्षण संस्थानों को भेंट की जाएगी। यात्रा वाहन में उपलब्ध पुस्तकें विक्रय के लिए भी उपलब्ध रहेगी, जिन्हें पुस्तक प्रेमी विशेष रियायत दर पर खरीद सकेंगे। उन्होंने बताया कि विश्व रंग पुस्तक यात्राओं को लोक व्यापी बनाने के लिए कई बहुआयामी कार्यक्रम भी होंगे। इस दौरान ज्ञान विज्ञान तथा अन्य उपयोगी साहित्यिक किताबों, पोस्टरों आदि से सुसज्जित एक वाहन होगा, जो पुस्तक प्रेमियों के साथ रैली की शक्ल में विभिन्न गांवों, कस्बों से गुजरता निर्धारित स्थानों पर ठहरेगा। चयनित स्कूलों में इस विश्व पुस्तक यात्रा के तारतम्य में छात्र-छात्राएं, शिक्षकों तथा आमंत्रित लेखकों के बीच पुस्तकों की गौरवशाली परंपरा और आंचलिक सांस्कृतिक विरासत पर केंद्रित कार्यक्रम होंगे। स्थानीय और अन्य प्रतिष्ठित अतिथि लेखकों का रचना पाठ तथा विद्यार्थियों के बीच प्रश्नोत्तरी के रोचक आयोजन भी होंगे। बताते चलें कि पुस्तक यात्रा 22 सितंबर को हजारीबाग से प्रारंभ होकर झुमरा, विष्णुगढ़, बड़कागांव, इचाक, बरही, कटकमसांडी चतरा, गिरिडीह, राजधनवार भंडारों समेत अन्य जगहों का भ्रमण करते हुए 30 सितंबर को वापस हजारीबाग लौटेगी, जहां नगर भवन में समापन समारोह आयोजित कर विश्वरंग पुस्तक यात्रा का समापन किया जाएगा।

दिव्यांग संगठन ट्रस्ट बड़कागांव की कार्यकारिणी समिति और प्रखंड विकास समिति की बैठक

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय के पुराना ब्लॉक स्थित शिव मंदिर के प्रांगण में दिव्यांग संगठन ट्रस्ट बड़कागांव की कार्यकारिणी समिति व प्रखंड विकास समिति को लेकर बैठक की गई। इसकी अध्यक्षता प्रभावती देवी व संचालक लोकनाथ राणा ने किया।इस दौरान दिव्यांग संगठन ट्रस्ट की कार्यकारिणी समिति का चुनाव किया गया। जिसमें मोहम्मद साजिद, शांति देवी, अशोक प्रजापति, रंजीत कुमार, सचिव महतो गोपाल राणा, बिरजू कुमार, बालमुकुंद कुमार, कंचन कुमारी, होरिल प्रजापति, मुंशी महतो, महताब आलम, कंचन कुमारी, गंगाधर महतो, अनिल कुमार महतो, शेखर, गुलशन कुमारगोपाल राणा, शांति देवी, रंजीत कुमार, पार्वती देवी, जानकी साव हैं। मौके पर दिव्यांग संगठन ट्रस्ट के संयोजक रामेश्वर महतो, लोकनाथ राणा, मुकेश कुमार, प्रभावती देवी, विमला देवी, मोहम्मद साजिद, मुंशी महतो, बालेश्वर प्रजापति, मित्र लालसा, गोरी प्रजापति, शेखर कांत, मेहनाज गुड्डी मसीहा प्रतिमा देवी, बबलू साव, रंजीत कुमार आदि लोगों उपस्थित थे।

अंचल अधिकारी ने 14 और 20 सितंबर को डिग्री महाविद्यालय बनाने को लेकर नोटिस जारी किया

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। प्रखंड के नयाटाँड़ पंचायत के ग्राम भादुली पिपराडीह स्थित फुटबॉल खेल मैदान सह मेला टांड़ में अंचल अधिकारी द्वारा दिनांक 14 सितम्बर एवं 20 सितंबर को डिग्री महाविद्यालय बनाने को लेकर नोटिस जारी किया गया। जिसके विरोध में नयाटाँड़ पंचायत मुखिया एवं सरपंच के नेतृत्व में ग्राम भदुली पिपराडीह के ग्रामीणों ने इसका जोरदार विरोध किया। जिस कारण ग्रामीणों ने अंचल अधिकारी द्वारा जारी नोटिस का जोरदार विरोध किया विरोधकर्ता में मुखिया प्रतिनिधि अजीत महतो पंसस प्रभु राम, छेदी गोप जागेश्वर प्रजापति विगण प्रजापति, निर्मल प्रजापति, कोल्हा भुइयां सरजू भुइयां कितन भुइयां, महेश बैठा, बंधु प्रजापति, दुलारचंद प्रजापति, हसन इमाम, यशोदा देवी, दर्शन देवी, भागिया देवी, पार्वती देवी पुष्पा देवी, शिवानी देवी, मीना देवी बाबूलाल यादव, सोहन गोप एवं हजारों की संख्या में ग्राम के महिला एवं पुरुष मौजूद थे।

सीसीएल अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल मैचः जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम तापीन साउथ में हुआ शुभारंभ

चरही (आजाद सिपाही)। सीसीएल हजारीबाग एरिया चरही क्षेत्र के तापीन साउथ जवाहरात नेहरू स्टेडियम में चार दिवसीय अंतरराष्ट्रीय फुटबाल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य आतिथि सीसीएल जीएम निरज सिन्हा ने किक मारकर मैच का उद्घाटन किया। इस फुटबाल टूर्नामेंट में कुल पंद्रह टिमों ने भाग लिया झमाझम बारिश में भी दर्शकों ने जवाहरलाल स्टेडियम में खचाखच भरा रहे बहुत ही सुंदर तरीके से खिलाड़ियों ने अपना प्रदर्शन किया। इस दौरान सीसीएल जीएम निरज सिन्हा ने कहा कि खेल को खेल के नजरिये से खेलें और खेल से शरीर में विकास होता है फैनल मैंच 24 सितंबर को खेला जाएगा। इस क्रम में सीसीएल जीएम निरज सिन्हा, बरूण सर सीसीएल के अधिकारी गन समेत जनप्रतिनिधियों एंव सैंकड़ों दर्शकों ने उपस्थित हुए।

विधायक ने टीबी मुक्त भारत अभियान की जानकारी ली

कोडरमा (आजाद सिपाही)। कोडरमा विधायक डॉ. नीरा यादव ने सिविल सर्जन कार्यालय दौरा किया एवं भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान की जानकारी सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार एवं जिला यक्ष्मा पदाधिकारी कोडरमा डॉ. रमण कुमार से ली एवं उनके द्वारा छः माह के लिए कोडरमा प्रखण्ड के सभी उपचाररत टीबी रोगियों को पोषण संबंधी सहायता देने हेतु अपना पंजीकरण कराया। कोडरमा विधायक डॉ. नीरा यादव द्वारा बताया गया कि भारत सरकार द्वारा वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त करने के लक्ष्य में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान काफी सराहनीय कदम है, उक्त अभियान के तहत यक्ष्मा के उपचाररत मरीजो को पोषण सहयोग देने हेतु कॉर्पोरेट, निर्वाचित प्रतिनिधि, व्यक्तिगत संस्था, गैर सरकारी संगठन, राजनीतिक दल एवं निजी व्यक्ति निःक्षय मित्र बन कर मरीजों को पोषण सहायता का लाभ दे सकते है। उक्त अभियान के तहत यक्ष्मा के उपचाररत मरीजों को फूड बास्केट यथा- अनाज, दाल, खाद्य तेल, दूध का पाउडर व अन्य दिया जाना है।

मध्य विद्यालय बरियठ में पंचायत शिक्षा समिति का हुआ गठन

इचाक (आजाद सिपाही)। राजकीय मध्य विद्यालय बरियठ में पंचायत शिक्षा समिति के गठन से संबंधित एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सर्वसम्मति से उपस्थित सदस्यों ने बरियठ पंचायत की मुखिया निशु कुमारी को अध्यक्ष, पंचायत सचिव विजय कुमार सिंह को सचिव, पंचायत समिति सदस्य उर्मिला देवी को सदस्य, विद्यालय प्रबंधन समिति सदस्य विमला देवी को सदस्य, चंदवारा की वार्ड सदस्य सविता देवी एवं पार टांड की वार्ड सदस्य नीतू कुमारी को सदस्य के रूप में चयनित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष इंद्रदेव प्रसाद मेहता, राजेंद्र कुमार, गोविंद कुमार, अनिल कुमार, मिथिलेश कुमार, उप मुखिया प्रतिनिधि कैलाश मेहता, राजू, अभिषेक कुमार एवं विद्यालय के प्रधानाध्यापक राकेश रंजन उपस्थित थे।

विधायक ने किक मारकर किया फुटबॉल टूर्नामेंट का उदघाटन

टाटीझरिया (आजाद सिपाही)। टाटीझरिया प्रखंड के बेडमका में युवा क्लब बेडमका के बैनर तले फूटबॉल टुर्नामेंट का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन मंगलवार को बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव ने किया। उद्घाटन के अवसर पर विधायक ने कहा कि कोई भी खेल खेलने से उन सब खिलाड़ियों के प्रतिभा निखारने का मौका मिलता है। युवा खेल में अवश्य शामिल हो ताकि आपके खेल की रूचि के साथ प्रतिभा सामने आ सके। उद्घाटन मैच अमनारी और लश्करी के बीच खेला गया। मैच का उद्घाटन विधायक ने फीता काट कर एवं किक मारकर किया। उद्घाटन के मौके पर क्लब के अध्यक्ष शंकर शर्मा, राजेंद्र प्रसाद, श्री प्रसाद, रंजीत कुमार, विनोद महतो, केदार प्रसाद, रमेश यादव, प्रमोद सिंह, पप्पु कुमार, संतोष कुमार, सुरेश प्रसाद, राजकुमार सिंह, यमुना सिंह, बद्री साव, बासुदेव महतो, चिंतामन प्रसाद, मनीष यादव, चमन महतो समेत अन्य उपस्थित थे।

सहायक अध्यापक संघ की बैठक

सतगावां (आजाद सिपाही)। प्रखण्ड के ब्लॉक मैदान में सहायक अध्यापक संघ की बैठक प्रखण्ड अध्यक्ष विकेंद्र कुमार सिन्हा ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से परदेशी रजक को प्रखण्ड महासचिव बनाया गया एवं उन्हें अपने कर्तव्य के बारे में बताया गया। मालूम हो कि प्रखण्ड में टेट सफल संगठन बनने के उपरांत महासचिव का पद रिक्त हो गया था। सर्वसम्मति से सभी शिक्षक सर्टिफिकेट जांच में सहयोग करने की बात कही। सहायक अध्यापकों का आकलन परीक्षा की फॉर्म भरने की तिथि निर्धारित कर दी गई है जो 22 सितम्बर से 7 अक्टूबर तक निर्धारित है जिसको लेकर सभी शिक्षकों ने सरकार के प्रति आभार जताया। वहीं सभी अध्यापकों ने दुर्गा पूजा के पहले मानदेय देने की गुहार लगाई। बैठक का संचालन प्रणव मुरारी ने किया।मौके पर मनोज कुमार, जितेंद पांडेय, शम्भू हिमांशु, उपेंद्र नाथ शर्मा, कौशल किशोर राम, संजीव कुमार, परदेशी रजक, सुधीर शर्मा, नरेंद्र कुमार, रविन्द्र रजक, संतोष कुमार, राजीव रंजन, मुसाफिर राम, प्रमोद सिंह, उपेंद्र कुमार, सुनील राम, रुकसाना खातून, उषा कुमारी, अफरोजा खातून, असीर नूरी समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

कामता में चहल्लुम मेला, लाठी खेल प्रतियोगिता संपन्न

टंडवा (आजाद सिपाही)। चहल्लुम किमिटी कामता के सौजन्य से कामता मेला टांड़ में चहल्लुम मेला सह सद्भावना लाठी खेल प्रतियोगिता मंगलवार को संपन्न हो गया।लाठी खेल एव मेला का उद्घाटन मुख्य अतिथि श्रम नियोजन सह कौशल विकास मंत्री सत्यानंद भोक्ता,सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास समेत अन्य ने संयुक्त रूप से किया।मौके पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा की चहल्लुम, ईद बकरीद, मुहर्रम, दुगार्पूजा दीवाली मेला समाज में लोग एक दूसरे से जुड़ने का मौका मिलता है।उन्होंने सरकार द्वारा संचालित योजनाओ के बारे में जनता को रु बरु कराया।वही विधायक श्री दास ने चहल्लुम कमिटी सदस्यों को प्रंशशा किया।अगले वर्ष भी चहल्लुम मेला भव्य रूप से कराने का आश्वाशन दिया।खेल प्रतियोगिता में कमता, राहम, जैमरा, गरीकला, लोहरदगा, फतहा के टीमो ने भाग लिया।खिलाड़ियो को कमिटी द्वारा पुरूस्कृत किया गया। मेला में संगीत से सजाने कव्वाली के कलाकारों द्वारा देश भक्ति एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।मेला एव लाठी खेल प्रतियोगिता की अध्यक्षता मो.शहबाज आलम कमिटी अध्यक्ष,संचालन कमिटी सचिव रौशन अंसारी ने किया। मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में चतरा डीडीसी सुनील कुमार, सिमरिया एसडीओ सुधीर दास,सीओ विजय दास, बीडीओ रंथू महतो, थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर विजय सिंह,चतरा जिप अध्यक्ष ममता देवी, दक्षिणी जिप सदस्य नेहा तिर्की,उतरी जिप सदस्य देवंती देवी, मध्य जिप सदस्य सुबाष यादव, गारिलौंग मुखिया सबिदा खातुन,पूर्व मुखिया अक्षयवट पाण्डेय,आजसू नेता मनोज चंद्रा शामिल हुये। किमिटि उन सभी को माला एव बुके देकर स्वागत किया।इस मौके पर अजीज अंसारी,जया आलम, अमानत हुसैन, मनीर आलम, तैयब अंसारी, शैयद अंसारी, इरफान अंसारी, मो सन्नी, समेत सैकड़ो दर्शक उपस्तिथ थे।

मृतक पंचायत सेवक रामजी महतो के परिजनों को बीडीओ ने सहयोग राशि दी

रजरप्पा (आजाद सिपाही)। रामगढ़ प्रखंड अंतर्गत दोहा कतर पंचायत में कार्यरत प्रखंड के पंचायत सेवक रामजी महतो का 19 सितंबर रात में कोठार के समीप सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी पंचायत सेवक रामगढ़ प्रखंड का कर्मचारी था और वह प्रखंड से छुट्टी मिलने के पश्चात अपने घर कुंदरूकला जा रहा था इसीक्रम में साइकिल से टक्कर हो जाने के कारण दो पहिया वाहन से जा रहे पंचायत सेवक सड़क पर गिर गए जिससे मौके पर घटनास्थल पर ही उनकी मृत्यु हो गई बताया गया कि देर रात लगभग 9:00 बजे अपने प्रखंड से काम करने के बाद अपने आवास जा रहे थे इसी क्रम में सड़क दुर्घटना में उसकी मौत हुई। 20 सितंबर को रामगढ़ प्रखंड विकास पदाधिकारी सुश्री एनी रिंकू कुजूर, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी कृपाल कश्यप, कृषि पदाधिकारी विनीता सिंह, एवं प्रखंड कार्यालय सहायक लालेश्वर करमाली पंचायत सेवक ब्रह्मानंद पाठक आदि लोगों ने मृतक के पैतृक आवास कुंदरू कला पहुंचकर परिजनों से मिले एवं मृतक के धर्मपत्नी शीला देवी से मुलाकात कर उन्हें ढाढस बंधाया और सरकार की ओर से मिलने वाली सारी सुविधाएं देने की बातें अधिकारी ने कही प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रीमती कुजुर ने परिजनों को आश्वासन देते हुए बताया कि नियम संगत कार्य किया जाएगा एवं उसके उत्तराधिकारी को कुछ ही दिनों में कागजी प्रक्रिया पूरी होने के बाद नौकरी देने का काम किया जाएगा।

अलग-अलग मामले में दो को भेजा जेल

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। रामगढ़ थाना पुलिस ने दो अलग-अलग मामले में फरार वारंटी को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दी। रामगढ़ थाना कांड संख्या 361/18 धारा 420/467/468/471/120(बी) के प्राथमिकी अभियुक्त सेवटा मरार निवासी संजय कुमार साह पिता स्व लक्ष्मण साह एवं सिरका चुना भट्ठा निवासी गैर जमानती वारंटी डब्लू साव पिता राजेंद्र साव को गिरफ्तार कर जेल भेज दी।

रामगढ़ कॉलेज बचाओ समिति की बैठक जिला प्रशासन को आंदोलन की चेतावनी

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। रामगढ़ महाविद्यालय में मंगलवार को रामगढ़ कॉलेज बचाओ समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता राजेश ठाकुर ने किया। इस दौरान बैठक में मुख्य रूप से रामगढ़ कॉलेज की जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व प्रदेश संयोजक राजेश ठाकुर ने बताया कि रामगढ़ जिला का एकमात्र सरकारी कॉलेज रामगढ़ महाविद्यालय है और रामगढ़ कॉलेज की जमीन को अतिक्रमण किया जा रहा है। पूर्व में भी रामगढ़ कॉलेज की जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने को लेकर रामगढ़ कॉलेज की छात्र छात्राओं, और शिक्षक शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों सहित समाज के लोगों ने आंदोलन किए थे। श्री ठाकुर ने बताया कि रामगढ़ कॉलेज की मुख्य द्वार से लेकर जमीन का अतिक्रमण किया जा रहा है। जबकि रामगढ़ कॉलेज के द्वारा जिला प्रशासन को लिखित शिकायत किया गया है, बावजूद पहल नहीं की जा रही है। अगर इस और पहल में की जाती है तो छात्र-छात्राओं को द्वारा एक बड़ा आंदोलन की रणनीति तैयार की जाएगी। जिसकी सारी जवाब देही जिला प्रशासन की होगी। बैठक में अभाविप एसएफडी के प्रदेश संयोजक गौतम महतो, आदिवासी छात्र संघ के विनोवा भावे विश्वविद्यालय संयोजक रमेश करमाली, शशि करमाली, राजन करमाली, प्रमोद मुंडा, अनिकेत कुमार, सुभाष कुमार, प्रभाकर कुमार, संजय कुमार, मनीष कुमार, नकुल महतो, पूजा कुमारी, मनीष करमाली, धनंजय कुमार, गगन कुमार आदि उपस्थित थे।

नक्सलियों का खात्मा करके ही पुलिस दम लेगी : एसपी

चतरा (आजाद सिपाही)। लातेहार और चतरा में दो दिन पूर्व भाकपा माओवादी नक्सलियों के साथ सुरक्षाबलों की हुई भीषण मुठभेड़ के बाद धीरे-धीरे नक्सलियों की मुसीबत और बढ़ती जा रही है। मुठभेड़ के दौरान जाबांज व चुस्त-दुरुस्त सुरक्षाबलों से करारी शिकस्त मिलने के बाद भले ही नक्सली जंगल का लाभ उठाकर भाग निकले हो। बावजूद झारखंड-बिहार सीमा पर उनके बढ़ते गतिविधि से हरकत में आई पुलिस अब झारखंड और बिहार में नक्सल विरोधी अभियान और तेज करने जा रही है। पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर चतरा में चतरा और बिहार के गया जिले के पुलिस अधिकारियों की इंटर स्टेट हाई लेवल क्राइम मीटिंग हुई। इस बैठक में चतरा और गया जिले के सीमावर्ती थाना क्षेत्रों के डीएसपी, इंस्पेक्टर व थाना प्रभारी समेत नक्सल अभियान से जुड़े सुरक्षा अधिकारी मौजूद रहे। मंगलवार को चतरा परिसदन भवन में एसपी राकेश रंजन के नेतृत्व में करीब चार घंटों तक चली इस मैराथन हाई लेवल मीटिंग में नक्सलियों, अपराधियों, माफियाओं और तस्करों के विरुद्ध इंटरस्टेट संयुक्त अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। अभियान की सफलता को लेकर चतरा एसपी ने दोनों राज्यों के पुलिस पदाधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित कर इंटर स्टेट क्राइम कंट्रोल की दिशा में कठोर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि नक्सलियों का खात्मा करके ही पुलिस दम लेगी। झारखंड और बिहार पुलिस मिलकर संयुक्त इंटरस्टेट क्राईम कंट्रोल अभियान जल्द लांच करेगी। उन्होंने समाज के विकास में बाधक बन चुके नक्सलियों को चेताते हुए कहा कि आत्मसमर्पण नीति का लाभ उठाकर वे सरेंडर कर दें, वरना उनका न तो भविष्य बचा है और ना ही उनके समक्ष कोई और विकल्प। अगर वे सरेंडर नहीं करते हैं तो पुलिस उनसे सख्ती से निबटेगी। एसपी ने बताया कि बैठक के दौरान चतरा और बिहार के गया जिला की पुलिस संयुक्त रूप से समन्वय स्थापित कर नक्सलियों के अलावे अंतर्राज्यीय गिरोह के अपराधियों, तस्करों और माफियाओं पर भी नकेल कसेगी। ताकि समाज में शांति व्यवस्था कायम करते हुए अपराध मुक्त समाज की परिकल्पना सुनिश्चित की जा सके। बैठक में एसडीपीओ अविनाश कुमार, डीएसपी केदारनाथ राम समेत जिला भर के इंस्पेक्टर समेत अधिकारी मौजूद थे।

लड़कियां खेल में लें रुचि, करेंगे हरसंभव मदद : चंद्रप्रकाश

रजरप्पा (आजाद सिपाही)। रूपा रानी तिर्की लॉन बॉल्स बर्मिंघम मे आयोजित कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 का स्वागत सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी व सुनिता चौधरी ने बिरसा मुंडा की प्रतीक चिन्ह, अंगवस्त्र, सम्मान पत्र एवं बुके देकर सम्मानित की किया।झारखंड राज्य की बेटी एवं रामगढ़ जिला में खेल पदाधिकारी के रूप में पदस्थापित रूपा रानी तिर्की ने भारत देश को लॉन बॉल्स गेम मैं प्रथम गोल्ड मेडल दिलाकर इतिहास रचने का जो काम किया है,जितनी भी तारीफ की जाए वह कम है ! मैं राज्य सरकार से मांग करता हूं कि रूपा रानी तिर्की को अर्जुन अवार्ड से इनको सम्मानित किया जाए एवं गोल्ड मेडल प्राप्त खिलाड़ियों की प्रोत्साहन राशि में बढ़ोतरी कर राशि 1 करोड़किया जाए, तभी गोल्ड मेडल प्राप्त खिलाड़ियों को उचित सम्मान और देश का सम्मान होगा तभी जाकर खिलाडियों का मनोबल बढ़ेगी और साथ ही कहा कि अन्य राज्यों की तुलना में झारखंड राज्य की खिलाड़ियों के लिए प्रोत्साहन राशि काफी कम है इस पर राज्य सरकार को पहल करनी चाहिए मौके पर समाजसेवी सुनिता चौधरी ने कहा एक ओर झारखंड राज्य की बेटी जो पूरे विश्व में झारखंड राज्य का नाम रोशन कर रही है, वहीं झारखंड में आए दिन बेटियों के साथ कुछ ना कुछ भयावह दर्दनाक घटना, बलात्कार, तेजाब छिड़कना, पेट्रोल डालकर जिंदा जलाने की कोशिश समय-समय पर घटनाओं को अंजाम लगातार अपराधियों के द्वारा दी जा रही है, झारखंड सरकार मुक दर्शक बनकर देख रही है जिससे अपराधियों का मनोबल बढ़ रहा है और अपराधी बेखोफ ऐसी घटना को अंजाम देते जा रहे हैं ! मौके पर जिला परिषद सदस्य धनेश्वर महतो ने कहा कि लड़कियों को भी रूपा रानी तिर्की से प्रेरणा लेकर खेल में रुचि दिखाते हुए आगे आना चाहिए, आजसू पार्टी हर संभव मदद करने के लिए तैयार है स्वागत करने वालों में मुख्य रूप से माननीय सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी गिरिडीह लोकसभा, समाजसेवी सुनिता चौधरी रामगढ़ विधानसभा, धनेश्वर महतो जिला परिषद सदस्य रामगढ़ सदर, मुखिया किसुन राम मुंडा कुंदरू कला, जिला उपाध्यक्ष संजय बनारसी, रामगढ़ नगर सचिव नीरज मंडल मौजूद थे !

लड्डू गोपाल सजाओ और फौजी तंबोला प्रतियोगिता का आयोजन

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। शहर के चड्डी बाजार स्थित श्री मारवाड़ी धर्मशाला में अग्रवाल समाज रामगढ़ कैंट के तत्वधान में आयोजित नौ दिवसीय श्री श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव के तीसरे दिन लड्डू गोपाल के प्रारूप को सजाओं और हौजी तंबोला का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में समाज बच्चों और महिलाओं ने लिया भाग लिया। वही, बच्चों व महिलाओं ने लड्डू गोपाल को सुंदर तरीके से बनाकर प्रतियोगिता के जजों के सामने प्रस्तुत किया। जबकि, हौजी तंबोला का भी खेल खेला गया। लड्डू गोपाल के प्रारूप को सजाओं प्रतियोगिता में 21 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिसकी संयोजिका पिंकी गोयल और पिंकी अग्रवाल एवं हौजी तंबोला में 99 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिसकी, संयोजिका सुधा गोयल और संजना अग्रवाल थी। इस दौरान समाज के प्रबुद्ध लोगों ने बच्चों का हौसला अफजाई किया।

ये थे उपस्थित

अध्यक्ष नानू राम गोयल, उपाध्यक्ष विनोद कुमार, मंत्री शंकर लाल अग्रवाल, संयुक्त मंत्री नरेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष विकाश साहा, भंडारी अनिल सुरेका, जयंती संयोजक पंकज बेरलिया, नरेश अग्रवाल, बजरंग अग्रवाल, अरुण गोयल, इन्द्र अग्रवाल, निधि मोदी, संयोजिका में आशा चौधरी, बॉबी गोयल, पिंकी गोयल, प्रिया अग्रवाल, पिंकी अग्रवाल, रमा अग्रवाल, रीता अग्रवाल, संगीता अग्रवाल, सुधा गोयल, सुमन गोयल, संजना अग्रवाल, सिंपल बेरलिया आदि उपस्थित थी।

आम बागवानी कर आत्मनिर्भर बन सकते हैं किसान : मुखिया

चितरपुर (आजाद सिपाही)। बोरोविंग पंचायत स्थित मुरुबंदा में मनरेगा योजना अंतर्गत बबीता देवी पति महेंद्र ओहदार के जमीन में आम बागवानी योजना का शुभारंभ किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से मौजूद मुखिया बसंती देवी, बीपीओ कामाख्या प्रसाद द्वारा पौधारोपण कर योजना का शुभारंभ किया। मौके पर मुखिया ने कहा कि आम बागवानी योजना का लाभ लेकर किसान आत्मनिर्भर बन सकते हैं। इसलिए सभी किसान इस योजना का लाभ ले और आत्मनिर्भर बने। इससे पूर्व मुखिया के यहां पहुंचने पर उनका स्वागत बुके देकर किया गया। मौके पर समाजसेवी चित्रगुप्त महतो, चंद्रदेव महतो, पंचायत सेवक सुमित सिन्हा, रोजगार सेवक दीपक गुप्ता, मेट गुड़िया देवी एवं कई मनरेगा मजदूर मौजूद थे।

बिरहोर परिवारों को आत्मनिर्भर बनाने को दिया जा रहा प्रशिक्षण

चतरा (आजाद सिपाही)। उपायुक्त अबु इमरान के निर्देश पर जिले के प्रतापपुर प्रखंड क्षेत्र के सिदकी पंचायत के सुदूरवर्ती क्षेत्र बैगा बिरहोर आदिम जनजातियों के लिए चर्चित स्थल हिन्दिया कला में 34 बिरहोर ग्रामीण महिला एवं पुरुष को बैंक ऑफ इंडिया के आरसेटी संस्था के द्वारा बांस एवं बेंत क्राफ्ट मेकिंग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बीते 14 से 19 तारीख से हार्ड स्किल प्रशिक्षण दिया जा रहा है। हार्ड स्किल का प्रशिक्षण ट्रेनर मदन मांझी के द्वारा दिया जा रहा है। जो कि हार्ड स्किल ट्रेनिंग 9 दिनों तक दी जानी है। हार्ड स्किल ट्रेनिंग के तहत बांस एवं बेंत से बनने वाले विभिन्न सामग्री जैसे टोकरी, पेन स्टैंड, लैम्प, सजाने के विभिन्न समान, कुर्सी, आदि से संबंधित प्रशिक्षण दी जा रही है। मंगलवार को प्रशिक्षणार्थियों को साक्षरता जागरूकता कार्यक्रम के तहत वित्तीय साक्षरता परामर्शदाता (एफएलसी) मृणाल कांति दास द्वारा बीमा, माइक्रो फाइनेंस, सुकन्या योजना, अटल पेंशन, इत्यादि से संबंधित मुद्रा लॉन हेतु सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण दी जा रही है। जिससे प्रशिक्षणार्थी ट्रेनिंग के पश्चात बैंक से मुद्रा लोन लेकर अपने व्यापार को आगे की ओर ले जा सकेंगे। बैंक ऑफ इंडिया आरसेटी संस्था के द्वारा बताया गया कि सॉफ्ट स्किल के अंतर्गत स्वरोजगार को बढ़ाने हेतु दक्षता के गुण,समय प्रबंधन, प्रभाव शाली वातार्लाप एवं टावर बिल्डिंग के खेल के माध्यम से आत्म विश्वास के साथ साथ दूसरे के ऊपर निर्भरता को कम करने को लेकर जानकारी दी गई।

जुबिली कॉलेज में सेमेस्टर वन इंडक्शन मीट कार्यक्रम का हुआ आयोजन

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। रिभर साईड स्थित जुबिली कॉलेज के भवन संख्या-2 में मंगलवार को सेमेस्टर वन इडक्शन मीट कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नई शिक्षा नीति 2020 पर विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर वनस्पति विभागध्यक्ष डॉ एके सिंह झा ने बताया कि अब विद्यार्थियों को अध्ययन के साथ व्यवहारिक एंव व्यवसायिक अध्ययन करना अनिवार्य है। उच्च शिक्षा के लिए कठिन मेहनत करना पड़ेगा। सह परीक्षा नियंत्रक डॉ. अरूण कुमार सिंह ने परीक्षा संबंधी मुख्य बातों को विद्यार्थियों के बीच रखा। समाजशास्त्र की विभागध्यक्ष विभा राय ने अपने विषय की जानकारी दी। कार्यक्रम को डॉ अरूण कुमार सिंह, प्रो टीके झा, विभा राय, प्रो. देव प्रकाश कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो अर्जून कुमार मिश्रा व डॉ. बी रविदास आदि ने भी नई शिक्षा नीति पर विस्तार से जानकारी दी। बताया गया कि अब विद्यार्थियों का एनएसएस में जुड़ना अनिवार्य है वह कोर्स में आ गया है। साथ ही बताया गया कि दर्शनषास्त्र सभी संकायों का विषय बन गया है। अध्यक्षीय भाषण में डॉ. महेंद्र पांडेय ने कहा कि आज के युवा देश के भविष्य हैं, नई नीति के साथ चलकर अपना भविष्य उज्जवल करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य डॉ महेन्द्र पांडेय और संचालन प्रो राजेश कुमार ने किया। मौके पर डॉ. बनमुकुंद सिंह, प्रो. बाल कृष्णा, प्रो. एसके तिवारी, डॉ. मिथिलेश कुमार सिंह, प्रो. मनोज प्रसाद, शनी, दीपक, गायत्री, भूषण शर्मा सहित दर्जनों अभिभावक व छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा का कुजू में जन संवाद कार्यक्रम

विकास कार्यों को धरातल पर उतारने में आपकी भूमिका अहम : जयंत सिन्हा

कुजू (आजाद सिपाही)। कुजू पूर्वी पंचायत सचिवालय भवन में मंगलवार को जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान कुजू पूर्वी, पश्चिमी एवं दक्षिणी पंचायत के नागरिकों ने अपने - अपने क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं को सांसद के समक्ष रखा। जिनमें प्रमुख रूप से कुजू पूर्वी पंचायत मुखिया प्रतिनिधि अशोक कुमार ने पंचायत के चरण पहाड़ी स्थित प्रसिद्ध पर्यटन स्थल व श्री चैतन्य महाप्रभु मंदिर तक पहुंच पथ का निर्माण, मुरपा छठ घाट एवं श्मशान घाट पर शेड निर्माण सहित मुरपा एवं शिबू टोला के बीच स्थित नाले पर पुलिया एवं सड़क निर्माण की मांग रखी। वहीं, कुजू पश्चिमी पंचायत स्थित कुजू रेलवे साइडिंग में हो रहे भयंकर प्रदूषण से आम लोगों को राहत दिलाने, कुजू चौक सहित अन्य चौक चौराहों पर सार्वजनिक शौचालय निर्माण, मुरपा स्थित नवनिर्मित अस्पताल को अविलंब शुरू करने सहित कुजू पुराना बाजार टांड़ के सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की गई। ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए सभी मांगों पर सांसद ने गंभीरता पूर्वक विचार करते हुए सभी मांगों को यथाशीघ्र पूरा करने की दिशा में सकारात्मक पहल किए जाने की बात कही। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि किसी भी विकास कार्य को धरातल पर उतारने में वहां के ग्रामीणों की भूमिका बेहद अहम होती है। आप सबों की सतर्कता एवं सहयोग से ही विकास कार्यों को अंजाम तक पहुंचाया जा सकेगा। मौके पर कुजू पूर्वी पंचायत मुखिया ललिता देवी, भाजपा रामगढ़ जिलाध्यक्ष प्रवीन मेहता, रंजीत सिन्हा, तोकेश सिंह, मनोहर गुप्ता, महेंद्र प्रजापति, नीरज झा, विवेक गुप्ता, रतन प्रसाद साहू, रवि साहू, गणेश सोनी, उमेश चंद्र पटेल, प्रकाश केसरी, सुखदेव सोनी, आशीष साहू, पंचित महतो, रमेश चंद्र पटेल, महेश महतो, संयोगिता देवी, पारो देवी, राजलक्ष्मी देवी, फुलेश्वर साव सहित काफी संख्या में तीनों पंचायतों से आए ग्रामीण महिला पुरुष मौजूद थे।

जेएसपी फाउंडेशन और जिला स्वास्थ्य समिति ने प्रधानमंत्री निक्षय पोषण योजना का किया शुभारंभ

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। जेएसपी फाउंडेशन और जिला स्वास्थ्य समिति, रामगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में मंगलवार को उप विकास आयुक्त रामगढ़ के सभागार में प्रधानमंत्री निक्षय पोषण योजना का शुभारंभ हुआ। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत प्रधानमंत्री निक्षय पोषण योजना का शुभारंभ रामगढ़ जिला के उप विकास आयुक्त नागेंद्र कुमार सिन्हा द्वारा सीएसआर के नोडल पदाधिकारी विशाल कुमार, सिविल सर्जन-रामगढ़ श्री प्रभात कुमार ने एसीएमओ डॉक्टर महालक्ष्मी, डीपीएमन एचएम डॉक्टर देवेंद्र भूषण श्रीवास्तव, डीएमएफ टीसे पंकज कुमार, जिला क्षय पदाधिकारी डॉ. स्वराज और जेएसपी. पतरातू के प्रबंधक अनुराग सिंह के मौजूदगी में टीबी मरीजों को पोषक खाद्य पदार्थ प्रदान कर किया गया। कहा गया की पोषण संबंधी सहायता के अभाव में टीबी के कुपोषित रोगी बिगड़ती बीमारी और अल्पपोषण के दुष्चक्र में फंस जाते हैं, जो हानिकारक और मृत्यु का कारण भी हो सकता है। कहा गया कि साक्ष्य बताते हैं कि पोषण संबंधी हस्तक्षेप से टीबी के रोगियों में बेहतर परिणाम देखने को मिलता है, जैसे मृत्यु दर में कमी, वजन और शरीर की संरचना में सुधार, थूक का जल्दी रूपांतरण, प्रमुख दवाओं के बेहतर फामाकीकाइनेटिक्स आदि शामिल हैं। प्रधानमंत्री निक्षय पोषण योजना के तहत पतरातू ब्लॉक के सभी टीबी मरीजों को मासिक पोषक खाद्य पदार्थ प्रदान करने की जिम्मेदारी जिंदल स्टील एवं पॉवर कंपनी के जेएसपी फाउंडेशन ने अपने सामाजिक दायित्व के तहत उठाया है। बताया गया की पतरातू ब्लॉक में लगभग 200 टीबी मरीज इलाजरत है जिन्हें जेएसपी फाउंडेशन के द्वारा हर माह पुरे एक साल तक पोषक खाद्य पदार्थ प्रदान किया जाएगा। मौके पर रबिन्द्र कुमार, आशीष आइंद, जेएसपी पतरातू से बीरबल बेदिया और कई जिला एवं ब्लॉक अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

सीसीएल सुरक्षा विभाग ने भुरकुंडा बाजार में अतिक्रमण कर बनी दुकानों का किया सर्वे

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। सीसीएल बरका-सयाल प्रबंधन के निर्देश पर भुरकुंडा बाजार में कंपनी की खाली पड़ी जमीन पर पक्का दुकान मकान बनाकर रहने वाले दुकानदारो का मंगलवार को सुरक्षा विभाग ने सर्वे किया गया। इस दौरान सुरक्षा विभाग के लोगो ने दुकानदारो से दुकान का नाम और जमीन पर अतिक्रमण करने व दुकान बनाने वाले का नाम रजिस्टर से चढाया। सर्वे के दौरान सुरक्षा विभाग के लोगो ने बताया कि सीसीएल सीएमडी और बरका-सयाल महाप्रबंधक के निर्देश पर सर्वे का काम किया जा रहा है। सर्वे के बाद अतिक्रमण कर दुकान बनाने वालों की सूची सीएमडी को भेजी जायेगी। इससे पूर्व बरका-सयाल सम्पदा पदाधिकारी द्वारा अतिक्रमण कर दुकान बनाने वाले लोगो को नोटिस देकर अपना पक्ष रखने का समय दिया जायेगा। ज्ञात हो कि पिछले अगस्त माह में करीब 88 दुकानदारो को बरका-सयाल महाप्रबंधक द्वारा नोटिस जारी कर 8 सितंबर को अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया था। लेकिन भुरकुंडा बाजार के दुकानदारो ने सीसीएल की जमीन पर अतिक्रमण कर दुकान बनाने की बात को नकारते हुए दर्जनों की संख्या में बरका-सयाल महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष 8 सितंबर को प्रदर्शन किया था। जहां नेताओं ने दुकानदारो को आश्वासन दिया था कि किसी भी किमत पर मुकान व दुकान को उजड़ने नहीं देंगे। साथ ही नोटिस को लेकर सीसीएल के सीएमडी से बात होने का आश्वासन दिया गया था। लेकिन भुरकुंडा बाजार में नेताओं के आश्वासन का प्रबंधन पर कोई असर होता नहीं दिख रहा है। जिससे दुकानदारो में अतिक्रमण का भय सताने लगा है। साथ ही लोगों में हड़कंप मचा हुआ है।

ओएचइ में रेलवे ने किया काम, करीब आधे घंटे तक बंद रहा रेलवे गेट

पतरातू (आजाद सिपाही)। पतरातू स्थित रेलवे गेट मंगलवार को करीब आधे घंटे तक बंद रही। बताया जाता है कि दो तीन दिन पहले ओएचई में खराबी आ गई थी। उसको ठीक करने क लिए मंगलवार को रेलवे कर्मचारी बरकाकाना से आए और काम शुरू किया। इस समय करीब आधे घंटे तक रेलवे गेट को बंद रखा गया। इससे इस सड़क पर आवाजाही करने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। इस सम्बन्ध में वाई कार्यालय के अधिकारी कृष्णा ने बताया कि आएचई का काम तो किया जा रहा था। पर इसके लिए रेलवे गेट को बंद नहीं रखा गया था।

शिक्षा जागरण मंच ने प्रतिभा सम्मान समारोह का किया आयोजन

पतरातू (आजाद सिपाही)। पतरातू प्रखंड में मंगलवार को कई स्कुलों में शिक्षा जागण मंच के द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी मनोरंजन पाण्डेय शामिल थे। इस समारोह के तहत मध्य विद्यालय सोलेया, एसएस प्लस टू हाई स्कुल, उत्क्रमित उच्च विद्यालय डाड़ीडीह आदि स्कुलां में वैसे बच्चों को सम्मानित किया जो 2022 में मैट्रीक व ईंटरमिडीएट में अव्वल अंक लाकर अपने स्कुल का नाम रोशन किए हैं। इस मौके पर बेहतर शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। इस मोके पर जागरण मंच के रामेश्वर गोप सहित सभी विद्यालयों के शिक्षक शामिल थे।

कस्तूरबा विद्यालय में मनाया गया पोषण माह

पतरातू (आजाद सिपाही)। पतरातू प्रखंड बाल विकास परियोजना कार्यालय के द्वारा मंगलवार को पतरातू स्थित कस्तुरबा बालिका आवासीय विद्यालय परिसर में पोषण माह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें स्कुली बच्चियों को पोषण का अर्थ व इसका जीवन में महत्व पर विशेष प्रकाश डाला गया। इसके साथ ही बच्चियों का हिमोग्लोबिन जांच भी करवाया गया। इस मौके पर सीडीओ ग्लोरिया एक्मका ने कहा कि इस पोषण माह कार्यक्रम को कुपोषण मुक्त पोषण माह की तरह मनाया जा रहा हैं।इसके साथ बच्चियों को याग भी सिखाया गया। इसके साथ ही क्विज प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। मौके पर महिला पर्यवेक्षिका शिखा भरद्वाज, आयशा खतुन, किर्ती सरीता मिंज, वार्डेन सबिता कुमारी, सीमा देवी, सहित अन्य सैकड़ो स्कुली बच्चियां शामिल थीं।

राजस्व कर्मचारी गये हड़ताल पर

पतरातू (आजाद सिपाही)। पतरातू अंचल के राजस्व कर्मचारी मंगलवार से हड़ताल पर चले गए हैं। इसकी लिखित सूचना कर्मवारियों ने सीओ पतरातू को दे दी है। यह हड़ताल अनिश्चितकालीन बताई जा रही है। कर्मचारियों के हड़ताल से राजस्व सम्बन्धि सभी काम बंद हो जाएंगे और इससे आम आवाम को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। यही नहीं इस हड़ताल से सरकार को भी राजस्व का भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। ज्ञात हो कि पतरातू अंचल में चार राजस्व कर्मचारी हैं। और इन्हीं के माध्यम से अंचल के 9 हल्का काम देखा जा रहा है।

सेवा पखवाड़ा अंतर्गत धनगडा में टीवी मुक्त राष्ट्र शिविर आयोजित

टंडवा (आजाद सिपाही)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम में टीवी मुक्त राष्ट्र शिविर का आयोजन धनगडा में किया गया। शिविर का शुभारंभ टंडवा सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय, विधायक प्रतिनिधि शशि चौरसिया, भाजपा मंडल अध्यक्ष गोविंद तिवारी और विधायक प्रतिनिधि विद्युत विभाग रंजीत गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में एनटीपीसी का चलंत एम्बुलेंस मौजूद था। जहां अनुभवी डॉक्टर, नर्स के देख रेख में जांच किया गया। शिविर में 124 लोगों का जांच किया गया, जांचोपरांत दवा भी दिया गया। शिविर में पहुंचकर लोग जांच एव दवा लेकर संतुष्ट दिखे।इस मौके पर भाजपा मंडल महामंत्री संजीव कुमार पांडेय, भाजपा मंडल कोषाध्यक्ष शिव प्रसाद गुप्ता, भाजपा वरिष्ठ नेता भागवत प्रसाद गुप्ता, उदय कुमार पांडेय, कबरा पंचायत संयोजक धनंजय कुमार पांडेय, लखन पाल, बदरूद्दीन, अनिमा कुमारी व अन्य उपस्थित थे।

भारत बनेगा शांतिदूत !

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पुतिन से जो बात कही, वह भारत का बदला हुआ रुख नहीं है, 'यह युद्ध का युग नहीं है', प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शंघाई को-ऑपरेशन समिट के दौरान रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से यह बात कही। इस पर कई जानकारों का मत है कि रूस से जो कहा जाना चाहिए, वह भारत ने आखिरकार कह ही दिया। संयुक्त राष्ट्र संघ में हाल में भारत का जो रुख रहा है, उससे भी इस विश्लेषण को आधार मिलता है। संयुक्त राष्ट्र की बैठकों को संबोधित करने को लेकर भारत ने दो बार यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के हक में वोट डाले। लेकिन क्या जानकारों का यह मत सही है? सच पूछिए तो मोदी ने जो बात कही, इस विश्लेषण में उसका पूरा सच शामिल नहीं है। यूक्रेन युद्ध को लेकर भारत का जो रुख रहा है और भारत जो कर सकता है, इसमें उसका भी पूरा अक्स नहीं दिखता। पहली बात तो यह है कि यूक्रेन युद्ध की शुरुआत से ही मोदी हिंसा रोकने की अपील कर रहे हैं। दूसरी बात यह है कि प्रधानमंत्री और सरकार के दूसरे उच्चाधिकारी लगातार यह कहते आये हैं कि इस भू-राजनीतिक संकट में हम वही करेंगे, जो राष्ट्रहित में होगा। यही वजह है कि भारत ने शांति और बातचीत की वकालत तो की, लेकिन वह पश्चिमी देशों के रूस पर लगाए आर्थिक प्रतिबंधों से दूर रहा। यह सही फैसला था, क्योंकि यूरोप ने भी रूस से तेल और गैस खरीदना बंद नहीं किया और इसे आर्थिक प्रतिबंधों से अलग रखा। इसलिए जब मोदी, पुतिन से कहते हैं कि यह युद्ध का युग नहीं है तो वह भारत के रुख में बदलाव नहीं ला रहे, बल्कि वह बता रहे हैं कि युद्ध की बड़ी कीमत चुकानी पड़ती है, इसलिए शांति जरूरी है। असल में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस बयान को यूक्रेन युद्ध के कारण खड़े हुए खाद्य और तेल-गैस संकट वाली बात से जोड़ कर देखा जाना चाहिए, जिसकी विकासशील देशों को भारी कीमत चुकानी पड़ रही है। ऐसे में भारत की भूमिका क्या होनी चाहिए? यह है बड़ा सवाल। क्या भारत इस मामले में शांति का कहीं बड़ा पैरोकार साबित हो सकता है? दुनिया में किसी देश की कितनी सुनी जाती है, यह उसके आर्थिक रसूख से तय होता है। भारत दुनिया की 5वीं बड़ी इकॉनमी है और आने वाले कई वर्षों तक उसकी जीडीपी ग्रोथ अच्छी और टिकाऊ बनी रहेगी। इधर आयीं रिपोर्ट्स में कहा गया है कि 2027 तक भारत दुनिया की चौथी और 2029 तक तीसरी बड़ी इकॉनमी होगा। इसके साथ यह बात भी याद रखनी चाहिए कि भारत ने अभी तक किसी देश पर हमला नहीं किया है। उसने हमेशा बचाव में युद्ध लड़े हैं। यानी एक बड़ी इकॉनमी, जो अमन-पसंद हो, वह अगर शांति की बात करे तो उसकी बात सुनी जायेगी। साथ ही, भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। इसका नेतृत्व करने वाले नरेंद्र मोदी लोकप्रियता के उस मुकाम पर हैं, जहां उनसे पहले पिछले कुछ दशकों में कोई दूसरा नेता नहीं पहुंच पाया। इससे भी दुनिया में उनकी बात का वजन बढ़ जाता है। पीएम मोदी की एक खूबी यह भी है कि वह भारत के रसूख का प्रभावशाली तरीके से इस्तेमाल कर सकते हैं। यूं भी भारत वसुधैव कुटुंबकम की परंपरा पर चलता आया है, वह शांति का पैरोकार रहा है। भारतीय सभ्यता की खूबियों में शामिल हैं ये बातें, जिसे 20वीं सदी में महात्मा गांधी ने आगे बढ़ाया। इसलिए संभव है कि 21वीं सदी में भारत दुनिया के लिए फिर से शांतिदूत बन जाये।

पीएम मोदी की एक खूबी यह भी है कि वह भारत के रसूख का प्रभावशाली तरीके से इस्तेमाल कर सकते हैं। यूं भी भारत वसुधैव कुटुंबकम की परंपरा पर चलता आया है, वह शांति का पैरोकार रहा है।

अभिमत
आजाद सिपाही

मोदी सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति का ही परिणाम है कि तीन तलाक की प्रथा समाप्त की गयी और नारी खास कर मुस्लिम बहनों को मजबूत बनाने की दिशा में सार्थक कदम उठाया गया। परिणामस्वरूप आज नारी परवश और पीड़ित नहीं है। घर-परिवार, समाज में नारी का दबदबा बढ़ा है। पीएम मोदी ने विदेश नीति में मौजूद संकोंचो और संशयों को समाप्त किया तथा भारत की 'सभ्यगत नम्र शक्ति' को कूटनीति का हिस्सा बनाया।

स्वतंत्रता का अमृत महोत्सव एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदरदास मोदी

प्रो गोपाल पाठक/प्रो नीलिमा पाठक

हमारा देश भारत 15 अगस्त 1947 को अंग्रेजों की गुलामी से स्वतंत्र हुआ। गुलामी की जकड़न से आजाद यहां के लोगों ने स्वतंत्र शब्द का अर्थ स्वच्छंद समझ लिया। इस अनर्थ से अनुप्राणित जन यह भूल गये कि अभी अभी स्वतंत्र हुए इस देश को सही पटरी पर लाने के लिए कितने आत्मानुशासन की कर्मठता की आवश्यकता है। कर्म और ज्ञान का देश भारत जिसके कण-कण में अध्यात्म रचा बसा है, उसके वासी स्वछंद आचरण में लीन हो अपने पिछड़ेपन का, अपने कष्टों का दोष अपनी किस्मत और प्रशासन को देने लगे।

हालांकि ऐसी मानसिकता के बावजूद भी स्वतंत्र भारत में बहुत से कार्य हुए क्योंकि तत्कालीन उत्साही राष्ट्रप्रेमी नेता निःस्वार्थ भाव से भारत के उत्थान-विकास में लग गये थे, पर कालांतर में स्थितियां बदलने लगी और त्याग, तपस्या, निःस्वार्थ सेवा के स्थान पर स्वार्थ- भ्रष्टाचार ने अपनी पकड़ मजबूत की। पद प्रतिष्ठा के प्रति बढ़ते मोह ने लोगों को ऐसी मोहांध बनाया कि हम अपने संविधान की, उसकी प्रतिज्ञाओं और उसमें निहित आदर्शों की अवहेलना करने लग गये। 15 अगस्त 1947 को गुलामी का बंधन क्या हटा कि सारे बंधन टूटते ही गये।

पीएम मोदी ने विदेश नीति में मौजूद संकोंचो और संशयों को समाप्त किया तथा भारत की 'सभ्यगत नम्र शक्ति' को कूटनीति का हिस्सा बनाया।

मान मर्यादा का बंधन टूटा, नैतिकता - आदर्शों के बंधन टूटे

15 अगस्त 2014 को लाल किले की प्राचीर से आशा की किरण की तरह एक आवाज आयी, जिसने हमें स्वतंत्रता का न केवल बोध कराया, बल्कि नैतिकता- आदर्शों का स्मरण भी कराया। उस आवाज ने बताया कि स्व+तंत्र का अर्थ है अपना अनुशासन। प्रत्येक व्यक्ति को अनुशासित होना होगा, परिवार में बेटा बेटी को समान व्यवहार सिखाना होगा, अपनी शारीरिक- मानसिक सुचिता- स्वच्छता पर ध्यान देना होगा एवं निरंतर अनुशासित होकर कर्म करते रहना होगा, तब हमारा देश और हम सही मायने में स्वतंत्र होंगे। यह आवाज से हमारे देश के वर्तमान प्रधानमंत्री और विश्व के नंबर वन राजनेता नरेंद्र दामोदरदास मोदी की देश की जनता को लगा जैसे मन के दर्पण पर चढ़ी मोटी परत को किसी ने झाड़ कर साफ कर दिया है। स्वयं को देश का चौकीदार कहने वाले नरेंद्र मोदी ने स्वयं झाड़ू को उठाया और स्वच्छता अभियान में लग गये। अपने आचरण, अपनी बोली से लोगों में उत्साह का बीज होते हुए उन्होंने हताश, निराश और गौरवहीन हो गये लोगों को जागृत किया। उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्य वरान्निबोधत।

जैसे स्वतंत्रता प्राप्ति के दीवाने गांधी का अनुकरण करने लगे थे, वैसे ही हताश, निराश, कर्मच्युत देश की जनता मोदी का अनुसरण करने लगी। जय जयकार करने लगी और गीता में कृष्ण का या कथन व्यावहारिक रूप से चरितार्थ होने लगा-

यद्यदाचरति श्रेष्ठस्तत्तदेवेतरो जनः।
स यत्प्रमाणं कुरुते लोकस्तदनुवर्तते।।

अर्थात जैसा श्रेष्ठ व्यक्ति आचरण करता है, वैसा ही आचरण अन्य व्यक्ति भी करते हैं। वह श्रेष्ठ व्यक्ति अपने आचरण से जो प्रमाणित करता है, लोग भी वैसा ही आचरण करते हैं।

संसद में प्रवेश करते समय उसकी भूमि को प्रणाम कर लोगों को बताया कि कर्म स्थल तीर्थ स्थल की तरह श्रद्धास्पद होता है और अपनी चार घंटे की नींद एवं बीस घंटे के अहर्निश कर्म से बताया कि कर्म ही ईश्वर है। इनके इस व्यवहार को देख कर लोगों में विश्वास जगा कि कर्मठता से, कर्तव्यपरायणता से, सहयोग और निःस्वार्थ सेवा से ही राष्ट्र का पुनर्निर्माण संभव है। बढ़ती आबादी की समस्या का रोना रोने वाले इस देश के लोगों को उन्होंने बताया कि कैसे हम हमारी वृहद जनसंख्या को मानव संसाधन के रूप में विकसित कर सकते हैं। इन्होंने कौशल विकास केंद्र के माध्यम से युवाओं को हुनर सीखने के लिए प्रोत्साहित करना प्रारंभ किया, जिससे युवा विकास का इंजन बन सके। मेक इन इंडिया पर जोर देकर युवाओं को स्वदेशी आंदोलन की तरफ उन्मुख किया। विकास गाथा के अभिनव प्रयत्न के क्रम में उन्होंने योजना आयोग के स्थान पर 2015 में नीति आयोग की स्थापना की, जिसमें देश में उत्पादक ग्रोथ मूलक नव आर्थिक संरचना का सूत्रपात किया। हालांकि इसमें योजना आयोग के दायित्व समाहित किये गये पर इसे उससे कई गुना उत्तरदायी बनाया गया।

इस नीति आयोग ने सभी क्षेत्रों को अपने लक्षित परिणाम की प्राप्ति के लिए प्रतिबद्धता के साथ दूरगामी और तात्कालिक लक्ष्य को अभीष्ट बनाया। इसी का परिणाम है कि आज भारत विश्व आर्थिक व्यवस्था में चौथे पायदान पर है।

प्रधानमंत्री आवास योजना से कमजोर आर्थिक वर्ग के लिए पक्का घर उपलब्ध कराया, तो उज्जवला योजना से धुएं वाले चूल्हे से प्रत्येक गांव- घर को मुक्ति मिली। विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, आयुष्मान भारत योजना ने लोगों में उत्साह- उमंग का संचार किया। सुकन्या समृद्धि योजना जो बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना का ही हिस्सा है, बालिकाओं को भविष्य में आर्थिक रूप से सहायता पहुंचाने वाली एक बहुत महत्वाकांक्षी योजना को व्यवहार में उतारा। जिस कारण अब महिलाएं, पुरुष की तरह सेना में अपनी सेवा दे रही हैं। पुरुषों की तरह महिलाएं भी एनडीए की परीक्षा दे रही हैं। मोदी सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति का ही परिणाम है कि तीन तलाक की प्रथा समाप्त की गयी और नारी खास कर मुस्लिम बहनों को मजबूत बनाने की दिशा में सार्थक कदम उठाया गया। परिणामस्वरूप आज नारी परवश और पीड़ित नहीं है। घर-परिवार, समाज में नारी का दबदबा बढ़ा है।

पीएम मोदी ने विदेश नीति में मौजूद संकोंचो और संशयों को समाप्त किया तथा भारत की 'सभ्यगत नम्र शक्ति' को कूटनीति का हिस्सा बनाया। भारतीय विरासत योग और अध्यात्म जैसी सॉफ्ट पावर के माध्यम से इन्होंने दुनिया के किसी भी छोर में रहने वाले भारतीयों से संवेदनशील संबंध बनाया। इस कार्य द्वारा उन्होंने प्रत्येक भारतीयों के साथ-साथ विदेशियों को भी बताया कि भारत के अपने मूल्य हैं, अपना अनुशासन है, अपना धर्म (नियम) है। अतः किसी अन्य के नीतियों का अनुसरण नहीं करेगा। इनके इनके इस अवबोध ने प्रत्येक भारतीयों को गौरवान्वित किया।

जब कोविड-19 अपने कहर से पूरे विश्व को आक्रांत कर रहा था, तब पीएम मोदी की कार्यकुशलता और विदेशों से बनाये गये संबंध के कारण वैश्विक समुदाय ने भारत को चिकित्सा उपकरण, दवाएं, ऑक्सीजन, कंसंट्रेटर, वेंटिलेटर आदि भेज कर मदद की। इन की प्रेरणा से देश के वैज्ञानिकों ने अपने कौशल से टीका निर्माण किया और विश्व में टीकों का सबसे बड़ा निर्यातक बन कर वैश्विक टीका आपूर्ति श्रृंखला में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

भारतीय मानवतावादी नीति के तहत भारत में लगभग 100 से अधिक देशों में टीका उपलब्ध कराया है। भारत का यह इतिहास रहा है कि किसी भी संकट में अंतरराष्ट्रीय मदद में वह भागीदार रहा है। सच पूछिए तो पीएम मोदी एवं उनकी टीम के धैर्य, कुशल चिंतन और प्रयत्न ने कोविड काल में भारतीय विदेश नीति को एक नयी दिशा प्रदान की। मोदी सरकार द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू किया गया, जिसका उद्देश्य है कि जिस पाश्चात्य सोच कि शिक्षा से हम अपने युवाओं को भारत के अतीत गौरव से, संस्कृति से विलग कर भौतिक प्रोन्नति के प्रलोभन में डाल कर जो अनर्थ कर रहे हैं, उस पर लगाम लगे। पाश्चात्य सोच की शिक्षा का परिणाम है कि गुरु शिष्य का भाव समाप्त होता जा रहा है, परिवार टूट रहे हैं, समाज में का कामांधता खूब फल-फूल रही है, आपसी रिश्ते तार-तार हो रहे हैं। कर्तव्यच्युत होते लोगों में अधिकार लिप्सा, पद लिप्सा, बढ़ती जा रही है। पीएम मोदी ने अनुभव किया कि हम कितनी भी योजना क्यों न बना लें, पर यदि शिक्षा सही नहीं दी जायेगी, तो सब व्यर्थ है। क्योंकि प्रत्येक प्रगति का मूलाधार शिक्षा ही है। इस नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति में मानवीय मूल्यों पर बहुत बल दिया गया है। इस शिक्षा नीति का उद्देश्य है कि कोई भी छात्र संकीर्णता, हीनता आदि दैन्यभाव से अछूता रह कर स्वेछानुसार किसी भी क्षेत्र में, किसी भी विषय में शिक्षा प्राप्त कर सकता है, जो छात्रों में आशावादी दृष्टिकोण विकसित करने में समर्थ है। इस शिक्षा नीति में भारतीयता के साथ आधुनिकताओं के अनुरूप कौशल शिक्षा प्रदान की सिफारिश के साथ ऐसे पाठ्यक्रमों को अधिक प्रोत्साहित किया गया है, जिसके द्वारा युवा सीधे विद्यालय स्तर पर ऐसा प्रशिक्षण प्राप्त करें कि उन्हें रोजगार के लिए कही पलायन न करना पड़े।

ऐसा नहीं है कि नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के पहले तक देश में कुछ कार्य नहीं हुए। बहुत कार्य हुए, पर यह कहने में संकोच नहीं कि हमारे नेताओं में कार्य करने की इच्छा शक्ति थी, पर दृढ़ संकल्प का अभाव था। इच्छा शक्ति है, उन्नति के लिए एक प्रकार की साधारण अभिलाषा, जबकि दृढ़ संकल्प है अभिलाष आपूर्ति के साहस पूर्ण और सक्रिय प्रयत्न।

यह दृढ़ संकल्प लाल बहादुर शास्त्री में था। पर उनका कार्यकाल उनके आकस्मिक निधन से बहुत ह्रस्व रहा। फिर यह दृढ़ संकल्प दिखता है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी में, जिसका परिणाम है धारा 370 का हटना एवं 500 वर्ष पुराने विवादित राम मंदिर का शिलान्यास, तीन तलाक की समाप्ति इत्यादि। श्री मोदी जी आज इसलिए प्रशंसित हैं और विश्व के नंबर वन नेता हैं, क्योंकि इन्होंने प्रशंसनीय पर साधारण और महत्वहीन दिखने वाले कार्यों को भी बुद्धियुक्त और उद्देश्यपूर्ण इच्छाशक्ति में परिणत कर सिद्ध कर दिया है।

जब राष्ट्र का नेतृत्व दृढ़ संकल्प से युक्त आचरणवान व्यक्ति के हाथ में हो तो वह अपने आचरण और कार्य की पारदर्शिता दोनों से ही राष्ट्र की प्रजा को अहर्निश बताता रहता है कि जीवन में यदि उन्नति चाहते हो तो पहला कर्तव्य है- सदा जागरूक रहना- भूत्यै जागरणम (यजुर्वेद 30.17)।

जागरूक व्यक्ति ही अपनी, अपने परिवार, संस्थान, समाज, राज्य और राष्ट्र की रक्षा करने में समर्थ हो सकता है। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और भूत्यै जागरणम के द्वारा ही हम राष्ट्रहित में कर्म कर अमृत महोत्सव के भागीदार बनेंगे, हकदार बनेंगे, क्योंकि व्यक्ति कर्म से ही अमरत्व को प्राप्त करता है, शरीर से नहीं।

तन्मे मनः शिव संकल्पमस्तु।

(लेखक : प्रो गोपाल पाठक सरला बिरला विश्वविद्यालय रांची के कुलपति और प्रो नीलिमा पाठक मानविकी एवं भाषा विज्ञान संकाय की डीन हैं।)

जमशेदपुर की खबरें

चोरी की घटना का खुलासा : चोरी का गहना और सामान बरामद

छह नाबालिग और महिला-पुरुष हिरासत में

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। बीते कुछ दिनो से सिदगोड़ा थाना क्षेत्र में हो रही चोरी की घटनाओं का पुलिस ने खुलासा कर दिया। पुलिस ने घटनाओं को अंजाम देने वाले 6 नाबालिग और गिरोह में शामिल एक महिला, एक पुरुष को हिरासत में ले लिया। मंगलवार को पुलिस मुख्यालय पर ग्रामीण एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने घटना की जानकारी दी। ग्रामीण एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने बताया बीते कई दिनों से सिदगोड़ा थाना क्षेत्र में चोरी की घट रही थी। लेकिन इसकी सूचना पहले पुलिस को नहीं थी। छापेमारी के दौरान घटना में शामिल एक गिरफ्त में आने के बाद पूरे मामले का खुलासा होने लगा। उन्होंने बताया घटना के सूचना मिलने पर सिदगोड़ा थाना प्रभारी रंजीत कुमार के नेतृत में टीम गठित कर इस मामले में छह नाबालिक समेत आठ को हिरासत में लिया गया। इसमें विद्यापति नगर का रहने वाला एक टाल संचालक धर्मेंद्र कुमार और चोरी के जेवर खरीदने के आरोप में बिरसानगर जोन नंबर 6 के रहने वाली मन कुमारी देवी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इन के निशानदेही पर चोरी के सामान व जेवर को बरामद कर लिया।

ग्रामीण एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने बताया चोरी की घटनाओं को छह नाबालिक अंजाम देता था। इसमें से चार घटना को अंजाम देने के लिये भीतर जाते थे और बाहर में दो रेकी करता था। सिदगोड़ा में चिकन-चिल्ली खाने के बाद चोरी की घटना को भी इन्होंने अंजाम दिया था। उन्होंने बताया चोरी के तीन मामला थाने तक ही नहीं पहुंचा था। लेकिन पूछताछ करने पर अन्य घटनाओं का भी खुलासा हो गया।

घटना में पुलिस ने सोने का टॉप्स, घड़ी, चांदी की बिछिया, रोल गोल्ड की चेन, पावर बैंक, कैमरा, टैब, चांदी की पायल, एक मोबाइल, सोने का कंगन, चांदी का बड़ा सिक्का 2 पीस, चांदी का छोटा सिक्का 8 पीस, चांदी की अंगूठी, सोने का कनबाली, सोने का लॉकेट, लैपटॉप, चांदी की लक्ष्मी और गणेश की मूर्ति बरामत कर लिया। फिलहाल दोनो आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। अन्य नाबालिक को बाल सुधार गृह भेजा गया।

छापामारी टीम में सिदगोड़ा थाना प्रभारी रंजीत कुमार, एसआइ रवि रंजन कुमार, संजीत कुमार, राजेश कुमार यादव, जयराज सोनी, अनुपमा सोरेंग, नितेश कुमार ठाकुर, बिरेंद्र कुमार, एएसआइ विपिन कुमार, हवलदार मनोज सिंह, चालक सुनील पांडेय शामिल रहे।

साकची संजय मार्केट की समस्या को लेकर सांसद ने डीसी से की मुलाकात

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। शहर के साकची संजय मार्केट में प्रवेश एवं निकास का मार्ग नहीं रहने के मामले को लेकर सांसद विद्युत वरण महतो ने उपायुक्त पूर्वी सिंहभूम से मुलाकात की। मंगलवार को मुलाकात के दौरान उन्होंने उसका समाधान निकालने का आग्रह किया। बीते दिन साकची संजय मार्केट के दुकानदारों का एक प्रतिनिधि मंडल ने सांसद विद्युत वरण महतो से आग्रह किया था प्रवेश और निकास का मार्ग नहीं होने के कारण दुकानदारी बुरी तरह प्रभावित हो रही है। ग्राहकों का आना जाना नहीं हो पा रहा है। साथ ही सुरक्षा के दृष्टिकोण से यह उचित नहीं है। जानकारी मिलने पर सांसद महतो ने साकची संजय मार्केट का दौरा किया। संजय मार्केट पहुंचकर उनकी समस्याओं से अवगत हुए।उस दौरान मार्केट में सामान्य एव मध्यम जीवन स्तर के लोगों का आना जाना के आलावे प्रवेश व निकास का रास्ता नहीं होने के मामले से अवगत हुए थे। मंगलवार को उपायुक्त से वार्ता कर समस्या का समाधान निकालने की बात कही। उपायुक्त ने एडीएम एन के लाल को समस्या का समाधान निकालने की बात कही। उपायुक्त ने कहा यथाशीघ्र इसका निराकरण किया जाएगा। साथ ही ग्राहकों के साथ-साथ दुकानदारों का आवागमन को भी सुलभ किया जाएगा। सांसद विद्युत वरण महतो ने बताया प्रवेश द्वार के पास ही बड़ी संख्या में लोग दोपहिया वाहन का पार्किंग कर देते हैं इसके कारण मुख्य मार्ग का आवागमन बाधित हो जाता है।उपायुक्त ने कहा दुकानदारों को इस बात का ध्यान रखना होगा ताकि प्रवेश द्वार के पास दुपहिया वाहनों का पार्किंग नहीं हो।

विधायक ने आपका सेवक, आपके द्वार कार्यक्रम का किया शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता

बहरागोड़ा। पूर्वी सिंहभूम जिले के बहरागोड़ा प्रखण्ड अंतर्गत गुहियापाल पंचायत के धाधिका गाँव से आपका सेवक आपके द्वार कार्यक्रम का आईजन किया गया। मंगलवार को विधायक समीर मंहंती के द्वारा बहरागोड़ा विधानसभा क्षेत्र के जनता के लिए कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मौके पर विधायक समीर मोहंती ने बताया आपका सेवक आपके द्वार कार्यक्रम सप्ताह में 4 दिन चलेगा। कार्यक्रम में उपस्थित रहकर क्षेत्र की जनता की समस्याओं का समाधान किया जायेगा। उन्होंने बताया कार्यक्रम के माध्यम से क्षेत्र की जनता से सीधा संवाद किया जाएगा। पूरे विधानसभा क्षेत्र के हर पंचायत, गाँव, टोला,पाड़ा मे ये कार्यक्रम अब क्रम वध तरीके से चलाया जाएगा। जनता सीधे तौर पर अपने नेता से अपनी समस्याओं को लेकर बात कर सकते हैं। उन्होंने बताया समस्याओं का हरसंभव समाधान करने का प्रयास किया जायेगा।

इस मौके पर कार्यक्रम मे शामिल ग्रामीणों ने विभिन्न समस्या को विधायक के समक्ष रखा। ग्रामीणों ने बताया राशन कार्ड धारियों को सही समय पर लगभग 4 माह से राशन नही मिल रहा है। अभी भी कुछ वृद्ध है जिनका पेंसन नहीं मिल रहा है। प्रधानमंत्री आवास का लाभ लगभग ग्रामीणों को नहीं मिल पाया।

विधायक समीर महंती ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुन कर संबंधित पदाधिकारियों को जल्द समाधान निकालने का निर्देश दिया। कार्यक्रम के दौरान झामुमो प्रखंड सह बीस सूत्री अध्यक्ष असित मिश्रा,प्रमुख, उप प्रमुख मुन्ना होता,समीर दास,बिशु ओझा, स्वपन साव,शिशिर बेरा, कुना बेरा सहित सैकड़ों ग्रामीण मौके पर शामिल रहे।

महत्वपूर्ण न्यूज

मां चतुर्भुजी शक्तिपीठ मंदिर परिसर में दुर्गा पूजा एवं यज्ञ को लेकर की गयी शांति समिति की बैठक

केतार (आजाद सिपाही)। मां चतुभुर्जी शक्तिपीठ मंदिर परिसर में मंगलवार को दुर्गा पूजा एवं यज्ञ को लेकर शांति समिति की बैठक डीएसपी प्रमोद केशरी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी और प्रखंड विकाश पदाधिकारी मुकेश मछुआ, सीओ मेघन महतो, थाना प्रभारी संतोष कुमार उपस्थित हुए। डीएसपी प्रमोद केसरी ने कहा कि बच्चा चोर जैसी अफवाह पर ध्यान ना दें। अफवाह फैलाने वालों को चिन्हित करें तथा इसकी सूचना प्रशासन को दें। शांतिपूर्ण तरीके से पूजा का आयोजन करें एवं अपराधिक तत्वों के लोगों पर हमेशा पैनी नजर रखें। उन्होंने कहा कि पंडाल में अश्लील गाना बजाने, शराबबंदी पर पूर्ण रोक लगाने की अपील की। पूजा पंडाल तक जाने वाला रास्ता को अतिक्रमण मुक्त एवं साफ सफाई करने निर्देश दिया। मां चतुभुर्जी शक्तिपीठ के प्रांगण में नवरात्रि के अवसर पर होने वाला यज्ञ में स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश मछुआ ने कहा कि पूजा-पाठ सावधानी एवं श्रद्धा पूर्वक करें। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम का स्टेज मजबूत बनाएं एवं पुरुषों और महिलाओं को बैठने की उचित व्यवस्था करें। प्रमुख ने सभी पूजा कमिटी के सदस्यों से दुगार्पूजा और दशहरा सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। सीओ मेघन महतो ने कहा कि प्रत्येक समिति के दस दस सदस्य अपना आधार कार्ड, मोबाइल नंबर के साथ आवेदन दें। पूजा कमेटी के लोगों को आई कार्ड निर्गत किया जाएगा। बैठक में भवनाथपुर इंस्पेक्टर, मंदिर विकास समिति अध्यक्ष विक्रमा सिंह, यज्ञ समिति अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद, सचिव गुडन पासवान, उपाध्यक्ष हेमंत पाठक, केतार मुखिया प्रमोद कुमार, मुकुंदपुर मुखिया मूंगा साह,मीडिया प्रभारी ज्वाला कमलापुरी, सांसद प्रतिनिधि त्रिपुरारी सिंह, उदय कमलापुरी, समाजसेवी रामविचार साहू, सुरेश कमलापुरी, कामेश्वर सिंह सहित शांति समिति के लोग और जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

बीडीओ ने मवि मकरी का निरीक्षण कर छात्रों को गणित व विज्ञान का पाठ पढ़ाया

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। बीडीओ जयपाल महतो ने मध्य विद्यालय मकरी के खेल के मैदान समतलीकरण को लेकर स्थल निरीक्षण करने के क्रम में कक्षा अष्टम के छात्रों को गणित व विज्ञान का पाठ पढ़ाया एवं शिक्षकों को शैक्षणिक गतिविधि को लेकर दिशा-निर्देश दिये। स्कूल में प्लेग्राउंड की कमी दूर करने को लेकर प्रबंधन समिति ने बीडीओ से गुहार लगाई थी। स्कूल परिसर में ही उपलब्ध जमीन का समतलीकरण कर प्लेग्राउंड निर्माण को लेकर स्थल का निरीक्षण कर बीडीओ जयपाल महतो कक्षा आठ के छात्रों से फ्रेंडली माहौल में रुबरु होकर उन्हें गणित में अंकगणित एवं विज्ञान के ऊर्जा पाठ के बारे में बताया। वापसी के क्रम में लियाकत अंसारी के घर से सुदामा सिंह के घर तक 2021-22 में 4 लाख 85 हजार की लागत से बने मिट्टी मोरम सड़क का निरीक्षण कर लंबित मजदूरी भुगतान को लेकर विभागीय कर्मी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। तत्पश्चात पंचायत सचिवालय का निरीक्षण कर सप्ताह में दो दिन पंचायत सचिवालय खोलने सहित अन्य निर्देश मुखिया पति धनंजय गुप्ता को दिया। मौके पर रोजगार सेवक सह बीपीओ दयानंद प्रजापति, पंचायत सचिव भुनेश्वर सिंह एवं जेई प्रेमचन्द गुप्ता उपस्थित थे।

तीन माह पूर्व फरार विवाहिता ने थाने में अपने प्रेमी के साथ ही शादी करने की दी रजामंदी

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के बनखेता से तीन माह पूर्व अपने प्रेमी के साथ फरार विवाहिता प्रभा देवी प्रेमी के साथ थाने लाये जाने के बाद प्रेमी से ही शादी करने की रजामंदी दी। ग्रामीणों ने बताया कि प्रेमी युगल राजी है तो सामाजिक रीति-रिवाजों के साथ उनकी शादी करायी जाएगी। खबर के अनुसार बनखेता के खदेरन भुइयां की पुत्री प्रभा देवी की बीते साल उत्तर प्रदेश के विंढमगंज थाना क्षेत्र के सुखड़ा निवासी धर्मेन्द्र कुमार के साथ धूमधाम से शादी हुई थी। विवाह के उपरांत लड़की के घर आने के बाद करीब तीन माह पूर्व लड़का जब उसे लेकर अपने घर सुखड़ा ले जाने के लिए आया तो उसी दौरान मौका देख लड़की फरार हो गयी। फिलहाल भवनाथपुर थाना पुलिस उक्त विवाहिता एवं रमना थाना क्षेत्र के बुलका निवासी प्रेमी दिवाकर भुइयां से पूछताछ कर रही है। प्रेमिका प्रभा ने बताया कि वो दिवाकर को अपना जीवन साथी मान चुकी है एवं उसी के साथ जीवन यापन करेगी। वहीं धर्मेन्द्र कुमार ने कहा कि लड़की प्रेमी के साथ रहना चाहती है तो हमें कोई ऐतराज नहीं है। अरसली दक्षिणी के मुखिया पति सह समाजसेवी ने कहा कि प्रेमी युगल की शादी उनकी रजामंदी करायी जाएगी।

कार्रवाई : नाबालिग लड़की का अपहरण व दुष्कर्म मामले का बरडीहा पुलिस ने किया उद्भेदन

अपहरण व दुष्कर्म का मुख्य आरोपी सहित तीन गिरफ्तार

पीड़िता ने बरडीहा थाना में प्राथमिक अभियुक्त इरशाद खान एवं अन्य अज्ञात के विरुद्ध दुष्कर्म के आरोप में आवेदन दिया था : एसडीपीओ

आजाद सिपाही संवाददाता

बरडीहा। थाना क्षेत्र अंतर्गत बभनी गांव की एक नाबालिग लड़की का अपहरण कर दुष्कर्म करने के मामले में बरडीहा पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में एसडीपीओ अवध कुमार यादव ने प्रेस वार्ता कर बताया कि नाबालिग पीड़िता के द्वारा बरडीहा थाना में प्राथमिक अभियुक्त इरशाद खान एवं अन्य अज्ञात के विरुद्ध दुष्कर्म करने के आरोप में आवेदन दिया था। जिसके आधार पर बरडीहा थाना में मामला दर्ज करते हुए अनुसंधान प्रारंभ किया गया। उक्त घटना का उद्भेदन हेतु पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अवध कुमार यादव गढ़वा के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया।

विशेष टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की गयी। छापेमारी में कांड के प्राथमिकी अभियुक्त इरशाद खान एवं अपराधी शेख इमरान तथा सरवर खान को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त इरशाद खान ने उक्त कांड में अपना स्वीकारोक्ति बयान में अपराध स्वीकार किया है तथा कांड में अपने जीजा शेख खान तथा दोस्त सरवर खान की संलिप्तता की पुष्टि की है। छापेमारी दल में शामिल अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अवध कुमार यादव, पुलिस निरीक्षक राजीव कुमार, बरडीहा थाना प्रभारी पंकज कुमार तिवारी, पंकज सिंदुरिया, प्रिंस कुमार जयप्रकाश यादव, निर्मल कुमार, संतोष कुमार तिवारी शामिल थे।

पोलिंग पार्टी पर हमला करने के तीन अप्राथमिकी अभियुक्तों को मेराल पुलिस ने भेजा जेल

मेराल (आजाद सिपाही)। गढ़वा जिला अंतर्गत मेराल प्रखंड के कमरमा गांव में पंचायत चुनाव संपन्न कराकर लौट रहे पोलिंग पार्टी पर हमला करने के तीन अप्राथमिकी अभियुक्तों को मेराल थाना पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जिन्हें जेल भेजा गया उनमें वसरिया गांव के संजीव कुमार गुप्ता उर्फ तेजू (21) पिता मोतीचंद साव, मनु कुमार (20) पिता लल्लू राम तथा विकताम गांव निवासी जीशान अंसारी उर्फ दिशान अंसारी (22) पिता मुजाहिद अंसारी शामिल हैं। थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने बताया कि मेराल थाना कांड संख्या 108/ 2022 के अप्राथमिकी अभियुक्त हैं। सभी पर आर्म्स एक्ट सहित विभिन्न संगीन धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज है। सभी गिरफ्तारी के डर से फरार चल रहे थे। जिन्हें सोमवार को उनके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने पीड़ित परिवार से मिल कर न्याय का भरोसा दिलाया

वर्तमान सरकार में गरीब असहाय लोगों पर अत्याचार बढ़ा है : अलखनाथ पांडेय

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। गढ़वा जिला भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल बरडीहा प्रखंड के बभनी गांव पहुंचा। विदित हो कि कुछ दिनों पहले बभनी गांव के दलित परिवार की नाबालिग लड़की का अपहरण एवं शोषण की घटित घटना को लेकर पीड़ित परिवार से मिलकर समस्या को सुना और न्याय का भरोसा दिलाया। मौके पर भाजपा नेता अलखनाथ पाण्डेय ने कहा कि वर्तमान में गरीब असहाय लोगों पर अत्याचार बढ़ा है। हेमंत सरकार में अपराधियों का मनोबल काफी ऊंचा हो चुका है। झामुमो सरकार में अपराधी बेखौफ हो कर घटना को अंजाम दे रहे हैं। प्रशासन का कोई भय नहीं रह गया है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार की कमजोर व्यवस्था के कारण इस तरह की घटनाएं घटित हो रही हैं। उन्होंने पीड़ित परिवार को भरोसा दिलाते हुए कहा कि भाजपा परिवार आप सबके साथ खड़ा है। भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी ने कहा कि पूर्व की भाजपा सरकार में आम जनता सुरक्षित थी, लेकिन वर्तमान की झामुमो सरकार में लूट, हत्या, बलात्कार, घुसखोरी की घटनाएं आम हो चुकी है। मौके पर मुख्य रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता बीरेंद्रनाथ दूबे, जिला आईटी सेल प्रभारी पुष्प रंजन, भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे, एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष लक्ष्मण राम, ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता, बरडीहा मंडल अध्यक्ष योगेंद्र मेहता, सांसद प्रतिनिधि सतीश यादव, धनंजय तिवारी सहित अन्य कई भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद थे।

झारखंड छात्र मोर्चा ने पूर्व विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी का किया पुतला दहन

कहा- शिक्षा एवं विकास विरोधी व्यक्ति हैं पूर्व विधायक

ओखरगाड़ा में पूर्व विधायक की नकारात्मक राजनीति से स्थानीय जनमानस में आक्रोश का माहौल है

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। झारखंड छात्र मोर्चा के नेताओं ने सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राओं के साथ टाउन हॉल के मैदान से रंका मोड़ तक पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी की शव यात्रा निकालकर पुतला दहन किया। छात्रों ने कहा कि पूर्व विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी शिक्षा विरोधी व्यक्ति हैं, वह नहीं चाहते कि गढ़वा के बच्चे शिक्षित बनें। विगत दिनों के उनके क्रियाकलाप से यह साफ झलक रहा है कि वह विकास विरोधी हैं। पूर्व विधायक नहीं चाहते कि यहां के बच्चे शिक्षित होकर विभिन्न क्षेत्रों में जिले का नाम रोशन करें। कुछ दिन पहले उन्होंने जानबूझकर फरठिया में बनने वाले आवासीय अल्पसंख्यक विद्यालय के विरोध में बखेड़ा खड़ा किया। लोगों के बीच अफवाह फैलाकर उन्हें गुमराह करने का काम किया। वही स्थिति पूर्व विधायक ओखरगाड़ा में बनाने की कोशिश कर रहे हैं परंतु उनके नकारात्मक राजनीति से स्थानीय जनमानस में आक्रोश का माहौल है। ग्रामीण चाहते हैं कि वहां पिछड़े वर्ग के लिए आवासीय विद्यालय बने ताकि उनके बच्चों को सुलभ रूप से शिक्षा उपलब्ध हो सके।

मौके पर मयंक दुबे, मंटू चंद्रवंशी, अमित कुमार, सोनू कुमार, अतुल चौधरी, मनोज चौधरी, मंटू कुमार, अनुज पाल, राजा कुमार, आकाश कुमार, अब्दुल अंसारी, राजा कुमार, प्रिंस पांडे, संजय उरांव, पवन कुमार, रोहन कुमार, विकास कुमार, बरकत अली, मोनू कुमार, दीपू राज, राजकुमार चौधरी, सुरेंद्र चौधरी, तबरेज अंसारी, राजेश चौधरी, गोकुल कुमार, सागर उरांव, नूर आलम, धर्मेंद्र उरांव, सुरेंद्र यादव, शुभम गुप्ता, संजीत पासवान, इमरान अंसारी, विकास कुमार शर्मा, विशाल कुमार, सुदीप पासवान, शिव वचन राम, छोटू कुमार, भूपेंद्र चौधरी, बेलाल अंसारी, अंकित पाण्डेय, चंदन ठाकुर, अमरेश चौधरी, पंकज ठाकुर, लव कुमार, विजय राम सहित सैकड़ों छात्र मौजूद थे।

शिक्षा पर राजनीति नहीं करनी चाहिए: छात्र नेता

छात्र नेता दिलीप गुप्ता ने कहा कि पूर्व विधायक को शिक्षा पर राजनीति नहीं करनी चाहिए बल्कि इस क्षेत्र में हो रहे कार्यों में बढ़-चढ़कर सहयोग करना चाहिये। अपने 10 वर्षों के कार्यकाल में उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में कोई भी कदम नहीं उठाया और आज अगर वर्तमान जनप्रतिनिधि के द्वारा कुछ अच्छी पहल की जा रही है तो वह उसमें टांग अड़ाने का काम कर रहे हैं। छात्र संतोष चौधरी ने कहा कि पूर्व विधायक के नकारात्मक क्रियाकलाप को गढ़वा के युवा एवं छात्र बर्दाश्त नहीं करेंगे और जरूरत पड़ी तो गांव-गांव जाकर इनके शिक्षा विरोधी नियत से लोगों को अवगत करायेंगे। पूर्व विधायक की कार्यशैली पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक विरोधी बनती जा रही है। छात्र नेता आनंद यादव ने कहा कि पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी गढ़वा में हो रहे विकास कार्यों से घबरा गये हैं। उन्हें लगता है कि इसी तरह से काम होते रहेगा तो आगामी विधानसभा चुनाव में उनकी जमानत जब्त हो जाएगी। इसीलिए वह जानबूझकर विकास कार्यों में रोड़ा अटका रहे हैं। छात्र नेता गुलाम मुस्तफा ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे कार्यों में पूर्व विधायक को विरोध नहीं करना चाहिए, जहां बच्चे शिक्षित हो जाते हैं वहां स्वरोजगार के साधन बढ़ते हैं तथा अपराध में कमी आती है। शिक्षा से बौद्धिक विकास होता है और युवक अपने कर्तव्य और जिम्मेदारी का निर्वहन ठीक ढंग से कर पाते हैं।

गरीब-गुरबा के लिए जान भी न्योछावर करना पड़े तो हंसते-हंसते करूंगा : सत्येंद्रनाथ तिवारी

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। झारखंड मुक्ति मोर्चा द्वारा पुतला दहन के मुद्दे पर पत्रकारों के सवाल के जवाब में पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने कहा कि ईस्ट इंडिया कंपनी ने राजा महाराजा को मिलाकर जिस तरीके से 200 वर्षों तक इस देश पर अपना शासन रखा। लगातार शोषण दोहन करते रही। बड़ी मुश्किल और मशक्कत के बाद ईस्ट इंडिया कंपनी और राजा महाराजा के चंगुल से भारतवासी बाहर निकल पाये थे।

गढ़वा रंका विधानसभा की स्थिति आज वही है। बड़ी मशक्कत से सत्येंद्र नाथ तिवारी ने राजतंत्र से इस विधानसभा को आजादी दिलायी थी। किंतु पिछले दिनों विधानसभा चुनाव में ईस्ट इंडिया कंपनी, राजा-महाराजा क्रिमिनल, गुंडा, अपराधी, भूमाफिया समाज विरोधी ताकतों ने एक होकर पूरी ताकत लगाकर जनता को दिग्भ्रमित कर सत्येंद्र नाथ तिवारी को चुनाव में परास्त करने का काम किया। चूंकि सबों की अवैध दुकानदारी बंद कराने का काम सत्येंद्र नाथ तिवारी ने किया था। आज जैसे ही भैया जी सत्ता पर काबिज हुए हैं, फिर से राजा-महाराजा, ईस्ट इंडिया कंपनी के चमचे, बिचौलिए, भूमाफिया, अपराधी, हत्यारे का मनोबल बढ़ा है और सत्येंद्र नाथ तिवारी बेबाक तरीके से उनकी पोल खोलते चल रहे हैं। जनता के हक के लिए उन्हें हरसंभव सहयोग कर रहे हैं। उनके साथ कदम से कदम मिलाकर चल रहे हैं तो स्वभाविक है कि ऐसे में राजा महाराजा, ईस्ट इंडिया कंपनी एवं उनके चमचे, क्रिमिनल, अपराधी, भूमाफिया, भ्रष्ट पदाधिकारी के पेट में दर्द तो होगा। यह पुतला दहन उसी का प्रतीक है।



सत्येंद्र नाथ तिवारी ने बड़े ही सख्त लहजे में कहा पुतला दहन तो छोड़िए, मुझे अपने भी प्राण को अगर न्योछावर करना पड़े तो भी गरीब गुरबा के हक की लड़ाई लड़ता रहूंगा, भले ही मेरी जान चली जाये। पर यह नापाक गठबंधन राजा महाराजा, ईस्ट इंडिया कंपनी, अपराधी का जो मंसूबा गरीबों की जमीन लूटने का है, वो कभी सफल नहीं होने दूंगा।

कार्यपालक अभियंता कार्यालय
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, गुमला।
अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–01/2022–23

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियन्ता, पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमण्डल, गुमला।
2. परिमाण विपत्र विक्री की तिथि : दिनांक 10.10.2022 से 11.10.2022 तक 3.00 बजे अपराहन तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 12.10.2022 को 3:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 12.10.2022 को 3:30 बजे अपराह्न तक।
5. परिमाण विपत्र विक्री का स्थान : (i) मुख्य अभियन्ता(या0) का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, अभियंत्रण, छात्रावास नं0–2 धुर्वा, राँची, झारखण्ड। (ii) अधीक्षण अभियन्ता, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, राँची। (iii) कार्यपालक अभियन्ता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, गुमला।
6. निविदा प्राप्ति एवं खुलने का स्थान : क्रमांक 5(पाँच) में उल्लेखित कार्यालयों में निर्धारित स्थानों पर।
7. कार्यो की विवरणी :–

क्र. सं.	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (लाख में)	अग्रधन की राशि (रुपये में)	परिमाण विपत्र का मूल्य (रुपये में)	कार्य समाप्ति की अवधि
1	चैनपुर–डुमरी पथ (MDR-36) में साधारण मरम्मति कार्य। ल0 11 .85 कि0मी0	35.00	70000	5000.00	3 Months
2	घाघरा–नेतरहाट पथ का साधारण मरम्मति कार्य। ल0 58.00 कि0मी0	50.00	100000	5000.00	3 Months
3	Tower Chowk to Thana Chowk Road का साधारण मरम्मति कार्य एवं Full Ganitary on Thana Chowk Length 800 m	50.00	100000	5000.00	3 Months
4	Ordinary Repair of Bankutoli - Kurkura - Bano Length 36.64 km	50.00	100000	5000.00	3 Months
5	Ordinary Repair of Nathpur - Bharda Tukutoli	35.00	70000	5000.00	3 Months
6	बनारी–बनालात पथ में साधारण मम्मति कार्य एवं गार्ड वाल निर्माण कार्य।	45.00	90000	5000.00	3 Months
7	नेतरहाट अवासीय विद्यालय परिसर आंतरिक पथों का मरम्मति कार्य।	30.00	60000	5000.00	3 Months
8	बनारी निरीक्षण भवन में Main Gate निर्माण एवं साज सज्जा कार्य।	15.00	30000	2500.00	2 Months
9	Boundary Wall in Adar IB under Road Division Gumla .	25.00	50000	5000.00	2 Months
10	Repair of Toliet in Road Subdivision Gumla-I	5.00	10000	750.00	2 Months
11	Const of Six Culverts in neterhat school campus	12.00	24000	2500.00	2 Months
12	Const. of Toewall in Ghasigarha Bridge	50.00	100000	5000.00	3 Months
13	Construction of Toe wall in 8th and 9th km of Palkot Konbir Road.	30.00	60000	5000.00	3 Months
14	बागेसखुवा मोड़ से नेतरहाट पथ पर गार्ड वाल मरम्मति एवं निर्माण कार्य।	40.00	80000	5000.00	3 Months
15	Widening in Culvert Sisai Bhandra Road 9 th km and Contruction of Guardwall in 17th, 19th, 21th km	25.00	50000	5000.00	3 Months
16	Yello Bilnker with voice	3.00	6000	750.00	1 Months

नोट– (1) निविदा आमंत्रण की सूचना एवं शर्ते कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
(2) निर्धारित निविदा तिथि को सरकार द्वारा अवकाश घोषित होने पर निविदा आमंत्रण की तिथि अगले कार्य दिवस को होगी।
(3) निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।

ह0/–
कार्यपालक अभियन्ता
प0 नि0 वि0, पथ प्रमण्डल, गुमला।

PR 278181 Road(22-23)D

कार्यक्रम : सिवेशर चंद्रवंशी डिग्री कॉलेज में सम्मान समारोह का किया गया आयोजन

विधायक ने सभी नौ प्रखंडों के नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों को अंगवस्त्र देकर किया सम्मानित

कहा- सभी जनप्रतिनिधि पंचायत में विकास का कार्य करें, किसी तरह की समस्या आती है तो मेरा दरवाजा आप सभी के लिए हमेशा खुला है

आजाद सिपाही संवाददाता

मंझिआंव। प्रखंड मुख्यालय स्थित सिवेशर चंद्रवंशी डिग्री कॉलेज में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सम्मान समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विश्रामपुर, मंझिआंव विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं पूर्व स्वास्थ्य मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी शरीक हुए। मुख्य अतिथि द्वारा उक्त सभी नौ प्रखंडों के झारखंड त्रिस्तरीय पंचायत में नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में प्रखंड प्रमुख, मुखिया, पंचायत समिति, वार्ड सदस्य शामिल थे। सम्मान समारोह में सभी जनप्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि यह सम्मान समारोह किसी दल से जुड़ा हुआ नहीं है। सांसद, विधायक, पंचायत स्तरीय, प्रखंड स्तरीय एवं ग्राम स्तरीय सभी जनप्रतिनिधि एक समान होते हैं। उन्होंने कहा कि सभी जनप्रतिनिधि अपने पंचायत में विकास का कार्य करें यदि किसी तरह की कोई समस्या आती है तो मेरा दरवाजा आप सभी के लिए हमेशा खुला है।

वहीं सम्मान समारोह में प्रखंड व अंचल में भ्रष्टाचार चरम पर है, जिसको लेकर सम्मान समारोह में शामिल लोगों ने अपने क्षेत्र की परेशानियों से स्थानीय विधायक को अवगत कराया और कहा कि प्रखंड व अंचल कार्यालय को भ्रष्टाचार मुक्त करें एवं अधिकारियों पर नकेल कसें ताकि आम जनों को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े। वहीं जुलाई माह का खाद्यान गबन होने सहित अन्य मूलभूत समस्याओं से भी अवगत कराया। वहीं समारोह में उपस्थित कृपाल सिंह, चंचल दुबे, सहित पवन गुप्ता ने स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी के अपने कार्यकाल में किए हुए विकास कार्यों की सराहना की।

विधायक ने कहा कि स्थानीय कोयल नदी पर एक और बड़े पुल का निर्माण, कोयल नदी में बने पुल के दोनों ओर तटबंध का निर्माण, बिश्रामपुर मंझिआंव को भी अनुमंडल बनाया जाएगा इसकी प्रक्रिया में लगा हुआ हूं। वहीं विधायक चंद्रवंशी ने कहा कि बरडीहा प्रखंड में दलित लड़की के साथ जिस तरह की मानवता को शर्मसार करने वाली घटना हुई है मैं उसकी कड़ी से कड़ी निंदा करता हूं। इस तरह का कृत्य ना हो ताकि समाज में गलत मैसेज पहुंचे। सम्मान समारोह की अध्यक्षता ग्रामीण मंडल अध्यक्ष उमाशंकर यादव एवं मंच संचालन नगर मंडल अध्यक्ष पवन गुप्ता ने किया।

सम्मान समारोह में भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष डॉक्टर ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चन्दरवंशी, भोला चंद्रवंशी, रामचंद्र यादव, दीपक जी, कृपाल सिंह, संजन सिंह, ललित बैठा, प्रखंड प्रमुख आरती दुबे, मुखिया संघ अध्यक्ष महताब आलम, प्रखंड के सभी मुखिया प्रतिनिधि, वार्ड सदस्य, बीडीसी तथा सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

घर में लगी आग, सामान जलकर खाक

कुडू (लोहरदगा)। थाना क्षेत्र के कोलसिमरी पंचायत के सुकुरहुटू गांव में मंगलवार शाम शार्ट सर्किट से घर मे आग लगने घर में रखा नगद, जेवरात समेत सभी सामान जलकर राख हो गया। सूचना के बाद पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी तथा ग्रामीणों के सहयोग से लगभग दो घंटे के बाद आग पर काबू पाया गया। आगलगी की सूचना के बाद सीओ प्रवीण कुमार सिंह तथा थाना प्रभारी अभिनव कुमार मौके पर पहुंचे तथा नुकसान का जायजा लिया। बताया जाता है कि सुकुरहुटू गांव निवासी विजय सिंह के घर से दोपहर बाद अचानक आग की तेज लपटें उठने लगी। जिस समय घर में आग लगी उस समय विजय सिंह बाहर गए हुए थे उनके घर की महिलाएं घर के बाहर बरामदे में थी। आग की लपटें उठती देख शोर मचाने लगी। शोर सुनकर गांव के ग्रामीण दौड़े तथा कुडू पुलिस को सुचना दी गयी। सूचना के बाद सीओ प्रवीण कुमार सिंह थाना प्रभारी अभिनव कुमार मौके पर पहुंचे तथा फायर ब्रिगेड को सुचना दी गयी।

पोखरी गांव में गैरमजरूआ जमीन पर दबंगों का अवैध कब्जा, ग्रामीणों ने किया विरोध

मामले की होगी जांच : बीडीओ वीरेंद्र किंडो

भूमि पर अवैध कब्जा करने पर विरोध करते ग्रामीण।

ग्रामीणों के द्वारा 2 साल पूर्व से जांच करने हेतु अंचल कार्यालय में दिया गया है आवेदन

मामले की जांच प्रक्रिया जारी है शीघ्र ही इस मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जायेगी

आजाद सिपाही संवाददाता

मनिका (लातेहार)। मनिका प्रखंड के पोखरी गांव के सैकड़ों ग्रामीणों ने दिन मंगलवार को गैर मंजूरूआ भूमि पर दबंग लोगों के द्वारा अवैध रूप से कब्जा करने पर विरोध किया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए ग्रामीणों ने बताया कि गैरमंजूरूआ भूमि जिसका खाता न.47 प्लॉट न.271 रकबा 7.95 एकड़ है। ग्रामीणों ने बताया कि स्नेही सिंह पिता राजेश्वर सिंह ग्राम पोखरी के द्वारा इस भूमि पर कच्चा मकान बनाकर अवैध रूप से कब्जा करने की कोशिश की जा रही है।

ग्रामीणों ने बताया कि सनेही सिंह के द्वारा गैरमजरूआ भूमि पर अवैध कब्जा करने की लगातार कोशिश की जा रही है लेकिन हम लोगों ने इसका विरोध किया। और इस संबंध में जांच पड़ताल कर कार्रवाई करने हेतु अंचल कार्यालय मनिका में दो-तीन वर्ष पूर्व में ही आवेदन दिया गया था।

जिसके बाद अंचलाधिकारी के द्वारा इस भूमि पर बोर्ड लगा कर अवैध कब्जा करने से रोक लगाई गयी थी।

ग्रामीणों ने कहा कि जब लोग इसका विरोध करते हैं तो स्नेही सिंह और उसके परिवार वाले मारपीट एवं झगड़ा झंझट करने पर उतारू हो जाते हैं।

ये मौके पर उपस्थित थे

चंदेश्वर सिंह, महेंद्र सिंह, सरजू सिंह,अशोक सिंह, मंटू सिंह, संतोष सिंह, शकुंतला देवी, सुनीता देवी, मुनिया देवी, नीलम सिंह, सोनिया देवी, रिंकू कुमार, कुंती कुंवर, अनिता सिंह, किरण देवी, नेहा देवी, उर्मिला देवी, शनिचरी देवी, जिलेबा देवी, कविता देवी, वीरेंद्र सिंह, सुखलाल सिंह, श्याम सुंदर सिंह, संतोष सिंह, अशोक सिंह, बाबूलाल सिंह, विदेशी सिंह, कुणाल सिंह, महारानी यादव, छोटू सिंह, अधिकारी सिंह, गोवर्धन सिंह, समेत सैकड़ों ग्रामीणों लोगों ने विरोध किया है। इस संबंध में बीडीओ सह सीओ मनिका बिरेंद्र किंडो से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि ग्रामीणों के द्वारा अंचल कार्यालय में आवेदन दिया गया था। मामले की जांच प्रक्रिया जारी है शीघ्र ही इस मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जायेगी।

ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

कैरो। थाना क्षेत्र के नगजुआ निवासी 52 वर्षीय इस्लाम खान पिता स्व नफिर खान सोमवार रात्रि लोहरदगा से रांची जा रही। मालगाड़ी ट्रेन की चपेट में आने से मृत्यु हो गयी। जानकारी के अनुसार इस्लाम खान सोमवार लगने वाला नगजुआ बाजार से देर शाम अपने घर की ओर जा रहा था। पुराना रेलवे स्टेशन के करीब ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे ट्रेन खींचते हुए नये स्टेशन से आगे तक ले गयी। जिससे उसका शरीर की हिस्सो में कट गयी।

सड़क दुर्घटना में पांच लोग घायल

चंदवा। चंदवा यूपी से रांची रिम्स मरीज को लेकर जा रही स्कॉर्पियो चंदवा के लुकुइया मोड़ के पास ओवरटेक करने में अनियंत्रित हो गयी जिससे स्कॉर्पियो पेड़ से जा टकराई स्कॉर्पियो पर सवार 5 लोग मौजूद थे स्कॉर्पियो यूपी के बलरामपुर से रांची रिम्स मरीज लेकर जा रही थी उसी दौरान यह दुर्घटना घटी है सवार लोगों ने बताया कि स्कार्पियो चालक वह हम लोग बार-बार कह रहे थे कि आराम से चले परंतु चालाक बहुत ही स्पीड में चल रहा था और अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराया गया। स्कॉर्पियो रजिस्ट्रेशन संख्या जेएच03टी-7711 है। जबकि पायल पूजा ठाकुर पंकज ठाकुर मंदिर का ठाकुर विनोद ठाकुर विमला देवी है चंदवा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर प्रकाश बढ़ाई में प्राथमिक उपचार के बाद सभी को रिम्स रेफर कर दिया है वही स्कॉर्पियो को चंदवा पुलिस अपने कब्जे में कर ली है चालक फरार बताया जा रहा है।

रक्तदान शिविर लगा कर ब्लड डोनेट किया

चंदवा। चंदवा टोरी रेलवे सुरक्षा बल की स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर आरपीएफ इंस्पेक्टर दीपक कुमार के नेतृत्व में चंदवा टोरी रेलवे स्टेशन में आरपीएफ के द्वारा रक्तदान शिविर लगया गया। जिसमें मुख्य रूप से रक्तदाता करने वाले आरपीएफ के जवान मोहनलाल, अमित सिंह, अमित कुमार, संदीप, प्रीतम कुमार भारती, विकास कुमार चौबे, रोहित प्रताप सिंह, अभिषेक कुमार, उदय कुमार, कुंदन कुमार राम, गिर्राज प्रसाद मीणा समेत कुल 11 लोगों ने रक्तदान किया, इससे पहले 17 सितंबर को भी आरपीएफ के 6जवानों ने रक्त संग्रह केंद्र लातेहार में जाकर रक्तदान किया थामोहनलाल, अमित सिंह, अमित कुमार, संदीप, प्रीतम कुमार भारती, विकास कुमार चौबे, रोहित प्रताप सिंह, अभिषेक कुमार, उदय कुमार, कुंदन कुमार राम, गिर्राज प्रसाद मीणा ने अपना बहुमूल्य ब्लड दान कर अपने देश के प्रति निष्ठा और कर्तव्य नागरिक होने का परिचय दिया।

बालूमाथ में वज्रपात से दो की मौत

बालूमाथ। बालूमाथ थाना क्षेत्र के बालू ग्राम के चम्पा टोला में सोमवार की देर शाम वज्रपात की चपेट में आने से एक महिला और एक पुरुष की मौत हो गयी। मृतकों में चंपा टोला निवासी खैटू गंझू व स्व राम प्रसाद गंझू की पत्नी शामिल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों मृतक अपने मवेशियों को लेकर जंगल में चराने गए थे। इसी दौरान जोरदार बारिश शुरू हो गयी। बारिश से बचने के लिए दोनों एक पेड़ के नीचे छिपे थे। इसी दौरान वज्रपात हुई। जिसकी चपेट में आने से दोनों की मौके पर ही मौत हो गयी। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आंनद ने बताया कि, साइक्लोनिक सकुर्लेशन की वजह से बे ऑफ बंगाल में लो प्रेशर एरिया बन रहा है जो ओडिशा के तट से होकर गुजरेगा और छत्तीसगढ़ होते हुए आज झारखंड में प्रवेश करेगा। जिसके बाद राज्य के अलग- अलग हिस्सों में भारी बारिश देखने को मिलेगी।

एमओ ने डीलरों के साथ की बैठक

बरवाडीह। बरवाडीह प्रखंड सभागार कक्ष में 20 सितंबर को प्रखंड के जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों के साथ प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अनुज कुशरण ने बैठक की। बैठक में प्रखंड क्षेत्र के जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों को ई पोस मशीन के नये संस्करण को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही सभी पीडीएस डीलरों को समय पर खाद्यान्न वितरण करने का निर्देश भी दिया। बैठक में पीडीएस डीलर ज्वाला प्रसाद अजय चंद्रवंशी उमेश प्रसाद गुप्ता अशोक राम कुलदीप सिंह मुंडा मुरारी मुरारी अग्रवाल इकबाल सिंह मुन्ना अग्रवाल शिव कुमार जयसवाल सहित अन्य उपस्थित थे।

आरपीएफ ने चलाया स्वच्छता अभियान

बरवाडीह। बरवाडीह आरपीएफ की ओर से स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसी क्रम में बरवाडीह रेलवे स्टेशन परिसर में आरपीएफ, स्काउट एवं गाइड के द्वारा मंगलवार को स्वच्छता अभियान व जागरुकता अभियान चलाया गया। इसमें मुख्य रूप से आरपीएफ इंस्पेक्टर ओम प्रकाश ठाकुर शामिल हुए। इस दौरान आरपीएफ ने रेल यात्रियों को सफाई के प्रति जागरूक किया। यात्रियों को जहां तहां कचरा नहीं फेंकने की अपील की गई। मौके पर सब इंस्पेक्टर आलोक कुमार आनंद सहायक उपनिरीक्षक निरंजन मिश्रा श्री रंजीत बासु प्रमोद कुमार विधान चंद्र ललन चौधरी निखिल कुमार आरएन चौधरी मनीष कुमार संतोष कुमार यादव मनोज दास विकास कुमार उपेंद्र यादव समेत कई लोग शामिल थे।

राजस्व उप निरीक्षकों की अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी, की बैठक

लोहरदगा। झारखंड राज्य राजस्व उप निरीक्षक महासंघ की अगुवाई में 11 सूत्री लंबित मांगों को लेकर हड़ताल कर रहे विभिन्न अंचलों के राजस्व उप निरीक्षकों की बैठक मंगलवार को लोहरदगा प्रखंड परिसर स्थित बहुउद्देशीय भवन परिसर में हुई। बैठक के दौरान राजस्व उप निरीक्षक महासंघ के सदस्यों ने घोषित हड़ताल को लेकर परिचर्चा किया। अनिश्चितकालीन हड़ताल की बैठक में अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के सदस्यों ने भी समर्थन में उपस्थिति दर्ज कराया। इस मौके पर झारखंड राजस्व उप निरीक्षक महासंघ के अर्जुन प्रजापति ने कहा कि राजस्व उप निरीक्षकों की मांग जायज है। सरकार से अपने हक और अधिकार की मांग के लिए एकजुटता से लड़ाई लड़नी होगी। सभी सदस्य संयम और धैर्य के साथ एकजुटता बनाए और हड़ताल को सफल बनाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। इस मौके पर महासंघ के रामा महतो, राजेंद्र कुजूर ,विशाल कुमार सिंह, फिकुव उरांव, राजेंद्र कच्छप, विकास सोनी, प्रदीप कुजुर, अनूप उरांव, रीना कुमारी, बिनेश्वर भगत, दीपक कुजुर, परवीन कुमार, नीत शिखा तिर्की, नेहा कुमारी समेत अन्य मौजूद थे।

सेन्हा में अलग-अलग मामले में पांच वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

सेन्हा-लोहरदगा। समकालीन अभियान के तहत सेन्हा पुलिस ने दो वारंटी एवं तीन गवाह वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेजा। सेन्हा थाना क्षेत्र अंतर्गत अरु पंचायत के पतरा टोली निवासी सोमरा उरांव का 35 वर्षीय पुत्र मोहन उरांव उर्फ मोहन तिग्गा तथा बक्सीडीपा ढोढा टोली निवासी स्व. बिरसा उरांव का 33 वर्षीय पुत्र अशोक उरांव के विरुद्ध न्यायालय द्वारा वारंट जारी किया गया था। वहीं सेन्हा निवासी कमलू अन्सारी, शाहजहां बीबी, दारुद बीबी तथा अफरोज अन्सारी के विरुद्ध न्यायालय के समक्ष गवाह नहीं देने को लेकर वारंट जारी हुआ था। जिसके आलोक में समकालीन अभियान के तहत सेन्हा थाना प्रभारी ऋषिकांत एवं एएसआई राजेश शर्मा, सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी शास्त्र बल के साथ छापेमारी कर अलग अलग क्षेत्र से गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेजा। बताया जाता है कि मोहन उरांव उर्फ मोहन तिग्गा 35 वर्ष पिता सोमरा उरांव अरु पतरा टोली निवासी और अशोक उरांव बक्सीडीपा ढोढा टोली निवासी जो कोर्ट नोटिस का अवहेलना करते हुए लंबे समय से फरार चल रहा था। वही गवाह वारंटी कमलू अन्सारी, शाहजंहा बीबी, दारुद बीबी और अफरोज अन्सारी द्वारा कोर्ट में गवाही नही देने तथा न्यायालय के आदेश का उलंघन करने को लेकर गवाह वारंट जारी किया गया था। थाना प्रभारी ऋषिकांत ने बताया कि न्यायालय द्वारा जारी वारंट एवं आदेश का पालन करते हुए सभी वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

लोहरदगा। आयुष रूरल मेडिकल चैरिटेबल ट्रस्ट की अगुवाई में मंगलवार को सिसई प्रखंड के छारदा पंचायत भवन परिसर में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 200 गरीब और जरूरतमंद मरीजों का निःशुल्क इलाज कर उन्हें दवा का वितरण किया गया। शिविर में डॉ प्रसाद साहू एवं डॉ सुनील सिह द्वारा मरीजों का सफल इलाज किया गया। शिविर का उद्घाटन ट्रस्ट के प्रदेश अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, सचिव सुनील सिंह, उपाध्यक्ष आरपी कुमार, राजू कुमार, लोहरदगा जिला अध्यक्ष डॉ प्रसाद साहू आदि ने संयुक्त रूप से फीता काटकर विधिवत किया। इस मौके पर डॉ प्रसाद साहू ने कहा कि वर्षा ऋतु के दौरान मरीजों को विभिन्न संक्रमण से बचने की जरूरत है। मच्छरदानी का नियमित उपयोग करें। ग्रामीण जल संक्रमण समेत विभिन्न रोगों से बचाव के लिए पानी उबालकर पिये। किसी प्रकार की रोग होने पर झाड़-फूंक का सहारा ना लें। शिविर में ग्रामीण चिकित्सक भारत गोप, सुरमि देवी, गंधारी देवी, सीता देवी, मानो देवी, पार्वती देवी, भोला साहू, रामदेव साहू समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

डीआरएम पहुंचे लोहरदगा, रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण

लोहरदगा। रेलवे स्टेशन पर नये प्लेटफार्म और भवन निर्माण का कार्य चल रहा है। जिसका गुणवत्ता जांच करने पहुंचे डीआरएम प्रदीप गुप्ता। लोहरदगा टोरी रेल मार्ग पर कई नई ट्रेनों की परिचालन और लोहरदगा रेलवे स्टेशन पर ठहराव की भारतीय रेलवे योजना बना रही है जिसका कार्य लोहरदगा स्टेशन पर किया जा रहा है इसी को देखते हुए रांची रेलवे जोन के अधिकारी का एक समूह लोहरदगा पहुंच स्टेशन की विधि व्यस्था और निर्माण कार्य में गुणवता की जांच करने पहुंचे। लोहरदगा रेलवे स्टेशन पर नये प्लेटफार्म और भवन निर्माण का कार्य दिसंबर तक पूरा करने का समय दिया गया। रेलवे के अधिकारियों ने निर्माण कार्य को जांच कर दिसंबर तक ससमय पूरा करने का निर्देश दिया। लोहरदगा रेलवे स्टेशन के अधिकारियों से बात कर लोहरदगा स्टेशन की विधि व्यस्था के बारे में जानकारी ली। वही अंदेसा लगाया जा रहा है नये प्लेटफार्म के कार्य पुरा होते ही राजधानी एक्सप्रेस जैसे बड़ी ट्रेनों का ठहराव लोहरदगा स्टेशन पर होगी साथ ही कई नई ट्रेनों का परिचालन लोहरदगा टोरी रेल मार्ग से किया जायेगा जिससे रेलवे को समय और लागत में बचत होगी ताकि यात्रियों को भी बेहतर सुविधा मिलेगी।

बारियातु में तीन व्यक्ति की हुई मौत

बारियातु। टीओपी अंतर्गत दो अलग अलग घटनाओं में तीन व्यक्तियों की हुई मौत। बारियातु टीओपी क्षेत्र अंतर्गत मंधनिया ग्राम निवासी मजदूर की मौत चरकी टोंगरी के समीप बीते सोमवार को देर शाम बाइक के धक्के से सुरेन्द्र उरांव की मौत हो गयी। घटना के संबंध में ग्रामीणो व परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक टोंटी पंचायत के मंधनिया टोला निवासी सुरेन्द्र उरांव (40) जतरा मेला देखने इटके गये थे। मेला देखने के बाद लगभग शाम सात बजे वह अपने भाई बच्चों के साथ घर वापस लौट रहे थे। जैसे ही सरहचवा स्थित चरकी टोंगरी के पास पहुंचे पिछे से तेज गति में आ रहे बाइक सवार ने धक्का मार दिया। इससे सुरेन्द्र सड़क पर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गये। और बाइक सवार बाईक छोड़ कर मौके से फरार हो गया। मौके पर पहुंचे परिजनों और ग्रामीणों ने उसे निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बालुमाथ उपचार के लिए ले गया। जहां चिकित्सकों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद शव को वापस घर ले आये। शव को घर पहुते ही परिजनों व गांव में कोहराम मच गया। मृतक का एक लडका प्रकाश उरांव (10) और दो लड़की पुजा कुमारी (8) व सोनाली कुमारी (4) है। मंगलवार सुबह आक्रोशित ग्रामीणों व परिजनों ने टोंटी बारियातु मुख्य सड़क को जाम कर दिया। जाम की सूचना पा कर बीडीओ सह अंचलाधिकारी दीपाली भगत, टीओपी प्रभारी कुन्दन कुमार, राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि रिगन कुमार, जिला परिषद सदस्य रमेश राम, स्थानिय मुखिया शांति देवी, पंसस मो होजैफा जाम स्थल पर पहुंचे।

चिकित्सा प्रभारी की अध्यक्षता में सहिया दिवस मना

बरवाडीह। बरवाडीह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार में प्रखंड चिकित्सा प्रभारी डॉ आशीष रंजन की अध्यक्षता में मंगलवार को सहिया दिवस मनाया गया। सहिया दिवस के मौके पर एक ओर जहां तंबाकू निषेध कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सहिया साथी और सहिया को शपथ दिलाई गयी। वही दूसरी ओर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए हस्ताक्षर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चिकित्सा प्रभारी ने सहिया दिवस पर सहियाओं से कहा कि स्वास्थ्य के प्रति लोगो को जागरुकता करने का कार्य पूरी ईमानदारी से करे। कार्यक्रम में प्रखंड लेखा प्रबंधक, पीएमडब्ल्यू, एसटीटी, बीटीटी, एसटीटी, बीटीटी सहित प्रतिमा देवी, लालमुनि देवी, मिना देवी काफी संख्या में सहिया मौजूद रही।

दुर्गा पूजा को लेकर लोहरदगा थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर लोहरदगा थाना परिसर स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। जिसकी अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल ने किया। बैठक में पूजा समिति, जनप्रतिनिधि, गणमान्य लोग शामिल हुए। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि दुर्गा पूजा के दौरान सभी पूजा पंडालों पर दंडाधिकारी तथा पुलिस बलों की तैनाती की जायेगी। उन्होंने लोगों से शांतिपूर्वक दुर्गा पूजा का त्योहार मनाने की अपील की। वहीं एसडीपीओ वशिष्ठ नारायण सिंह ने लोगों से सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार पूजा मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि पूजा पंडालों पर अश्लील गाना बजाने पर पूर्ण रूप से रोक रहेगी। उन्होंने लोगों से प्रेम व उत्साह के साथ दुर्गा पूजा मनाने की अपील किया। वही बैठक में नियमित रूप से पानी, बिजली व साफ सफाई करने की बात कही गयी। सदर थाना प्रभारी अनिल उरांव ने कहा कि दुर्गा पूजा को लेकर जिले के सभी पूजा पंडालों व अन्य चौक-चौराहों पर पुलिस बल की तैनाती की जायेगी। सभी पूजा पंडाल के निकट सीसीटीवी लगाकर निगरानी की जायेगी। उन्होंने कहा कि आपत्तिजनक गाना नहीं बजाएंगे। सभी मिल जुलकर दुर्गा पूजा को मनाएंगे। किसी भी परिस्थिति में अफवाहों पर ध्यान नहीं देना है, यदि अफवाह की सूचना मिलती है। तो तुरंत सूचना पुलिस को देंगे। किसी भी स्थिति में कोई भी व्यक्ति कानून को अपने हाथ में नहीं लें। भगत नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी देवेंद्र कुमार ने कहा की पूजा पंडाल में मां की दर्शन करने के लिए पहुंचे श्रद्धालुओं के लिए महिला और पुरुषों के लिए प्रवेश द्वार अलग अलग बनाया जाए। पूजा कमेटी विसर्जन जुलूस तय रूट पर करें ताकी प्रशासन आपके सहयोग के लिए तत्पर रह सकें। दुर्गा पूजा सरकार द्वारा दी गई गाइड लाइन का पालन करते हुए शांतिपूर्वक भाईचारे के साथ पूजा का संचालन करें।

डीसीएलआर और डीएसओ को दी गयी विदाई

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। लोहरदगा जिला के जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रवीण केरकेट्टा और भूमि सुधार उप समाहर्ता मनीषा तिर्की को विदाई दी गयी। दोनों पदाधिकारियों का तबादला रांची जिला हो गया है। इस मौके पर उपायुक्त ने कहा कि दोनों पदाधिकारियों का प्रदर्शन जिला में बहुत अच्छा रहा है। भूमि सुधार उपसमाहर्ता के अलावा मनीषा तिर्की समाज कल्याण पदाधिकारी के प्रभार में भी थीं। समाज कल्याण और आपूर्ति विभाग में लोहरदगा जिला का प्रदर्शन बेहतर रहा है। दोनों पदाधिकारियों का कार्यकाल बेहतर रहा। उप विकास आयुक्त गरिमा सिंह ने कहा कि दोनों पदाधिकारियों का व्यक्तित्व बहुत ही अच्छा रहा। निर्वाचन के दौरान और अन्य गतिविधियों में भी दोनों पदाधिकारियों ने बेहतर कार्य किया। मौके पर पदाधिकारी प्रवीण केरकेट्टा ने कहा कि शुरूआत में थोड़ी दिक्कत होती थी लेकिन धीरे-धीरे विभाग में कार्य करते करते सब कुछ सामान्य हो गया। लोहरदगा जिला में सभी का भरपूर सहयोग मिला। लोहरदगा जिला में पदाधिकारियों का आपसी समन्वय काफी अच्छा है। समाज कल्याण पदाधिकारी मनीषा तिर्की ने कहा कि लोहरदगा जिला में पांच वर्ष से अधिक कार्य करने का अनुभव रहा। कार्यपालक दण्डाधिकारी के रूप में यहां ज्वाईन करने के बाद समाज कल्याण पदाधिकारी, कोषागार पदाधिकारी, भू-अर्जन पदाधिकारी के रूप में कार्य करने का अवसर मिला। अगर मौका मिला तो दोबारा लोहरदगा जिला में कार्य करने की इच्छा है। आज इस मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, जिला योजना पदाधिकारी अरूण कुमार सिंह, नजारत उपसमाहर्ता अमित बेसरा, समेत अन्य पदाधिकारियों ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस मौके पर जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी कार्यालयों के कर्मीगण उपस्थित

सप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन

बरवाडीह। मंगलवार को प्रखंड सह अंचल परिसर में बीडीओ की अध्यक्षता में पहली सप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसके तहत सामाजिक सुरक्षा योजना एवं अन्य सभी तरह के कार्यों से जुड़ें लाभुकों के मिलने वाले लाभ के बारे में जानकारी ली गयी। जनता दरबार में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों से आये लोगों के कल्याणकारी योजनाओं से जुड़ी समस्याओं को संबंधित विभाग के पदाधिकारियों से बात कर ऑन स्पॉट समाधान किया गया। इस संदर्भ में बीडीओ श्री सहाय ने बताया कि प्रत्येक मंगलवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन किया जाना है।

कोचा बरनाग के लोग सूप दऊरा बना कर गरीबी को दे रहे हैं मात

तुरी समाज के लगभग 30 परिवार हैं सूप दऊरा पर आत्मनिर्भर

हुसैन अंसारी

किस्को/लोहरदगा। हुनर इंसान के हाथ में हो तो हर चुनौतियों का सामना आसानी से किया जा सकता है। ये कोई कहावत नहीं बल्कि हकीकत है। बात करें गरीबी की तो मेहनतकश इंसान कभी भी गरीबी से लाचार और मजबूर नहीं बल्कि मजबूत होते हैं। बता दें कि जिले के किस्को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत खरकी के कोचा बरनाग गांव में वर्षों से बांस की लकड़ी से सूप दऊरा और डलसी बनाकर न सिर्फ आपना जीविकोपार्जन चला रहे हैं बल्कि अपने परिवार वालों के चेहरे पर मुस्कान बिखरने का भी काम कर दिखा रहे हैं तुरी समाज के गरीब असहाय परिवार के लोग। जंगल पहाड़ की तराई पर अवस्थित कोचा बरनाग गांव में वर्षों से निवास करते आ रहे तुरी समाज के गरीब असहाय परिवार वालों के समक्ष चुनौतियां कितने हैं पर अपने हुनर के दम पर परिवार वालों के जीवन में आर्थिक तंगी को मात देकर परिवार में मिठास लाने का सराहनीय कार्य करते आ रहे हैं। वर्तमान परिवेश में कोचा बरनाग के तुरी समाज के लोग गरीबी को कभी भी आड़े हाथों आने नहीं दिया है। कोचा बरनाग में निवास करने वाले तुरी समाज के दर्जनों परिवार वाले लोग अपने हुनर की काबिलियत के वजह से आज सुखी संपन्न जीवन व्यतीत करते आ रहे हैं।

ग्राम पंचायत खरकी कोचा बरनाग गांव में आदिम काल से निवास करते आ रहे

लोहरदगा जिला अंतर्गत किस्को प्रखंड के ग्राम पंचायत खरकी कोचा बरनाग गांव में आदिम काल से निवास करते आ रहे तुरी समाज के लगभग 30 परिवार वाले बांस की लकड़ी से पुजा पाठ में प्रयोग की जाने वाली तरह-तरह के सामग्रियों का निर्माण कर अपने बाल बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाने सहित अपने-अपने घरों की माली हालात को सुधारने में वर्षो से जुटे हुए हैं। इन लोगों का कहना है कि सरकार एवं जिला प्रशासन हमारी हुनर को बड़ा रूप देने में सहभागिता निभाने का कार्य करे तो हमारे समाज वालों के जीवन में उत्पन्न होने वाली हर मुसीबतों से निजात पाया जा सकता है।

कार्रवाई : नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी ने पांच ट्रांसपोर्ट एवं दो गोदामों में की छापेमारी

एक ट्रांसपोर्ट व एक गोदाम से भारी मात्रा में पॉलिथीन जब्त

कार्यपालक पदाधिकारी ने साबू रोड लाइंस ट्रांसपोर्ट कार्यालय किया सील

ट्रांसपोर्टर एवं गोदाम संचालक नंदिनी डिस्पोजल संस्थान पर 50-50 हजार का लगाया गया जुर्माना

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। मंगलवार को सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध को लेकर नगर परिषद ने बड़ी कार्रवाई की है। सुबह 8 से 10 बजे तक कार्यपालक पदाधिकारी संजय कुमार ने शहर के पांच ट्रांसपोर्ट तथा दो प्लास्टिक गोदामों में अचानक छापेमारी कर दी। इस क्रम में एक ट्रांसपोर्ट तथा एक गोदाम में बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित प्लास्टिक बरामद हुआ, जिसे जब्त कर लिया गया।

ट्रांसपोर्ट से 19 बोरा पॉलिथीन बरामद : छापेमारी के क्रम में सबसे पहले गुमला थाना के निकट स्थित वीना सिनेमा हॉल के जर्जर भवन में चल रहे साबू रोड लाइंस ट्रांसपोर्ट में छापेमारी की गई, जहां से 19 बोरा पॉलिथीन बरामद हुई, जिसके वजन का अनुमान 6 क्विंटल के आसपास लगाया गया। पूछताछ के दौरान ट्रांसपोर्टर सुनील कुमार स्पष्ट रूप से नहीं बता पाये कि यह प्रतिबंधित सामान किस व्यापारी द्वारा रांची से गुमला भेजा गया। यहां तक कि परिवहन संबंधी कोई वैध कागजात भी वे उपलब्ध नहीं करा सके।

ट्रांसपोर्ट कार्यालय सील : प्रतिबंधित प्लास्टिक के बारे में पर्याप्त जानकारी नहीं देने तथा ट्रांसपोर्ट द्वारा किन-किन लोगों को गुमला में पॉलिथीन की परिवहन सुविधा दी जा रही है इसकी जानकारी नहीं देने, ट्रेड लाइसेंस नहीं रहने, जर्जर भवन में कार्यालय चलाने आदि गंभीर प्रकृति के आरोप के कारण उक्त ट्रांसपोर्ट परिसर को कार्यपालक पदाधिकारी ने मौके पर ही सील कर दिया।

नंदिनी डिस्पोजल से 12 बोरा पॉलिथीन बरामद : शहर में सिंगल यूज प्लास्टिक उत्पादों की खरीद-बिक्री करने वाले व्यावसायिक संस्थान नंदिनी डिस्पोजल के गोदाम से छापामारी के दौरान 12 बोरा पॉलिथीन जब्त किया गया। पूर्व में भी इनके प्रतिष्ठान में दो बार सिंगल यूज प्लास्टिक की उपलब्धता को लेकर पूछताछ की जा चुकी थी लेकिन तब उन्होंने साफ इनकार कर दिया था कि उनके यहां ऐसा कोई प्रतिबंधित प्लास्टिक उत्पाद नहीं है। किंतु गुप्त सूचना के आधार पर उनके द्वारा किसी अन्यत्र जगह बनाए गए गोदाम में छापेमारी कर उक्त जब्ती की गई।

एक लाख रुपये जुर्माना : कार्यपालक पदाधिकारी ने उक्त ट्रांसपोर्ट तथा गोदाम मालिक पर पचास-पचास हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।

आदेश प्राप्ति के एक सप्ताह के अंदर जुर्माना जमा नहीं करने की स्थिति में नगरपालिका अधिनियम 2011 के तहत सख्त कार्रवाई के साथ-साथ नीलाम पत्र वाद चलाकर वसूली की प्रक्रिया अपनायी जाएगी।

यहां की गई छापेमारी : साबू ट्रांसपोर्ट के अलावा न्यू माहेश्वरी रोडलाइंस, गुमला रोड लाइंस, सिंह रोड कैरियर तथा न्यू भारत रोडलाइंस के यहां भी छापेमारी की गयी किंतु इन चारों के परिसर में किसी प्रकार का प्रतिबंधित प्लास्टिक बरामद नहीं हुआ।

छापेमारी के दौरान कार्यपालक पदाधिकारी संजय कुमार के साथ नगर प्रबंधक हिमांशु मिश्रा, कर दरोगा बृजेश कुमार, सचिन स्नेही, रवि महतो, जमादार संदीप कुमार सुमित राम आदि के अलावा गुमला थाने के पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

मिशन बदलाव ने लुपुंगपाट में लगाया चिकित्सा शिविर, ग्रमीणों ने कराया इलाज

गुमला (आजाद सिपाही)। मिशन बदलाव और चिकित्सा विभाग ने संयुक्त रूप से चैनपुर प्रखंड के लुपुंगपाठ में मगंलवार को चिकित्सा शिविर का अयोजन किया। इस शिविर में ग्रामीणों का मुफ़्त चेकअप और इलाज किया गया। मेडिकल टीम ने विभिन्न रोगों से ग्रसित मरीजों का भी इलाज किया। साथ ही 190 लोंगों के बीच मुफ्त दवा का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों को समझाते हुए मिशन बदलाव के भूषण भगत ने कहा कि हमेशा इंसान को स्वस्थ रहने का प्रयास करना चाहिए। अपने आसपास की गंदगी को हटायें, गड्ढों में पानी ना जमा होने दें। वातावरण को शुद्ध रखें। जिससे बीमारी का प्रकोप आपके क्षेत्र में ना हो। इसके बावजूद अगर गांव में कोई बीमार हो जाये तो झाड़-फूंक ना कराकर सीधे नजदीकी सरकारी अस्पताल से संपर्क करें। वहां चिकित्सकों के परामर्श से दवाओं का सेवन करें। हर स्थान पर सरकारी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हैं। सरकारी सुविधाओं का लाभ लेना चाहिए। क्योंकि सरकारी सेवाएं आपके लिए ही दी जाती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि व्यक्ति को स्वस्थ रहने के लिए प्रतिदिन व्यायाम भी करना चाहिए।

पेयजल आपूर्ति की समस्या से जूझ रहे हैं वार्ड नंबर 21 के निवासी

गुमला (आजाद सिपाही)। वीर कुंवर सिंह कॉलोनी एवं पालकोट रोड में पेयजल की आपूर्ति सुचारू नहीं होने से लोगों को काफी कठिनाई हो रही है। पेयजल आपूर्ति में सुधार नहीं होना लोगों के लिए बड़ी समस्या का कारण हो गया है। इस बाबत पूर्व में कई बार विभाग को अवगत कराया गया है। बावजूद इसके इस दिशा में विभाग द्वारा बिलकुल भी गंभीरता नहीं दिखाया गया, जो अत्यंत खेदजनक है। वार्ड संख्या 21 की पार्षद शैल मिश्रा ने बताया कि इन इलाके के लोग पेयजल का कनेक्शन तो लिये हैं। जलकर का नियमित भुगतान भी हो रहा है। बावजूद इसके जलापूर्ति नहीं की जा रही है। बार-बार विभाग को इस समस्या से अवगत करवाया जा रहा है। फिर भी यह समस्या जस की तस बनी हुई है। उन्होंने कहा कि विस्तारित पाईपलाइन में यदि कोई तकनीकी खराबी है तो इसे अविलंब दुरूस्त करने की जरूरत है।

प्रोडक्ट की खरीदारी ऑनलाइन नहीं करें : रमेश

गुमला (आजाद सिपाही)। चैंबर के पूर्व अध्यक्ष रमेश कुमार चीनी ने ग्राहकों से ऑनलाइन प्रोडक्ट की खरीदारी नहीं करने की अपील की है। कहा है कि ई-कॉमर्स पोर्टल पर किसी न किसी तरह का लुभावना ऑफर देकर ऑनलाइन सामानों की बिक्री की जा रही है। इससे स्थानीय बाजार प्रभावित हो रहा है और इससे व्यवसायियों को नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए जब तक बहुत जरूरी न हो और प्रोडक्ट बाजार में न मिलें, तब ही ऑनलाइन मार्केटिंग करें। अन्यथा अपने आस-पड़ोस या बाजार के दुकानदार से ही खरीदारी करें। इससे स्थानीय बाजार को बढ़ावा मिलेगा। जिसका लाभ हमें भी होगा। उन्होंने दुकानदारों से भी ऑनलाइन बाजार के तर्ज पर उसी कीमत में प्रोडक्ट लोकल बाजार में उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है, ताकि ग्राहक ऑनलाइन मार्केटिंग के प्रति प्रभावित न हों।

बिजली सुविधा से वंचित है लुपुंगपाठ गांव

मिशन बदलाव की टीम ने गांव पहुंचकर वहां के ग्रामीणों की समस्याओं की ली जानकारी

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। मिशन बदलाव का गांव चलो गांव बदलो अभियान के तहत चैनपुर प्रखंड के लुपुंगपाठ के आसपास रह रहे लगभग 300 आदिम जनजाति परिवार बिजली सुविधा से वंचित हैं। यहां नाममात्र पोल-तार लगे हैं पर बिजली नहीं है। सभी जगहों पर पूरे किलोमीटर एरिया में दूर दूर तक तार खींचकर बिजली पोल खंभा सभी लगा हुआ है। आज मिशन बदलाव की पूरी टीम के साथ सात गांव के लोग पाट में भी बैठक किये। लगभग 360 लोग बैठक में आये और अपनी अपनी समस्या को

साझा किया। मिशन बदलाव की टीम ने गांव पहुंचकर वहां के ग्रामीणों से रूबरू होते हुए यह आश्वाशन दिया कि प्रशासन एवं विभाग से बिजली तार और नया ट्रांसफॉर्मर की मांग को रखा जायेगा।

ग्रामीणों ने बताया कि आज तक हमलोग कभी बिजली कहां कैसे होती है उसको देखे भी नहीं हैं। गांव भ्रमण के दौरान मिशन बदलाव टीम के भूषण भगत, राज कुमार, जितेश मिंज एवं मिशन बदलाव सदस्य सह मुखिया प्रियंका अशुर, जगेशर अशुर एवं मिशन बदलाव रांची टीम से पंकज चंद गोस्वामी एवं भारत सरकार में कार्यरत अवध कुमार एवं सात गांव के ग्रामीण, मुखिया एवं रिच संस्था के शंकर उरांव और आशा बड़ाईक सदस्य एवं ग्राम प्रधान उपस्थित थे।

बीडीओ ने प्रखंड कार्यालय में चलाया स्वच्छता अभियान

कहा- स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक अभियान के रूप में चलाया जा रहा है

आजाद सिपाही संवाददाता

घाघरा। प्रखंड कार्यालय परिसर में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत घाघरा बीडीओ विष्णु देव कच्छप और प्रखंड कर्मियों ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष की साफ-सफाई की। इस क्रम में बीडीओ विष्णु देव कच्छप ने अपने कार्यालय में झाड़ू लगाया। साथ ही टेबल सहित दरवाजे की सफाई भी की।

इधर कई कर्मी अपने कार्यालय व रखे सामानों में कंप्यूटर गोदरेज सहित अन्य वस्तुओं की सफाई की। इस पर बीडीओ विष्णुदेव कच्छप ने कहा कि स्वच्छता ही

सेवा कार्यक्रम 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक अभियान के रूप में चलाया जा रहा है। उसके निमित्त प्रत्येक दिन प्रखंड के कई जगहों पर कार्यक्रम किये जा रहे हैं। लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

बीडीओ विष्णुदेव कच्छप कहा कि स्वच्छता ही सेवा के उद्देश्य को जन जन तक पहुंचाने का कार्य हम सभी को करने की जरूरत है। 21 सितंबर से पंचायतों में भी स्वच्छता अभियान के तहत कई जगहों पर कार्यक्रम किये जाएंगे और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत स्वच्छता ही सेवा को लेकर शपथ प्रखंड के सभी कर्मियों द्वारा ली गई। इस मौके पर उपस्थित लोगों में बीडीओ विष्णु देव कच्छप सहित कई पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।वर प्रसाद, विरेन्द्र राम, धीरज गुप्ता एवं अन्य मौजूद थे।

गुरुकुल में गायन एवं नृत्य प्रतियोगिता 23 को

गुमला (आजाद सिपाही)। जिला मुख्यालय स्थित गुरुकुल कोचिंग संस्थान का 11वां वार्षिकोत्सव कार्यक्रम आगामी 23 सितंबर को स्थानीय ऑडिटोरियम में आयोजित किया जाएगा। इस आशय की जानकारी देते हुए संस्था के निदेशक रविंद्र सिन्हा ने कहा कि संस्था के वार्षिक उत्सव के मौके पर गायन एवं एकल नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता में 17 वर्ष से लेकर 30 वर्ष तक का कोई भी प्रतिभागी भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार से सम्मानित भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इच्छुक प्रतिभागी 22 तारीख की शाम 05 बजे तक संस्थान के कार्यालय में अपना पंजीयन करा सकते हैं।

झारखंड नवनिर्माण दल की बैठक 21 को

गुमला (आजाद सिपाही)। झारखंड नवनिर्माण दल व महिला मंडल सहयोग संचालन समिति बिशुनपुर प्रखंड इकाई की बैठक 21 सितंबर को प्रखंड मुख्यालय बिशुनपुर में आयोजित की जाएगी। यह बैठक 28 सितंबर को शहीद भगत सिंह जयंती पर आयोजित होने वाले जन सत्याग्रह कार्यक्रम की सफलता के लिए तथा महिलाओं पर बढ़ते अत्याचार के खिलाफ व महिला अधिकार पर रणनीति बनाने के लिए की जायेगी। बैठक दिन के 12 बजे से आयोजित की जा रही है। बैठक में केंद्रीय संयोजक विजय सिंह तथा प्रखंडस्तरीय पदाधिकारी और महिला मंडल के पदाधिकारी मुख्य रूप से भाग लेंगे। उक्त जानकारी झानद मजदूर यूनियन गुमला जिला प्रभारी शंकर उरांव ने दी।

प्रेस कांफ्रेंस : प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन जेजेएमपी के खिलाफ गुमला पुलिस को मिली सफलता

हथियार के साथ जेजेएमपी का एरिया कमांडर सहित दो गिरफ्तार

विजय उरांव के विरुद्ध गुमला के चैनपुर व लोहरदगा के सेरेंदाग थाना में हत्या, लूट, रंगदारी व आर्म्स एक्ट के केस दर्ज हैं

आजाद सिपाही संवाददाता

सिसई। पुसो पुलिस ने सोमवार की शाम को बड़ी सफलता हासिल करते हुए प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन जेजेएमपी के एरिया कमांडर पेशरार थाना क्षेत्र के रोरद करंज टोली गांव निवासी विजय उरांव उर्फ अमृत जी (21) व उसके सहयोगी सेन्हा थाना क्षेत्र के पारही बसार टोली गांव निवासी बादल लोहरा उर्फ राहुल लोहरा (19) को हथियार के साथ गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया।

इस बावत एसडीपीओ मनीष चन्द्र लाल व इंस्पेक्टर एसएन मंडल ने प्रेस वार्ता कर बताया कि जल नल योजना एवं अन्य विकास योजनाओं के ठेकरदार व मुंशी का मोबाइल नंबर दो संदिग्ध युवकों के द्वारा प्राप्त करने का प्रयास किये जाने की गुप्त सूचना थानेदार सत्यम गुप्ता को सोमवार की शाम को मिली थी। क्षेत्र के कई ठेकेदार व बालू कारोबारियों से पूर्व में लेवी मांगने व नहीं देने पर अंजाम भुगतने की सूचना मिल चुकी थी। इस कारण पुलिस गुप्त सूचना को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों युवकों को कोरांम्बे मोड़ के समीप से धर दबोचा। तलाशी में एक देसी लोडेड पिस्टल, दो गोली, चार मोबाइल, कई सिम और जेएच 01सीआई 6223 बाइक बरामद हुआ। पूछताछ में एक की पहचान जेजेएमपी के एरिया कमांडर विजय उरांव उर्फ अमृत जी व दूसरे की पहचान बादल लोहरा उर्फ राहुल लोहरा के रूप में हुई। पूछताछ में विजय उरांव ने अपने स्वीकृति बयान में बताया कि 2015 में माओवादी के रविन्द्र गंझू के संपर्क में आकर वह संगठन में जुड़ा था, उस समय उसकी उम्र 14 वर्ष थी, संगठन में दस्ते का सामान ढोने का काम करता था। रविन्द्र गंझू ने उसे हथियार चलाने की ट्रेनिंग भी दिया था।

2021 में जेजेएमपी सुप्रीमो रविन्द्र यादव के संपर्क में आकर जेजेएमपी संगठन से जुड़ गया। विजय की कार्य शैली से खुश होकर रविन्द्र यादव ने लोहरदगा, गुमला एरिया का उसे एरिया कमांडर बना दिया। इसके दस्ते में 17 सदस्य, इंसास, एसएलआर, एके 47, थ्री नॉट थ्री राइफल, थ्री फिफ्टीन राइफल है। रेडियो वॉकी टॉकी का भी प्रयोग करते हैं। विजय के विरुद्ध गुमला के चैनपुर व लोहरदगा के सेरेंदाग थाना में हत्या, लूट रंगदारी व आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज है।

ज्ञात हो कि दो माह पूर्व भी लेवी मांगने आए जेजेएमपी के दो अपराधियो को पुसो पुलिस ने लरंगो से गिरफ्तार कर जेल भेज चुका है। क्षेत्र में उग्रवादी संगठन के बढ़ते प्रभाव से लोग दहशत में है।

पीएलएफआइ का फरार सदस्य आशीष भगत गिरफ्तार

सिसई (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के बरटोली गांव निवासी आशीष भगत (30) को उसके घर से गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया गया। इस बाबत थानेदार आदित्य कुमार चौधरी ने बताया कि आशीष 2009 में पीएलएफआई का सक्रिय सदस्य था। उसके विरुद्ध 2009 में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज है। वह 13 वर्षों से फरार चल रहा था। गुप्त सूचना पर सोमवार की रात को उसे उसके घर से गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया गया। इससे पूर्व में भी आशीष आर्म्स एक्ट के मामले में जेल जा चुका है।

महत्वपूर्ण न्यूज

सिसई प्रखंड में उत्कृष्ट कार्य के लिए 19 बीएलओ को एसडीओ ने किया सम्मानित

सिसई (आजाद सिपाही)। प्रखंड सभागार में मंगलवार को सम्मान समारोह आयोजित कर 19 बीएलओ को मतदाता पहचान पत्र में उत्कृष्ट आधार सिडिंग करने के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसडीओ रवि आनंद ने सभी 19 बीएलओ को प्रशस्ति पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में सरोजनी देवी, गोविंद प्रसाद, उषा देवी, रेखा देवी, रामजीवन साहू, पानपती देवी, वन्दनावती देवी, मीणा देवी, अजन्ति देवी, शकुंतला देवी, हीरामणी पन्ना, फिरदलिया कुजूर, अनिता देवी, विरसमनी देवी, इस्तेखार अहमद, रविराम उरांव, ललित कुमार महतो, अजीजुर रहमान व सावित्री देवी शामिल हैं। एसडीओ ने कहा कि अन्य प्रखंडों से सिसई के बीएलओ ने उत्कृष्ट कार्य किये हैं। इन्ही लोगों की ईमानदारीपूर्वक कार्य के कारण 67 प्रतिशत मतदाताओं का आधार सिडिंग का कार्य पूर्ण हो चुका है। लक्ष्य के अनुरूप सभी अपने कार्य को ससमय पूर्ण करें, लक्ष्य पूर्ण करने वाले सभी बीएलओ को समानित किया जाएगा। मौके पर प्रमुख मीणा देवी, बीडीओ सुनीला खलखो, सीओ अरुणिमा एक्का, बीपीएम रिजवाना, सुषमा तिर्की, रवि कुमार साहू सहित सभी पसे, बीएलओ उपस्थित थे।

बीडीओ ने 15वें वित्त योजना के कार्यों में तेजी लाने के दिये निर्देश

जारी (आजाद सिपाही)। जारी प्रखंड सभागार में बीडीओ सुमन गुप्ता की अध्यक्षता में प्रखंडकर्मियों के साथ समीक्षा बैठक की गयी। समीक्षा बैठक में बीडीओ सुमन गुप्ता ने प्रखंडकर्मियों से कहा कि 15वें वित्त में योजना चालू करना है। साथ ही कहा कि ध्यान रहे अभी तुरंत में जो योजना प्लान प्लस में चढ़ा है उसमें धरातल पर काम करना शुरू करें। वहीं मनरेगा की समीक्षा करते हुए कहा कि अब मनरेगा से प्रत्येक गांव में मात्र पांच योजना ऑन गोइंग रहेगा। सभी रोजगार सेवक, मुखिया एवं पंचायत सेवकों को निर्देश देते हुए कहा कि जो योजना पूर्ण हो गई है उसे बन्द करें। उन्होने कहा कि पांचों पंचायत में स्थित पंचायत सचिवालय का सुन्दरीकरण किया जाएगा और सचिवालय में मुखिया, पंचायत सेवक एवं रोजगार सेवक सप्ताह में तीन दिन बैठकर ग्रामीणों का कार्य करेंगे। मौके पर प्रमुख उर्मिला केरकेट्टा, जिला परिषद सदस्य दिलीप बड़ाईक, सीओ रेशमा रेखा मिंज, रजनी मिंज, बिनय एक्का, फुलमाईत देवी, माईकल कुजूर, चाजरेण मिंज, महिन्द्र उरांव, वसीम अंसारी, रंजीत उरांव, परशुराम उरांव, अजय काश्मीर टोप्पो, नागेन्द्र उरांव, नागेन्द्र चौधरी, एलजीएएस के तुर मुहम्मद अंसारी सहित प्रखंडकर्मी उपस्थित थे।

गुमला डीडीसी ने मोंटफोर्ट विद्यालय, कोनबीर नवाटोली का किया निरीक्षण

बसिया (आजाद सिपाही)। गुमला डीडीसी हेमंत सती द्वारा मंगलवार को प्रखंड के कोनबीर नवाटोली स्थित मोंटफोर्ट विद्यालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने क्लास रूम, कम्प्यूटर रूम, हॉस्टल समेत पूरे स्कूल परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान बसिया एसडीओ संजय पीएम कुजूर, जिला शिक्षा पदाधिकारी गुमला, बीडीओ बसिया, स्कूल के प्रिंसिपल एवं कर्मी उपस्थित थे।

सहायक आचार्य पद की परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न

पालकोट (आजाद सिपाही)। प्रखंड स्थित आरसी मध्य विद्यालय कैम्बा में सहायक आचार्य पद की लिखित परीक्षा शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हुई। विद्यालय के सचिव शिव साह ने बताया कि आज की परीक्षा में 35 लोग आवेदन दिये थे, जिसमें 25 लोगों ने ही परीक्षा दी। परीक्षा के सुचारू रूप से संचालित करने के लिए क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी मौजूद रहे। इसी संदर्भ में शिव साहू ने कहा कि स्थायी निकाय की बदौलत ही स्कूल को 1962 ईस्वी से स्थानीय लोगों के द्वारा सुचारू रूप से चलाया जा रहा है। जिसमें आज तक किसी प्रकार का कोई व्यवधान नहीं हुआ है। इस परीक्षा को विफल करने के लिए फादर मोजेश खलखो ने दो बार विभिन्न दैनिक अखबारों में प्रकाशित करवाया परंतु यहां के लोग और कमेटी ने मिलकर परीक्षा को शांतिपूर्ण संपन्न कराया। इस आयोजन में अहम योगदान क्षेत्रीय शिक्षा पदाधिकारी प्रियांशी भगत, इनामुल हक, सचिव शिव साहू, प्रधानाध्यापक लोचन साहू, रामसहाय साहू, छत्रपाल सिंह, रविंद्र सिंह, जलेश्वर साहू, अलख नारायण सिंह, बालेश्वर साहू, जोक्विम बरला, सैलस्टील किड़ो, सरिता देवी, नारायण साहू, पुष्पा नगेसिया, सुरेंद्र नगेसिया के अलावे कई ग्रमीण मौजूद थे।

टांगीनाथ धाम विकास समिति की बैठक 24 को

डुमरी (गुमला)। बाबा टांगीनाथ धाम विकास समिति की बैठक दिनांक 24 सितंबर दिन शनिवार को 11:00 पूर्वाह्न से आहूत की गई है। जिसमें धाम के विकास से संबंधित आवश्यक विषयों पर विशेष चर्चा होनी है। अतः इस बैठक में बाबा टांगीनाथ धाम विकास समिति के सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, सक्रिय सदस्यों सहित जनसामान्य से भी शामिल होने की अपील की गई है। उक्त आशय की जानकारी समिति के उपाध्यक्ष संजय साहू ने दी है।

पशु कृमि नाशक दवा का किया गया वितरण

डुमरी (गुमला)। जेएसएलपीएस कार्यालय डुमरी में प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉक्टर रेखा टेरेसा कूजूर के द्वारा आजीविका पशु सखियों के बीच कृमि नाशक दवा का वितरण किया गया। साथ ही कृमि नाशक दवा के उपयोग बकरी, बैल, गाय आदि पशुओं में किस तरह करना है इसकी विस्तृत जानकारी दी गई। वहीं कहा गया कि यदि किसी किसी पशु में लंपी स्कीन बीमारी का कोई लक्षण दिखे तो फौरन संबंधित पशु चिकित्सा कर्मी को सूचित करें या टोल फ्री नंबर 18003097711 पर कॉल करें। मौके पर बीपीएम अभिषेक मिश्रा, सीमा कुमारी, शशांक शेखर पाण्डेय, आलोक रक्षा वर्धन सहित आजीविका पशु सखी एवं जेएसएलपीएस के कर्मी उपस्थित थे।

ग्रामीण की नदी में डूबने से मौत

घाघरा (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के देवाकी बाबा धाम स्थित अड़िया नदी में 55 वर्षीय जमुना गंझू की नदी में डूबने से मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार जितिया करमा बासी मनाने के लिए मीट खरीदने चड़ेया से देवाकी पेट्रोल पंप के समीप आया। जहां से मीट खरीद कर नदी पार करते हुए चड़ेया जा रहा था। इसी दौरान नदी के किनारे थैला में तौलिया व मीट रख कर नदी में घुसा और अचानक ही नदी में गहराई की ओर जाने लगा और डूब गया। सोमवार को रात भर घर नहीं जाने के बाद परिजन खोजने लगे इसी क्रम में नदी के पास आये तो थैला में गमछा व मीट रखा हुआ मिला और बैल चराने वाले बच्चों ने घटना की जानकारी दी। जिसके बाद ग्रामीणों ने नदी से शव को ढूंढ कर निकाला।

अपराधियों की पहचान कर ली गयी है, छापामारी अभियान चलाया जा रहा है : थाना प्रभारी

पलामू के हैदरनगर में दो सीमेंट व्यवसाई की दुकान पर बाइक सवार अपराधियों ने फेका पर्चा, हवाई फायरिंग भी की, पर्चा में 50-50 लाख की मांगी गई है रंगदारी, पर्चा में बिट्टू सिंह ने ली है जिम्मेवारी

हैदरनगर/पलामू (आजाद सिपाही)। जिला के हैदरनगर थाना क्षेत्र के रेलवे गुमटी के समीप दिनदहाड़े बाइक सवार दो अपराधियों ने व्यवसायी की दुकान पर व आसमानी फायरिंग की और हवा में पिस्टल लहराते हुए फरार हो गए। मौके पर अपराधियों ने दो व्यवसायी भाइयों के नाम 50 लाख रुपये की रंगदारी की मांग पर्चा फेक कर की है। घटना से व्यवसायियों में दहशत का माहौल है। घटना मंगलवार की सुबह 8 बजकर 21 मिनट की है। हैदरनगर बाजार से रेलवे गुमटी जाने वाले मेन रोड पर प्रसिद्ध व्यवसायी अनिल लाल अग्रवाल व सुनील लाल अग्रवाल की सीमेंट दुकान के पास अपराधियों ने हवाई फायरिंग दुकान के सामने की और चार पर्चा फेंक कर भाग गए। अपराधी अपाची बाइक पर सवार थे। उन्होंने नकाब भी नही पहना हुआ था। पर्चा में दोनों व्यवसायी भाइयों से 50-50 लाख रुपये की रंगदारी की मांग की गई है। साथ ही पुलिस को सूचना देने पर अंजाम भुगतने की बात लिखी है। घटना की जिम्मेदारी बिटू सिंह ने ली है। घटना के बाद व्यवसायी भाइयों ने पुलिस को सूचना दी गई है। पुलिस तत्काल घटना स्थल पर पहुंच कर छानबीन में जुट गई है। सीसीटीवी खंगाला जा रहा है। बताया जाता है कि अपराधी बाजार की ओर से आए फायरिंग की और पर्चा फेका चलते बने। हालाकि अपराधियों की तस्वीर सीसीटीवी में कैद हो गई है। थाना प्रभारी अजीत कुमार मुंडा ने दोनो व्यवसाई भाईयो से जानकारी लेने के बाद अपराधियों का सुराग लगाने में जुट गए हैं। थाना प्रभारी अजीत कुमार मुंडा ने बताया कि घटना में शामिल अपराधियों की पहचान कर ली गई है। अपराधकर्मी बिट्टू सिंह उर्फ सुधीर सिंह, पिता पृथ्वी सिंह ग्राम बिंदु बिगहा, हैदरनगर का निवासी है। इसके खिलाफ हैदरनगर कांड संख्या 14/22 अंकित है। दिनांक 11/02/2022 धारा 307/34 भादवि एवं 27 आर्म्स एक्ट में जेल जा चुका है। इस मामले में आरोप पत्र भी समर्पित किया गया है। उन्होंने बताया कि पीड़ित पक्ष से आवेदन प्राप्त कर प्राथमिकी दर्ज की गई है। अपराधियों की शिनख्त कर धर पकड़ की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि जल्द ही पुलिस अपराधियों को गिरफ्तार कर लेगी।

आयुक्त ने की खासमहाल भूमि की समीक्षा

पलामू (आजाद सिपाही)। पलामू प्रमंडल क्षेत्र में खासमहाल भूमि का सत्यापन/भौतिक सर्वेक्षण का कार्य किया जायेगा। इसकी प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जायेगी। इस दौरान खासमहाल की भूमि के लीज के शर्तों का पालन नहीं करने वालों का लीज रद्द करने संबंधी कार्रवाई की जायेगी। राजस्व हित में खासमहाल भूमि का लीज नवीकरण की पहल भी की जाएगी। वहीं खासमहाल की अतिक्रमित भूमि को चिन्हित करने संबंधी कार्रवाई होगी। उक्त बातें आयुक्त जटा शंकर चौधरी ने कही। वे सोमवार को आयुक्त कार्यालय में पलामू प्रमंडल क्षेत्र के खासमहाल भूमि की समीक्षा कर रहे थे। आयुक्त खासमहाल पदाधिकारियों से खासमहाल भूमि की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली और उन्होंने राजस्व संग्रहण के मद्देनजर आवश्यक दिशा निदेश दिया। आयुक्त ने पदाधिकारियों को खासमहाल के मैनुअल का अध्ययन कर उसमें निहित प्रावधानों का अनुपालन करते हुए कार्य करने का निदेश दिया। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में अवस्थित खासमहाल भूमि के लिए प्रपत्र बनाते हुए अंचल अधिकारियों से खासमहाल भूमि की पूरी विवरणी एक माह के भीतर प्राप्त करने, खासमहाल भूमि के लीज धारकों की सूची तैयार कर उपलब्ध कराने तथा भूमि एवं लीज की स्थिति को जांचने के लिए स्थलीय भौतिक सत्यापन कराने का निदेश दिया। सत्यापन कार्य के लिए एक टीम गठित करने एवं टीम के सदस्यों को प्रशिक्षण देकर सत्यापन कार्य में लगाने का निदेश दिया। खासमहाल भूमि का सत्यापन/सर्वेक्षण के लिए उन्होंने 3 माह का समय भी निर्धारित कर दिया है। टीम के सदस्यों को जिम्मेदारी देने एवं उनके द्वारा सत्यापन/सर्वेक्षण कार्य में गलत किए जाने की स्थिति पर कार्रवाई करने की भी चेतावनी दी है। साथ ही खासमहाल भूमि का लीज नवीकरण के लिए 1 माह के भीतर नया दर/संशोधित दर का निर्धारण को लेकर राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग को पत्र भेजने की सलाह दी। वहीं खासमहाल भूमि की विवरणी 3 दिनों में कंप्यूटरीकृत कराने का निदेश दिया। उन्होंने विभाग को यह भी अवगत कराने की बातें कहा कि नया दर (दर रिन्यूअल) निर्धारण नहीं होने से राजस्व का घाटा हो रहा है। आयुक्त ने खासमहाल भूमि से संबंधित माननीय उच्च न्यायालय में लंबित वादों की एक समेकित सूची तैयार करते हुए राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग को भेजने का निदेश दिया, ताकि विभागीय स्तर पर इन वादों का निष्पादन हेतु सरकारी अधिवक्ता के माध्यम से माननीय न्यायालय से अनुरोध किया जा सके। आयुक्त कार्यालय में आयोजित बैठक में आयुक्त के सचिव अनिल कुमार, पलामू के खासमखास पदाधिकारी सह सदर एसडीओ राजेश कुमार साह, गढ़वा जिले के खासमहाल पदाधिकारी एवं प्रभारी जिला कानूनगो उपस्थित थे।

शैक्षणिक व प्रशैक्षणिक प्रमाण पत्रों की जांच लंबित रहने से शिक्षकों में नाराजगी

प्रमाण पत्र सत्यापन न होने के कारण तीन माह से मानदेय पर लगी है रोक
बीईईओ रामनरेश राम ने बताया कि सहायक अध्यापकों को प्रमाण पत्र जमा करने का निर्देश दिया गया है, मगर वह खुद जांच कराने का दबाव बना रहे है, जो नियम विरुद्ध है

हैदरनगर/पलामू (आजाद सिपाही)। सहायक अध्यापकों के शैक्षणिक व प्रशैक्षणिक प्रमाण पत्रों का सत्यापन कार्य लंबित रहने व मानदेय भुगतान को लेकर प्रखंड इकाई हुसैनाबाद हैदरनगर की संयुक्त सांगठनिक बैठक सूर्य मंदिर परिसर दिवान विगहा में प्रखंड अध्यक्ष पप्पू पटेल की अध्यक्षता में आहूत की गयी।संचालन संयोजक विजय बहादुर सिंह ने किया।बैठक में राज्य शिक्षा परियोजना व जिला शिक्षा परियोजना के निदेर्शानुसार आकलन परीक्षा के पूर्व सभी शैक्षणिक व प्रशैक्षणिक प्रमाण पत्रों का सत्यापन टीम गठन कर प्रमाण पत्र जाँच समिति अध्यक्ष सह क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी के निर्देशन में शीघ्र सत्यापन किया जाना के संदर्भ में प्रखंड हुसैनाबाद एवं हैदरनगर के सहायक अध्यापकों का चालीस प्रतिशत प्रमाण पत्र सत्यापन कार्य क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी नरेश राम के टाल-मटोल रवैये व विभागीय उदासीनता के कारण लंबित है।जिसे लेकर सहायक अध्यापकों में रोश व्याप्त है।प्रमाण पत्र सत्यापन न होने के कारण सहायक अध्यापकों का मानदेय भी बाधित है।जिन अध्यापकों का प्रमाण पत्र पूर्ण हो चुका है उनका भी मानदेय भुगतान न होने से सहायक अध्यापकों को आर्थिक संकटों से जूझना पड़ रहा है।बैठक में सहायक अध्यापकों ने कहा कि सभी प्रमाणपत्रों का शीघ्र सत्यापन प्रक्रिया प्रारंभ नहीं किया गया तो 27 सितंबर को बीआरसी सह क्षेत्र शिक्षा कार्यालय हुसैनाबाद का घेराव व तालाबंदी किया जाएगा।कहा कि क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी नरेश राम अपने निर्धारित कार्यालय में नहीं बैठते और न ही विभागीय कार्यों का समय पर निष्पादन करते हैं। जिसके कारण सत्यापन के लिए सहायक अध्यापक कार्यालय का चक्कर काट रहे हैं। बैठक में विश्वनाथ राम रवि, राजेन्द्र मेहता, शिवनाथ राम, मशकूर अहमद, अमित शर्मा, अशोक पाल, गोविंद सिंह,विरेंद्र मेहता, रामराज राम, अभय कुमार सिंह, शिवसागर राम, शैलेश सिंह, संतोष पांडेय, अजित कुमार, अंगद राम सहित कई शिक्षक शामिल रहे।

क्या कहते हैं बीईईओ

बीईइओ रामनरेश राम ने बताया कि सहायक अध्यापकों को प्रमाण पत्र जमा करने का निर्देश दिया गया है। मगर वह खुद जांच कराने का दबाव बना रहे है। जो नियम विरुद्ध है।

पुलिस अपराधियों को दे रही संरक्षण : पूर्व विधायक

नन वेलेबुल केस दर्ज कर अपराधी को एक दिन बाद छोड़ा

हरिहरगंज /पलामू (आजाद सिपाही)। हुसैनाबाद के पूर्व विधायक सह आजसू के केंद्रीय उपाध्यक्ष कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने मंगलवार को अपने हरिहरगंज स्थित आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर बताया कि सोमवार को तीन अपराधी हमले की नीयत से पिस्टल के साथ मेरे आवास पर आए थे। जिसे मेरे सुरक्षा गार्ड ने तत्परता दिखाते हुए एक अपराधी को धर दबोचा था। जबकि दो अन्य अपराधी भाग खड़े हुए थे।उन्होंने कहा कि पकड़े गए अपराधी को मेरे द्वारा स्थानीय थाना पुलिस को सौंपा भी गया। इस संबंध में मेरे द्वारा थाना में प्राथमिकी भी दर्ज करायी गयी है। बावजूद इसके बिहार राज्य के कुटुंबा थाना क्षेत्र के इब्राहिमपुर गांव निवासी अपराधी वरुण कुमार सिंह को नन वेलेबुल केस दर्ज कर एक दिन बाद हरिहरगंज थाना से जमानत पर छोड़ दिया गया। जबकि भागे गए दो अन्य अपराधिय पुलिस के पकड़ से अभी भी बाहर है। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार अपराधी से भी आवेदन लेकर काउंटर केस दर्ज कराया गया। इससे साफ जाहिर होता है कि पुलिस किसी के दबाव में आकर अपराधियों को संरक्षण देते हुए बचाने का काम कर रही है।उन्होंने कहा कि उन्हें षड्यंत्र के तहत मॉब लीचिंग के तहत हत्या करने का साजिश रची गई थी। उन्होंने कहा कि अपराधियों के सपोर्ट में थाना के आसपास काफी संख्या में एक गुट के लोगों द्वारा मेरे निहत्थे समर्थकों पर अचानक हमला बोला गया था। साथ ही उन्होंने पूरे मामले में थाना प्रभारी पर अपराधियों को बचाने का आरोप लगाया है।

दिव्यांग बच्चों का जांच उपकरण वितरण कैंप का आयोजन

पांडू/पलामू (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत प्रखंड संसाधन केंद्र में दिन मंगलवार को समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत समावेशी शिक्षा के तहत 3 आयु वर्ग से 18 आयु वर्ग के अध्ययनरत दिव्यांग छात्र-छात्राओं का जांच सह उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया. जिसमें पांडू एवं उंटारी रोड प्रखंड के 55 छात्र- छात्राओं के बिच कुल 68 उपकरण का वितरण किया गया. तथा कुल 40 नए छात्र छात्राओं को उपकरण हेतु जांच में चयनित किया गया. मौके पर समावेशी शिक्षा प्रभारी राजीव चौबे, , रोहित कुमार गुप्ता, सतीश कुमार तिवारी, मनीष प्रसाद, आकांक्षा ज्योतसत्य, गुलशन कुमार के साथ-साथ रिसोर्स शिक्षक उपस्थित रहे.

सरोज प्रसाद कुशवाहा ने दिया पद और पार्टी से इस्तीफा

हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के हरिहरगंज प्रखंड अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि सरोज प्रसाद कुशवाहा ने मंगलवार को पद और पार्टी से इस्तीफा दे दिया। इसकी जानकारी उन्होंन पीपरघाट गांव स्थित अपने आवास पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में विज्ञप्ति जारी कर दी।प्रेस कांफ्रेंस के दौरान उन्होंने केवाला से प्राप्त रैयती जमीन खरीदारी के बाद कुछ लोगों द्वारा इसे राजनीति से प्रेरित होकर और उक्त जमीन को मठ और धर्म से जोड़कर लोगों को गुमराह करने से उत्पन्न स्थिति को कारण बताया। साथ ही उन्होंने कहा कि आगामी हरिहरगंज नगर पंचायत के संभावित चुनाव को देखते हुए कुछ भावी प्रत्याशियों व धर्म के नाम पर राजनीति करने वाले लोगों के द्वारा एनसीपी पार्टी और मेरी बढ़ती लोकप्रियता को धूमिल करने का कार्य किया जा रहा था। उन्होंने कहा कि इसके पहले मेरे द्वारा समाचार पत्रों के माध्यम से यह अपील की गई थी कि मठ से संबंधित एक भी वैध कागजात है तो अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के बीच प्रस्तुत किया जाय। लेकिन अब तक ऐसा नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि विवादित जमीन का मामला एक तरफ कोर्ट में चल रहा है। बावजूद इसके प्रशासनिक निदेर्शों के विपरीत कुछ लोगों द्वारा उक्त जमीन पर गलत तरीके से बजरंगबली की मूर्ति स्थापित कर धार्मिक उन्माद फैलाई जा रही है, जो निंदनीय है। उन्होंने जोर देकर कहा कि मुझे भी अपने धर्म से प्रेम और आस्था है, पर गलत तरीके से धर्म के नाम पर राजनीतिक रंग देना अनुचित है। मेरे पर्सनल मैटर से जोड़कर स्थानीय विधायक पर आरोप लगाना भी निंदनीय है। जिसे देखते हुए मैं अपने पार्टी और पद से इस्तीफा दे दिया। इस सम्बन्ध में पूछे जाने पर क्षेत्रीय विधायक सह राकांपा प्रदेश अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह ने सरोज प्रसाद के इस्तीफे को पार्टी हित मे बताते हुए उनका इस्तीफा स्वीकार करने की बात कही।

एनपीयू द्वारा दीक्षांत समारोह में सभी विद्यार्थियों को शामिल नहीं करना दुर्भाग्य की बात है : विद्यार्थी परिषद

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। विद्यार्थी परिषद पलामू द्वारा स्थानीय प्रमंडलीय कार्यालय गणपति धर्मशाला में प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि नीलाम्बर पीताम्बर विश्वविद्यालय द्वारा आगामी अक्टूबर माह में आयोजित होने जा रही दूसरे दीक्षांत समारोह को सिर्फ विश्वविद्यालय कैंपस एवं कुछ शिक्षकों एवं छात्रों तक सीमित करने का तय किया हुआ है। राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य विनीत पांडेय ने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दीक्षांत समारोह में 130 टॉपर्स को शामिल करने एवं 69 लाख के बजट की बात कहा गया था। चूंकि दीक्षांत समारोह विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के द्वारा दिये जाने वाले विभिन्न शुल्क से आयोजित होगी,तो अभाविप का स्पष्ट मानना है कि दीक्षांत समारोह में विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले सामान्य विद्यार्थियों को भी शामिल किया जाना चाहिए एवं समारोह को पारदर्शिता के साथ आयोजन किया जाना चाहिए। विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने समय समय पर विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व विभिन्न कार्यक्रमों में करते हैं उसके बाद भी वैसे छात्रों को दीक्षांत समारोह में शामिल नही किया जा रहा है। दीक्षांत समारोह के लिए डीएस डबलू के आदेश पर कल्चरल प्रोग्राम की भी तैयारी की गई थी और विद्यार्थियों को भी विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के लिए कहा गया था लेकिन अब राज्यपाल की सुरक्षा का हवाला देकर इस कार्यक्रम को भी रद्द कर दिया गया। जिससे भाग लेने वाले विद्यार्थियों में मायूसी की स्थिति उत्पन्न हो गई है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने दीक्षांत समारोह संचालन हेतु बनी विभिन्न कमिटी तक को सार्वजनिक नही किया है। विश्वविद्यालय द्वारा टॉपर्स का भी पंजीयन शुल्क सहित किया जा रहा है। विभाग संयोजक मंजुल शुक्ल ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा दीक्षांत समारोह को लेकर की गई निविदा में भी कई तरह की अनिमियतता देखनी को मिल रही है। जिसमें समारोह के लिए टेंट,साउंड एवं लाइट और प्रिंटिंग मटेरियल के लिए जारी टेंडर को बिना रद्द किए पुनः उसी निविदा को कोटेशन के रूप में मांगा गया। विश्वविद्यालय को यह बताना चाहिए कि प्रारंभिक स्तर पर ऐसा क्या हुआ जो पुनः निविदा को कोटेशन के रूप में निकाला गया सिर्फ 130 टॉपर्स के लिए आयोजित कार्यक्रम को करने के लिए इतनी वृहद राशि का बजट क्यों तैयार किया गया। विश्वविद्यालय प्रशासन को उनके द्वारा समारोह हेतु तैयार प्राक्कलन की राशि को मद वार सार्वजनिक करना चाहिए,चूंकि समारोह में लगने वाला पैसा विद्यार्थियों का है और पैसे पर विद्यार्थियों का प्रथम अधिकार है। आखिर ऐसी क्या विषम परिस्थिति उत्पन्न हो गयी कि विश्वविद्यालय इस दीक्षांत समारोह के लागत हेतु आने वाली राशि की स्थिति को क्यों नही स्पष्ट करती है,क्या यह मान लिया जाए कि विश्वविद्यालय की समारोह के आयोजन के आड़ में बहुत बड़े भ्रष्टाचार का खेल खेलने वाली है। यह भी लगता है कि बार बार एक हि कार्य के लिए निविदा निकलना कहीं न कहीं विश्वविद्यालय में कई वर्षों से एक हि जगह पर कार्य कर रहे कर्मचारियों और पदाधिकारियों का भी अहम् भूमिका है। विद्यार्थी परिषद विश्वविद्यालय पर आरोप नही लगा रही है बल्कि मांग कर रही है कि विश्वविद्यालय अगर इतनी ईमानदार है तो सार्वजनिक रूप से बताए कि इतनी बड़ी राशि का बजट किस मद में और कहां व्यय हो रही है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में विभाग संयोजक मंजूल शुक्ल,राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य विनीत पाण्डेय, जिला संयोजक अभय वर्मा,जिला सह संयोजक रोहित देव,जिला सोशल मीडिया प्रमुख राजन कश्यप,नगर मंत्री रामाशंकर पासवान,सह मंत्री अभिषेक रवि, नितीश दूबे,राहुल कुमार चेरो आदि कार्यकर्ता मुख्य रूप से उपस्थित थे।

पीएलएम प्रमुख ने प्रधानमंत्री के नाम बीडीओ को ज्ञापन सौंपा

सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही)। लोक मंच प्रमुख श्यामसुंदर मिस्त्री सत्यार्थी ने मंगलवार को प्रधानमंत्री के नाम मांग पत्र सतबरवा बीडीओ को सौंपा। मांग पत्र में पीएलएम प्रमुख श्री सत्यार्थी ने कहा है कि झारखंड प्रदेश के पश्चिमांचल पलामू प्रमंडल व चतरा जिले के 20 हजार वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल में फैले हुए 70 लाख लोगों के प्रति राज्य सरकार उदासीन है, जिसके कारण लोगों की दशा अत्यंत दयनीय है। रोजगार,शिक्षा, चिकित्सा,सिंचाई, सुरक्षा का घोर अभाव है। वही बेरोजगारी,पलायन और हिंसा चरम पर है।पलामू प्रमंडल व चतरा जिले को मिलाकर पलामू राज्य का गठन यही एकमात्र निदान है। उन्होंने मांग पत्र में सहारा इंडिया का समस्त जमा धन सूद समेत वापस दिलाने, पीएम आवास योजना एवं स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत निर्मित आवास और शौचालयों की गुणवत्ता का उच्च स्तरीय जांच, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना तथा प्रधानमंत्री जल संग्रह योजना के तहत निर्मित सभी सड़कों, चेक डैमों की गुणवत्ता का उच्च स्तरीय जांच, पलामू प्रमंडल व चतरा के सभी बंद पड़े कारखानों व खदानों को चालू करने तथा मंडल डैम के अधूरे कार्यों को पूरा करने की मांग की है। मौके पर पंकज कुमार पाठक, राजकुमार सिंह, ओम प्रकाश पाठक, अखिलेश्वर पांडे,उमेश प्रसाद, मनोज कुमार पाठक, ज्योति सिंह समेत कई लोग उपस्थित थे।

गरीबों का अनाज ले जा रहा ट्रैक्टर पलटा

हरिहरगंज /पलामू (आजाद सिपाही)। प्रखण्ड कार्यालय परिसर में स्थित एफसीआई गोदाम से मेन गेट तक जर्जर सड़क अधिकारियों को मुंह चिढ़ा रही है। बरसातों के समय आये दिन एफसीआई गोदाम से गरीबों का अनाज उठाव के बाद बड़े वाहनों का गड्ढे में फस जाना या ट्रेक्टर की ट्रॉली पलट जाना आम बात हो गई है।इसके बावजूद भी अधिकारी जर्जर हालात की सड़क मरम्मती करना या करवाना अधिकारी मुनाशिब नहीं समझते हैं।इस दौरान मंगलवार को भी एफसीआई गोदाम के कुछ दूरी पर अनाज लदा एक ट्रैक्टर का ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गया और पूरी अनाज की बोरी जमीन पर गिर गयी।इस दौरान हल्की बारिश भी हो रही थी।तत्काल एफसीआई गोदाम में मौजूद मजदूरों की मदत से अनाज को सुरक्षित रखा गया।हलाकि ट्रेक्टर पर सवार एक मजदुर और चालक बाल बाल बचें।गोदाम से अनाज लदा ट्रेक्टर प्रखण्ड क्षेत्र के सरसोत पंचायत अंतर्गत जन वितरण प्रणाली के दुकानदार रामसुन्दर राम के दुकान ले जा रहा था।

भाजपा नगर मंडल की बैठक में अल्पसंख्यक मोर्चा का किया गया गठन

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। नगर मंडल विश्रामपुर के भलुही वार्ड 01 में नगर मंडल अध्यक्ष के आवास पर अल्पसंख्यक मोर्चा के कार्यसमिति के गठन हेतु एक बैठक किया गया। जिसका अध्यक्षता नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम एवं संचालन महामंत्री संतोष राम ने किया। जिसमें सर्वसम्मति से अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष सदर जुमराती अंसारी एवं महामंत्री मो.मैनुदिन अंसारी को चुना गया। साथ मे कार्यसमिति का भी विस्तार किया गया। सेवा पखवाड़ा के तहत तीन टीवी मरीज कपिल राम, सीताराम, अनिल चौधरी को अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष सदर जुमराती अंसारी एवं महामंत्री मैनुदिन अंसारी,आफताब अंसारी के द्वारा फल एवं अंगवस्त्र दिया गया। जिसका पालक बबन राम,संतोष राम एवं संजय ठाकुर को बनाया गया। साथ मे संयोजक रजनीश चंद्रवंशी,मंत्री लक्ष्मी देवी,मंत्री दुर्गावती देवी,महिला मोर्चा अध्यक्ष किरण शर्मा,युवा मोर्चा अध्यक्ष संजय ठाकुर, महामंत्री विकाश कुमार,आलमगीर अंसारी उपस्थित थे।

स्पोर्ट्स

मंधाना एकदिनी रैंकिंग में तीन स्थान ऊपर सातवें स्थान पर आ गयी हैं

आइसीसी एकदिनी रैंकिंग में सातवें स्थान पर पहुंची स्मृति मंधाना

दुबई । इंग्लैंड के खिलाफ आईसीसी महिला चैम्पियनशिप श्रृंखला के पहले एकदिवसीय मैच में 91 रनों की मैच जीताउ पारी खेलने वाली भारतीय सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना को आईसीसी रैंकिंग में जबर्दस्त फायदा मिला है। मंधाना एकदिनी रैंकिंग में तीन स्थान ऊपर सातवें स्थान पर आ गई हैं, जबकि टी-20 रैंकिंग में वह करियर के सर्वश्रेष्ठ दूसरे स्थान पर पहुंच गई हैं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 श्रृंखला में 111 रन बनाए थे। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर एकदिवसीय रैंकिंग में चार पायदान की बढ़त के साथ नौवें स्थान पर पहुंच गई हैं, हरफनमौला खिलाड़ी दीप्ति शर्मा एक स्थान के फायदे से 32वें स्थान पर और विकेटकीपर यास्तिका भाटिया शनिवार को होव में भारत की सात विकेट से जीत के बाद आठ स्थान की बढ़त के साथ 37वें स्थान पर पहुंच गई हैं। दीप्ती गेंदबाजों की रैकिंग में भी छह पायदान के फायदे से 12वें स्थान पर पहुंच गई हैं। इंग्लैंड के लिए, एम्मा लैम्ब और सोफी एक्लेस्टोन बल्लेबाजों की रैंकिंग में क्रमशः 64 वें और 72 वें स्थान पर हैं, जबकि चार्ली डीन सूची में 86 वें स्थान पर हैं। गेंदबाजों में डीन 20वें स्थान पर हैं, जबकि केट क्रॉस शीर्ष 10 में हैं। भारत और इंग्लैंड के बीच खेले गए तीन मैचों की टी-20 श्रृंखला के बाद भारत की हरमनप्रीत कौर बल्लेबाजों की रैंकिंग में एक स्थान के फायदे के साथ 14वें स्थान पर पहुंच गई हैं। वहीं, नई गेंद की गेंदबाज रेणुका सिंह गेंदबाजों की रैंकिंग में 10वें और स्पिनर राधा यादव 14वें स्थान पर हैं। ऑलराउंडर स्नेहा राणा और पूजा वस्त्राकर संयुक्त-41वें स्थान पर हैं।

धनबाद के केंदुआ में कचरे के गोदाम में लगी आग, पांच लाख की संपत्ति जलकर खाक

कतरास (आजाद सिपाही)। केंदुआ के कलाली मोड़ स्थित रिहायशी इलाके में आशा महाराज के कचरा गोदाम में सोमवार की रात करीब 11 बजे अचानक आग लग गई। अग्निशमन विभाग के दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर रात 12 आग पर काबू पाया। गोदाम में आग की ऊंची लपटें देख आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। लेकिन समय रहते दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पा लिया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। गोदाम संचालक नंदकिशोर शर्मा ने कहा कि आग से 5 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। आग लगने की सूचना पर वहां लोगों की भीड़ जुट गई। लोग गोदाम के अंदर से प्लास्टिक की बोतल से भरे बोरों को आनन-फानन में गोदाम से निकालकर सड़क पर फेंका। इसलिए आग ज्यादा नहीं फैली। आग बुझाने में बारिश भी मददगार साबित हुई, वरना आग भड़कने पर आसपास की दर्जनों दुकाने चपेट में आ जातीं। केंदुआडीह थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और जांच की। शहर में कई जगहों पर रिहायसी इलाकों में भी कचरा गोदाम खोल दिये गये हैं।

शहरी विकास योजना के लाभुकों ने भुगतान की मांग की

नगर निगम कार्यालय पर प्रदर्शन कर धरने पर बैठे

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। धनबाद नगर निगम के वार्ड संख्या 14 खरिकाबाद बस्ती के प्रधानमंत्री आवास योजना के 80 लाभाकों ने भुगतान के मांग को लेकर नगर निगम के कार्यालय पर मंगलवार को प्रदर्शन कर धरना दिया। धरना का कार्यक्रम धनबाद जिला कांग्रेस कमिटी सोशल मीडिया के बैनर तले किया जा रहा था। लाभुकों का कहना था कि प्रथम किस्त के तौर पर 45 हजार रुपये की राशि मिली। इसके बाद आज तक शेष राशि नहीं मिल सकी है। 1 साल से ऊपर हो चुका है। कईयों ने तो अपना पुराना घर भी तोड़ दिया। इस आस में कि एक-दो माह में पक्का निर्माण हो जायेगा। धनबाद डिस्ट्रिक्कांग्रेस कमिटी सोशल मीडिया डिपार्टमेंट के बैनर तले लाभुकों ने धरना दिया। इसका नेतृत्व बबलू दास और राजू दास कर रहे थे। राजू दास ने बताया कि इस संबंध में कई बार नगर आयुक्त सत्येंद्र कुमार से मुलाकात भी की गई, लेकिन उन्होंने कोई पहल नहीं की। लाभुकों से दुर्व्यवहार तक किया गया। साथ में कांग्रेस नेता भी थे। इनसे भी अभद्र व्यवहार किया गया। किस्त नहीं मिलने और दुर्व्यवहार के विरोध में मंगलवार को नगर निगम कार्यालय के सामने लाभुकों ने धरना प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन के दौरान ये रहे मौजूद

प्रदर्शन करने वालों में अवधेश पासवान, गोपाल धारी, मंटू कुमार, दिनेश सिंह, दिनेश यादव, राजू दास, गणेश रजक, अरविंद कुमार सैनी, हीरा मेहरा, अशोक कुमार सिंह, नवनीत नीरज, राजेश्वर सिंह, राकेश पासवान आदि मौजूद थे। राजू दास ने बताया कि दो तीन बार नगर आयुक्त को मांग पत्र सौंप चुके हैं। इसके बाद भी अभी तक कोई पहल नहीं हुई। लाभुकों में प्रदर्शन करने वालों में उषा देवी, जगन्नाथ दास, शीला, भादो, सारो, उत्तम दास, नेहा, फूल कुमारी शामिल थे।

कांग्रेसियों ने भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम में की नुक्कड़ सभा

आजाद सिपाही संवाददाता

झरिया। कांग्रेस के भारत जोड़ो पद यात्रा कार्यक्रम को लेकर मंगलवार को झरिया प्रखंड कांग्रेस कमेटी के प्रखंड अध्यक्ष इम्तियाज अली के नेतृत्व में जयरामपुर, जीनागोरा, गुड़िया बस्ती, सेठ कोठी, बाउरी पट्टी, आटा चक्की,भैंस मोड होते हुए जयरामपुर एरिया ऑफिस तक पदयात्रा किया गया। मुख्य रूप से एआइसीसी सदस्य संतोष सिंह, जिला कार्यकारी अध्यक्ष रवींद्र वर्मा, प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि सह बीस सूत्री सदस्यशमसेर आलम शामिल थे। संतोष सिंह ने कहा की अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष सोनिया गांधी के आह्वान एवं राहुल गांधी के नेतृत्व में 7 सितंबर से भारत जोड़ो यात्रा का शुभारंभ किया गया है। केंद्र की मोदी सरकार सभी मोर्चों पर विफल रही है। मोदी सरकार ने देश में पेट्रोल, डीजल, घरेलू गैस एवं खाद्य सामग्री की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि कर लोगों की कमर तोड़ दी है। कार्यक्रम में योगेंद्र सिंह योगी, नवनीत नीरज, वीरेंद्र गुप्ता, अनिल सिंह, धर्मेंद्र सिंह, अमन साव, रामाकांत सिंह, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष जाहिर अंसारी, जावेद खान, सिकंदर आजम, भूषण सिंह, जुनेद आलम, इकराम कुरैशी, चंदन पासवान, रामाकांत धोबी, गोपाल धारी, संजय यादव, रमेश निषाद, आसिफ रजा, मोहम्मद शमीम, अशोक साह, संतोष सिंह, इंतियाज आलम आदि थे।

बीएसएल में महिला अधिकारियों से संवाद कार्यक्रम

बोकारो (आजाद सिपाही)। 20 सितंबर को बीएसएल के मानव संसाधन विकास केंद्र में 'रू ब रू' नामक एक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बीएसएल के विभिन्न विभागों, माइंस डिवीजन तथा एसआरयू के लगभग 35 महिला अधिकारी शामिल हुई। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक (तकनीकी-निदेशक प्रभारी सचिवालय) लक्ष्मी दास सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम के आरंभ में बीएसएल के निदेशक प्रभारी अमरेंदु प्रकाश ने प्रतिभागियों को सुरक्षा शपथ दिलायी। तत्पश्चात उत्पादन, उत्पादकता, कार्यप्रणालियों में नवाचार, सुरक्षा इत्यादि से जुड़े विषयों पर चर्चा की गई। आरंभ में प्रबंधक (एचआरडी)प्रीति कुमारी ने मुख्य अतिथि तथा प्रतिभागियों का स्वागत किया तथा पूरे कार्यक्रम कार्यक्रम का समंवयन किया। बोकारो इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक दायित्व विभाग (सीएसआर) के तत्वाधान में बोकारो इस्पात शैक्षणिक न्यास द्वारा संचालित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बोकारो प्राइवेट आईटीआई में सत्र-2022 के लिए नामांकन के लिये ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। ऑन लाइन आवेदन प्रक्रिया 10 सितंबर से जारी है तथा ऑन लाइन आवेदन की अंतिम तिथि 25 सितम्बर है।

समिति हमेशा सामाजिक कार्यों में हिस्सा लेती है: शोभा मलिक

कतरास (आजाद सिपाही)। नेत्रहीन आवासीय विद्यालय जगजीवन नगर धनबाद में दीक्षा महिला मंडल के निर्देश पर मंगलवार को प्रज्वला महिला समिति सिजुआ क्षेत्र के द्वारा विद्यालय के नेत्र हीन बच्चों को समिति के सदस्यों ने भोजन कराया। समिति के अध्यक्ष शोभा मलिक ने कहा कि समिति हमेशा सामाजिक कार्यों में बढ़चढ कर हिस्सा लेती है। आगे भी सामाजिक कार्य करती रहेगी। मौके पर प्रज्वला महिला समिति के सदस्य काकुली राय, विमला मिश्रा, सुनिता सिंह, पूनम सिंह, बिनिता कुमार,सीमा जैसवाल, सुनिता राम, बबिता दास, अर्पणा चौधरी सहित अन्य कई सदस्य आदि उपस्थित थी।

सिंडीकेट समर्थक अजय के सामने स्थानीय बीसीसीएल प्रबंधन की कुछ नहीं चलती

आजाद सिपाही संवाददाता

कतरास। कोयला उठाव को लेकर एक बार फिर मंगलवार को रणक्षेत्र से बचा मुराईडीह कोल डंप, सिंडिकेट समर्थक तथा विरोधी गुट में मंगलवार को पुलिस की सक्रियता के कारण टल गई हिंसक झड़प। मंगलवार को सिंडिकेट विरोधी गुट के कन्हाई चौहान सहित अन्य डीओ धारक को कोयला के तिन ट्रक लोडिंग पाइंट पर पहुंची थी। सिंडीकेट समर्थक कई तरह के हथकंडे आपनाते हुए ट्रक लोडिंग कार्य बाधित करने का किये प्रयास लेकीन एक ट्रक लोडिंग हो गई।

ये है मामला

मंगलवार की सुबह मुराईडीह कोलियरी कोल डंप पर कोयला उठाव कार्य को लेकर सिंडीकेट समर्थक डीओ धारक तथा सिंडीकेट विरोधी डीओ धारक कंहाई चौहान और उमेश चौहान की की ट्रक मुराइडीह कांटा घर पर पहुंची थी लेकिन सिंडीकेट समर्थक की दो ट्रक तथा सिंडीकेट विरोधी गुट के तीन ट्रक कांटा होने के बाद आचानक मुराइडीह कोलियरी का कांटा खराब हो गया। इसलिए लिये मात्र पाच ट्रक ही कांटा होकर लोडिंग प्वाइंट पर लोडिंग कार्य के लिए पहुंची। सिंडीकेट विरोधी गुट के ट्रक लोडिंग के लिए तीन ट्रक में मात्र एक ट्रक लोडिंग के लिए लोकलसेल मजदूर उपलब्ध हो पाये। जिस दंगल को ट्रक लोडिंग कार्य करना था वो लोग निर्धारित समय पर नही उपलब्ध हुए तो बरोरा पुलिस ने दूसरे दंगल के मजदूर से ट्रक लोडिंग कार्य प्रारंभ कराने का प्रयास किये लेकिन मात्र एक ट्रक का ही लोडिंग कार्य प्रारंभ हो पाया। मंगलवार की सुबह लगभग आठ बजे पांच ट्रक मुराईडीह कोल डम्प पर लोडिंग कार्य के लिए पहुंची और कुछ सिंडीकेट समर्थक लोगों ने लोडिंग पाइंट पर पहुंच कर ये आफवह फैला दिया की कांटा खराब हो गया है और जो पांच खाली ट्रक का कांटा हुआ है। उसका भी वजन गलत-सलत निकला है इसलिये लिये आज ट्रक लोडिंग कार्य नहीं होगा कांटा ठीक होने के बाद ट्रक का कांटा दोबारा करने के बाद ही लोडिंग कार्य प्रारंभ होगी। इसलिए लोकलसेल के लगभग अधिकांश मजदूर मायूस होकर अपने घर लौट गये। तथा सिंडीकेट समर्थक लोग जगह जगह गुट बनाकर कोलडंप मे फैल गये ताकी सिंडीकेट विरोधी गुट का ट्रक लोडिंग न हो सके। लेकिन कुछ दिन पहले हुई मारपीट की घटनाक्रम को लेकर पुलिस प्रशासन सतर्क थी तथा मंगलवार की अहले सुबह लगभग छह बजे ही मुराइडीह कोल डंप में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर किसी भी अप्रिय घटनाक्रम को रोकने के लिए मुस्तैद थी। पुलिस किसी कीमत पर ट्रक लोडिंग कार्य बाधित नही होने देना चाहती थी लेकिन सिंडीकेट समर्थक के हथकंडा के सामने पुलिस प्रशासन और बीसीसीएल प्रबंधन पूरी तरह से विफल रही। सिंडीकेट समर्थकों ने लोडिंग कार्य बाधित करने के लिए सबसे पहले मुराईडीह कोलियरी का उत्पादन ठप कर दिया और कई प्रकार के झूठी अफवाह फैलाकर लोकलसेल मजदूर को कोलडंप छोड़कर जाने पर मजबूर कर दिया ताकी सिंडीकेट विरोधी गुट को ट्रक लोडिंग कार्य के लिए समय पर मजदूर उपलब्ध न हो पाये मुराइडीह, शताब्दी और फुलारीटांड कोलडंप मे खाता न बही जो कहे अजय वो सही। इस तिनो कोलडंप पर सिंडीकेट समर्थक अजय महतो की देखरेख मे सिंडीकेट समर्थक डीओ धारक की ट्रक लोडिंग कार्य चलता है अजय महतो के मर्जी के खिलाफ कोलडंप में कोई भी कार्य सम्भव नहीं है चाहे वो बीसीसीएल प्रबंधन हो या पुलिस प्रशासन किसी की भी मर्जी नहीं चलती अजय के सामने। बीसीसीएल प्रबंधन तो चाह कर भी सिंडीकेट समर्थक अजय महतो के खिलाफ कुछ भी करने की हिम्मत नहीं जुटा पाती है भले ही बीसीसीएल प्रबंधन को तनख्वाह कोयला भवन से मिलती है लेकिन आदेश सिंडीकेट समर्थक अजय महतो की मानते है।

एग्यारकुंड प्रखंड कार्यालय में पंचायत समिति की हुई बैठक

चिरकुंडा। एग्यारकुंड प्रखंड कार्यालय में मंगलवार की पंचायत समिति की मासिक बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख संगीता महतो ने किया। बैठक में सर्वप्रथम इसलिए मासिक बैठक की हुई। चर्चाओं पर समीक्षा की गई साथ ही सभी विभागों कि चर्चा शुरू किया गया। प्रमुख संगीता महतो ने पीडीएस दुकान में हो रही अनियमितता की बात उठाई साथ ही दुकानदारों को विशेष निगरानी रखने की बात कही। उन्होंने कहा कि बीच-बीच में एक महीना के राशन को गायब कर दिया जा रहा है, गरीबों को सरकार द्वारा दी जा रही राशन उपलब्ध नहीं हो रही। पंचायत समिति मधु सिंह ने बैठक में समय पर कार्यालय खुलने एवं विकलांगों को व्हीलचेयर की मांग की गई। बैठक में बिजली जल एवं स्वस्था, आगनबाड़ी प्रधानमंत्री आवास, पेंशन सहित सभी विषयो पर अपनी अपनी बातें रखा गया। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी विनोद कर्मकार, सांसद प्रतिनिधि धिरज सिंह, अंचलाधिकारी अमृता कुमारी, उप प्रमुख विनोद कुमार दास, बीपीएम रमेश मंडल, बीपीओ श्रीकांत कुमार, रंजन सिंह, मुकेश रंजन सहित पंचायत समिति एवं विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

उपायुक्त का कार्यालय (समाज कल्याण शाखा) लातेहार

विज्ञापन

बाल संरक्षण सेवाएँ (CPS) के अन्तर्गत जिला स्तर पर संविदा के आधार पर चयन

बाल संरक्षण सेवाएँ (CPS) भारत सरकार के एक महत्वकांक्षी योजना है, जिसके अन्तर्गत राज्य में किशोर न्याय (बालकों के देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015 के विभिन्न प्रावधानों का प्रभावी रूप से क्रियान्वयन किया जा रहा है। बाल संरक्षण सेवाएँ के अन्तर्गत जिला स्तर पर संविदा के आधार पर कार्य करने हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है।

(1) जिला बाल संरक्षण ईकाई (DCPU)

क्र0	पद का नाम	पदों की संख्या	उम्र	मासिक वेतन/मानदेय	शैक्षणिक योग्यता	कार्य अनुभव
1.	संरक्षण पदाधिकारी – संस्थानिक देखरेख Post Code -02 DCPU	01	30–45	21,000/–	सामाजिक कार्य/ मनोविज्ञान/ समाजशास्त्र में स्नातकोत्तर की डिग्री। किसी सरकारी मान्यता प्राप्त विश्व विद्यालय /संस्थान से एम0बी0ए0/पी0जी0डी0बी0ए0/पी0जी0डी0बी0 एम0/पी0जी0डी0आर0डी0 अतिरिक्त योग्यता होगी।	बाल कल्याण / बाल संरक्षण के क्षेत्र में कम से कम 3 (तीन) वर्ष का अनुभव।
2	संरक्षण पदाधिकारी –गैर संस्थानिक देखरेख Post Code – DCPU 03	01	30–45	21,000/–	समाजिक कार्य/मनोविज्ञान/समाजशास्त्र में स्नातकोत्तर/विधि में स्नातक की डिग्री। किसी सरकारी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से एम0बी0ए0/पी0जी0डी0बी0ए0/पी0जी0डी0 बी0एम0/पी0जी0डी0आर0डी0 अतिरिक्त योग्यता होगी।	बाल कल्याण / बाल संरक्षण के क्षेत्र में कम से कम 3 (तीन) वर्ष का अनुभव।
3	सामाजिक कार्यकर्ता Post Code – DCPU 06	02 (01 अनुसूचित जनजाति/ 01 सामान्य)	30–45	14,000/–	समाजिक कार्य/मनोविज्ञान/समाज शास्त्र में स्नातकोत्तर की डिग्री। किसी सरकारी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से एम0बी0ए0 /पी0जी0डी0बी0ए0/पी0जी0डी0बी0 एम0 /पी0जी0डी0आर0डी0 अतिरिक्त योग्यता होगी।	बाल विकास एवं कॉउंसिलिंग में कम से कम 2 (दो) वर्ष का अनुभव।
4	लेखापाल Post Code – DCPU 07	01	30–45	14,000/–	वाणिज्य में स्नातक। कम्प्यूटर में दक्षता/टैलीकाज्ञान। सरकारी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय संस्थान से एम0कॉम0 /एम0सी0ए0 अतिरिक्त योग्यता होगी।	सरकारी संस्थान, लोकउपक्रम,मान्यता प्राप्त संस्थान में न्यूनतम 3 (तीन) वर्ष का लेखा कार्य का अनुभव।
5	आँकड़ा विश्लेषक Post Code – DCPU 08	01	30–45	14,000/–	समाजकार्य/समाज शास्त्र / एन्थ्रोपोलॉजी में स्नातक। सरकारी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय संस्थान से एम0कॉम0/एम0सी0ए0 अतिरिक्त योग्यता होगी।	संबंधित कार्य में कम से कम 2 (दो) वर्ष का अनुभव
6	सहायक–सह–डाटा इंन्ट्री ऑपरेटर Post Code – DCPU 09	01	21–35	10,000/–	किसी भी संकाय में स्नातक। कम्प्यूटर दक्षता एवं हिन्दी तथा अंग्रेजी में टंकण। हिन्दी–30 W.P.M अंग्रेजी–35 W.P.M सरकारी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से बी0सी0ए0/एम0सी0ए0 अतिरिक्त योग्यता होगी।	सरकारी संस्थान,लोक उपक्रम, मान्यता प्राप्त संस्थान में न्यूनतम 3 (तीन) वर्ष का कम्प्यूटर कार्य/कार्यालय कार्य अनुभव
7	औउटरीच कार्यकर्ता DCPU 10	02 (01 अनुसूचित जनजाति/ 01 सामान्य)	21–35	8,000/–	प्रवेशिका उत्तीर्ण।	संबंधित कार्य में कम से कम 2 (दो) वर्ष का अनुभव।

2. बाल कल्याण समिति (CWC-01)

8	सहायक–सह–डाटा इंन्ट्री ऑपरेटर	01	21–35	9,000/–	किसी भी संकाय में स्नातक। कम्प्यूटर दक्षता एवं हिन्दी तथा अंग्रेजी में टंकण। हिन्दी–30 W.P.M अंग्रेजी–35W.P.M सरकारी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से बी0सी0ए0/एम0सी0ए0 अतिरिक्त योग्यता होगी।	सरकारी संस्थान/लोक उपक्रम/मान्यता प्राप्त संस्थान में न्यूनतम 3 (तीन) वर्ष का कम्प्यूटर कार्य/कार्यालय कार्य अनुभव

3.किशोर न्याय बोर्ड (JJB-01)

9	सहायक–सह–डाटा इंन्ट्री ऑपरेटर	01	21–35	9,000/–	किसी भी संकाय में स्नातक। कम्प्यूटर दक्षता एवं हिन्दी तथा अंग्रेजी में टंकण। हिन्दी–30 W.P.M अंग्रेजी–35 W.P.M सरकारी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय /संस्थान से बी0सी0ए0/एम0सी0ए0 अतिरिक्त योग्यता होगी।	सरकारी संस्थान/लोक उपक्रम/मान्यता प्राप्त संस्थान में न्यूनतम 3 (तीन) वर्ष का कम्प्यूटर कार्य/कार्यालय कार्य अनुभव

नियम एवं शर्तें :–

सरकार के प्रधान सचिव, महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड के अधिसूचना संख्या 05/म0बा0/ICPS–नियु0 नियमा0–575/2015–1835 दिनांक 20/07/2016 एवं अधिसूचना संख्या 05/म0बा0/ICPS–नियु0 नियमा0–575/2016–3761 दिनांक 14/09/2017 के आलोक में जिला स्तरीय संविदा आधारित पदों पर नियुक्ति हेतु नियम एवं शर्तें निम्नलिखित है:–

1. कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग झारखण्ड सरकार के ज्ञापांक 14/स्थानीयता नीति–14 01/2015 का0 229/राँची, दिनांक 19/01/2022 के आलोक में प्रकाशित नियुक्ति विज्ञापन में झारखण्ड राज्य के स्थानीय निवासी ही पात्र होगें।
2. कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग झारखण्ड सरकार के ज्ञापांक–15 नीति–नि0–07–05/2021 का0 3842/राँची, दिनांक10/08/2021 के आलोक में झारखण्ड राज्य में अवस्थित मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्थान से मैट्रिक या 10वीं कक्षा तथा इंटरमीडिएट या 10, 2 कक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।
   झारखण्ड राज्य की आरक्षण नीति से आच्छादित अभ्यर्थियों के मामले में झारखण्ड राज्य में अवस्थित मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्थान से मैट्रिक या 10वीं कक्षा तथा इंटरमीडिएट या 10, 2 कक्षा उत्तीर्ण होने संबंधी प्रावधान शिथिल रहेगा।
3. उल्लेखित सभी पदों पर नियुक्तियाँ पूर्णतया संविदा के आधार पर होगी। ऐसे नियुक्त व्यक्ति को नियमित रूप से नियुक्त करने का सरकार/विभाग का कोई दायित्व नहीं होगा।
4. प्रारंभिक चरण में ऐसी नियुक्ति एक वर्ष के लिए की जाएगी तथा इस कालावधि के पूर्ण होने के पूर्व पद विशेष पर नियुक्ति के लिए गठित नियुक्ति समिति के द्वारा उनके कार्यों की समीक्षा की जाएगी। तत्पश्चात् कार्य संतोषप्रद पाए जाने पर अगले एक वर्ष के लिए संविदा के आधार पर नियुक्ति का नवीकरण किया जा सकेगा।
5. संविदा के आधार पर नियुक्ति के नियम में वर्णित प्रावधान के अनुरूप नवीकरण नहीं होने पर ऐसी नियुक्ति स्वतः समाप्त समझी जाएगी।
6. अपूर्ण आवेदन तथा आवश्यक निर्धारित मापदंडों को पूरा नहीं करने वाले आवेदकों का आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।
7. आवेदकों द्वारा आवेदित पदों से संबंधित शैक्षणिक योग्यता, अतिरिक्त योग्यता एवं अनुभव प्रमाण पत्रों के सत्यापन के उपरांत उनके संबंध में चयन समिति द्वारा निर्णय लिया जाएगा।
8. उम्र सीमा की गणना 21.09.2022 के अनुसार की जाएगी।

आवेदन की प्रक्रिया :–

1. आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि दिनांक 15.10.2022 है। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।
2. जिला स्तरीय पदों के लिए विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट/कुरियर से जिला समाज कल्याण कार्यालय, विकास भवन लातेहार, प्रथम तल्ला, समाहरणालय, जिला–लातेहार, पिन कोड– 829206 के पते पर भेजा जा सकता है।
3. यदि कोई अभ्यर्थी एक से अधिक पदों के लिए आवेदन करना चाहता है तो उसे अलग–अलग पदों के लिए अलग–अलग आवेदन करना अनिवार्य होगा।

आवेदन करने का पता:– जिला समाज कल्याण कार्यालय, विकास भवन लातेहार, प्रथम तल्ला, समाहरणालय, लातेहार पिन नं0–829206

नोट:–आवेदन हेतु प्रपत्र एवं विज्ञापन की विस्तृत जानकारी जिला के वेबसाईट latehar.nic.in पर देखी जा सकती है।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,
लातेहार।

PR 278193 Women, Child Development & Social Security(22-23)#D

आकाश किनारी बस्ती के समीप तेज आवाज के साथ बना गोप

आजाद सिपाही संवाददाता

कतरास। आकाश किनारी बस्ती से सटे हनुमान मंदिर के सामने मंगलवार की दोपहर जोरदार आवाज के साथ जमीन धंस गई। करीब 15 फिट वृत्ताकार परिधि का गोफ बन गया, जिसकी गहराई करीब 25 से 30 फीट की बतायी जाती है। इधर सूचना पाकर कतरास थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। उक्त स्थान पर लोगो का आवाजाही बंद कराया। इधर गोफ होने के बाद आसपास के लोग सकते में आ गये उन्हें किसी अनहोनी की चिंता सताने लगी है। ग्रामीणों का कहना था कि दोपहर करीब डेढ़ बजे उक्त मैदान में अचानक गोफ बन गया। अगर घटना थोड़ी देर पहले घटती तो बड़ी घटना घट सकती थी। घटना के बाद ग्रामीणों ने प्रबंधन को कोसने लगा, उनका कहना था कि हम लोगों ने प्रबंधन से कई बार शिकायत कर यहां से सुरक्षित स्थान पर पुनर्वास कराने की मांग किया है लेकिन प्रबंधन ने अभी तक इस दिशा में कोई पहल नहीं किया, अगर किसी प्रकार अप्रिय घटना घटती है तो इसके सारा जवाबदेही प्रबंधन होगा।

लोगों को सताने लगी है अनहोनी की चिंता

गोफ होने की सूचना आग की तरह फैल गई, आस पड़ोस के चारों ओर सैकड़ों आवास है, जिसमे हजारों की संख्या मे लोग निवास करते है, जिसे अब अनहोनी की चिंता सताने लगी है। उनलोगों की जुबान पर बस एक ही सवाल था कि अभी तो मैदान में गोफ बना और वह मैदान नष्ट हो गया, अब भगवान जाने आगे क्या होगा। अगर प्रबंधन समय रहते यहां से हमलोग को सुरक्षित स्थान पर नहीं बसाता है तो हो रही जोरदार बारिश में कभी हमारे भी जमींदोज हो जायेंगे। उक्त स्थान से सटे परियोजना में कोयला खनन कार्य चल रहा है। भारी मशीन भी चलती है उसका कंपन से भी जमींदोज हो सकता हैं, अब अगर प्रबंधन हम लोगों की समस्या नहीं सुनता है तो सड़क पर उतरकर आंदोलन करने को विवश होंगे।

स्थायी नियोजन की मांग को लेकर पोषण सखी संघ की राज्य स्तरीय बैठक संपन्न

पोषण सखियों को दोबारा बहाल करने और स्थायी नियोजन देने की मांग उठायी

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। स्थायी नियोजन की मांग को लेकर मंगलवार को गोल्फ ग्राउंड में एकीकृत पोषण सखी संघ की प्रदेश स्तरीय बैठक हुई। अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष अंजनी कुमारी ने की। इस दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण सखियों को दोबारा बहाल करने और स्थायी नियोजन देने की मांग जोरदार ढंग से उठायी गई। अंजनी कुमारी ने कहा कि धनबाद सहित राज्य के छह जिलों में सरकार की ओर से आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण सखियों की बहाली की गई थी। धनबाद में लगभग दो हजार पोषण सखियों को बहाल करके आंगनबाड़ी केंद्रों में लगाया गया, लेकिन पिछले एक वर्ष से सभी पोषण सखी को सेवा मुक्त कर दिया गया है। मानदेय भुगतान की मांग और पुनः नियोजन को लेकर पोषण सखी लगातार आंदोलनरत हैं, इसके बावजूद अभी तक सरकार केवल आश्वासन दे रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से पुनः बहाली के लिये हरी झंडी दे दी गई है। अब राज्य सरकार को आगे का काम करना है। इस दौरान संघ की जिला कार्यकारिणी का भी गठन किया गया। पूर्वी जिला अध्यक्ष डिंपल चौबे को चुना गया। मौके पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य पार्वती सोरेन, सोनी पासवान, रुबिया खातून आदि मौजूद थीं।

दो हजार पोषण सखी हो गये है बेरोजगार

एक झटके में बेरोजगार हो गईं दो हजार पोषण सखी। डिंपल चौबे ने बताया कि केंद्र और राज्य के निर्देश के बाद धनबाद में एक झटके में दो हजार पोषण सखियों की नौकरी चली गई। केंद्र सरकार ने पोषण सखियों के लिए फंड बंद कर दिया। इसका हवाला देकर राज्य सरकार ने भी हमें सेवा मुक्त करने का निर्देश जारी कर दिया। उन्होंने कहा कि जब सरकार को जरूरत थी तो उन्होंने काम लिया, फिर एक झटके में सभी की नौकरी छीन ली। कई पोषण सखी का घर इसी से चल रहा था। अब सभी भुखमरी की कगार पर आ गये हैं। गौरतलब है कि आंगनबाड़ी केंद्रों में कुपोषण से लड़ने सहित अन्य योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए पोषण सखियों की बहाली वर्ष 2017 में हुई थी। धनबाद में कुल 2231 आंगनबाड़ी केंद्र हैं। पोषण सखियों ने कहा कि एक बार फिर रांची में जाकर विरोध प्रदर्शन शुरू किया जायेगा। इसकी रणनीति तैयार हो रही है। शेष जिलों में भी आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जा रही है।

मुख्य चुनाव आयुक्त ने कानून मंत्रालय से की सिफारिशें, कहा

चंदे की सीमा तय की जाये

- राजनीतिक पार्टियों के चंदे पर चुनाव आयोग की सख्ती

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। चुनाव आयोग ने राजनीतिक दलों को मिलने वाले चंदे पर लगाम लगाने की सिफारिशें की हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने सोमवार को केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू को पत्र लिखकर जन प्रतिनिधित्व अधिनियम में कई संशोधनों की सिफारिश की है। सूत्रों के अनुसार मुख्य चुनाव आयुक्त ने पत्र में कहा है कि राजनीतिक दलों को नकद चंदे के रूप में 20 फीसदी या 20 करोड़ जो भी कम हो वो अधिकतम सीमा निर्धारित की जाये। चुनावों में काले धन के सकुर्लेशन पर रोक के लिए अनाम नकद चंदे की सीमा 20 हजार रुपये से घटा कर 2 हजार रुपये करने की सिफारिश की है। चुनाव आयोग के मौजूदा नियमों के मुताबिक, देश के सभी राजनीतिक दलों को 20 हजार रुपये से ऊपर वाले सभी चंदों का खुलासा करना होता है।

चुनावी खर्च के ब्योरे में भी जानकारी दी जाये : साथ ही राजनीतिक दलों को आयोग के समक्ष इस बारे में रिपोर्ट देनी होती है। सूत्रों ने कहा कि यदि आयोग के इस प्रस्ताव को विधि मंत्रालय की स्वीकृति मिल जाती है तो 2000 रुपये से अधिक सभी चंदों के बारे में राजनीतिक दलों को जानकारी देनी होगी, जिससे पारदर्शिता बढ़ेगी। निर्वाचन आयोग यह भी चाहता है कि चुनावों के दौरान उम्मीदवार चुनाव के लिए अलग से बैंक खाता खोलें। सारा लेनदेन इसी खाते से हो और चुनावी खर्च के ब्योरे में इसकी जानकारी भी दी जाये। चुनाव आयोग की ओर से यह कदम उस वक्त उठाया गया है, जब हाल ही में आयोग ने 284 ऐसे दलों को पंजीकृत सूची से हटा दिया था, जो नियमों की अनुपालना नहीं कर रहे थे।

उम्मीदवार को बनाये रखना होगा चुनाव से संबंधित अलग खाता

सरकारी सूत्रों के मुताबिक चुनाव आचरण नियम, 1961 के तहत इस संशोधन के लागू होने के बाद, एक उम्मीदवार को चुनाव से संबंधित रसीद और भुगतान के लिए एक अलग खाता बनाये रखना होगा। इसके अलावा चुनाव खर्च के खाते के रूप में इसे पारदर्शी रूप से अधिकारियों को बताना होगा। अभी तक, चुनाव खर्च के लिए एक अलग बैंक खाता बनाए रखना निर्देशों का हिस्सा है, लेकिन चुनाव आयोग चाहता है कि यह चुनाव संचालन नियमों का हिस्सा बने। चुनाव आयोग ने नकद चंदे की सीमा 20 हजार रुपये से घटाकर 2 हजार रुपये करने की सिफारिश की है।

विदेशी चंदे पर भी चुनाव आयोग की नजर

चुनाव आयोग ने यह सुनिश्चित करने के लिए 'चुनावी सुधारों' की भी मांग की है कि आरपी अधिनियम और विदेशी योगदान विनियमन अधिनियम, 2010 के तहत पार्टियों के फंड में कोई विदेशी चंदा न आए। सूत्रों ने कहा, वर्तमान में, प्रारंभिक चरणों में विशेष रूप से विदेशी दान को अलग करने के लिए कोई तंत्र नहीं है, और योगदान रिपोर्ट का वर्तमान प्रारूप अतिरिक्त जानकारी प्राप्त करने के लिए 'सुसज्जित नहीं' है।

पूर्व विधायक, विधायक प्रत्याशी, कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष सहित हजारों भाजपा में शामिल

चुनाव नजदीक आ रहा है, हमने दरवाजे खोल दिये हैं : रमन सिंह

- छत्तीसगढ़ की जनता कांग्रेस सरकार से छुटकारा चाहती है : अरुण साव

आजाद सिपाही संवाददाता

रायपुर। भाजपा कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में पूर्व दिग्गज नेताओं के साथ विभिन्न क्षेत्रों से हजारों लोगों ने भाजपा की विधिवत सदस्यता ग्रहण की। इस कड़ी में 2000 से 2003 तक जिला पंचायत सदस्य रायगढ़ 2003 से 2008 तक सारंगढ़ विधानसभा से विधायक कुमारी कामदा जोल्हे, जो सतनामी समाज से ब्लॉक अध्यक्ष भी रहीं, अभिषेक शुक्ला, जो छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी से संयुक्त महामंत्री सहित कई कांग्रेस के पदों पर कार्यरत रहे तथा जिला कांग्रेस कमेटी बालोद के लिए अध्यक्ष रहे, विजय अग्रवाल, जो 2003 में रामगढ़ से विधायक रहे तथा प्रदेश संगठन में भी कई दायित्वों का निर्वहन करते रहे, संपत अग्रवाल, जो पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष रहे, 2018 के चुनाव में निर्दलीय के रूप में रिकार्ड मत हासिल किये, लखन लाल श्रीवास्तव मंडल अध्यक्ष जिला महामंत्री जिलाध्यक्ष एवं किसान मोर्चा के अनेक दायित्व पर रहे, सभी हजारों हजार कार्यकर्ताओं के साथ भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए।

इस अवसर पर सभी को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने कहा कि पूरे प्रदेश की जनता अब कांग्रेस से छुटकारा चाहती है और हम सभी मिलकर प्रदेश की यहां अभिलाषा जरूर पूर्ण करेंगे।

नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल में सभी का स्वागत करते हुए यह कहा कि एक पंखुड़ी कमल की इस पंजे पर भारी होगी रात इनकी है, तो क्या हुआ कल सुबह हमारी होगी। छत्तीसगढ़ प्रदेश के सहप्रभारी बिहार से विधायक व पूर्वमंत्री नितिन नवीन ने कहा कि मुख्यमंत्री जो भेट मुलाकात कर रहे हैं, वह भेट मुलाकात नहीं, हेट मुलाकात है। वह सदैव जिनसे मिलते हैं, उन्हें अपमानित करते हैं, डॉटते हैं। प्रदेश की जनता उनका असली रूप देख चुकी है। अब उनकी विदाई तय है। भारतीय जनता पार्टी में शामिल सभी कार्यकर्ताओं का उन्होंने हार्दिक अभिनंदन किया।

पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने कहा कि आप भारतीय जनता पार्टी में शामिल नहीं हुए हैं बल्कि एक परिवार का हिस्सा बनें हैं इस प्रदेश में एक ही नारा चल रहा है कि छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा लबरा कौन भूपेश बघेल भूपेश बघेल। यह सरकार झूठ की बुनियाद पर खड़ी है जिसे हम सभी मिलकर जल्दी उखाड़ फेंकेंगे। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता धरम लाल कौशिक श्री गौरी शंकर अग्रवाल श्री विष्णु देव साय,विक्रम उसेंडी ,सांसद संतोष पांडे, महामंत्री केदार कश्यप, विजय शर्मा, ओपी चौधरी, भूपेंद्र सवन्नी, विधायक सौरभ सिंह शामिल रहे।

सालियासाही में भारी मात्रा में देशी शराब नष्ट

भुवनेश्वर (आझाद सिपाही)। कमिश्नरेट पुलिस दशहरा से पहले एक्शन के मूड में है। भुवनेश्वर के सालियासाही में पुलिस ने छापेमारी की। इस छापेमारी में डीसीपी प्रतीक सिंह और पुलिस का स्वतंत्र स्क्वाड शामिल है। भारी मात्रा में देशी शराब की बरामदगी की सूचना मिला। रिपोर्ट्स के मुताबिक पुलिस को भुवनेश्वर के सालियासाही में ड्रग डीलिंग की सूचना मिली थी। कमिश्नरेट पुलिस ने छापेमारी की। इसमें डीसीपी प्रतीक सिंह और पुलिस का स्वतंत्र स्क्वाड शामिल थे। छापेमारी में पुलिस को भारी मात्रा में देशी शराब मिली, जिसे डीसीपी की मौजूदगी में नष्ट किया गया है। पुलिस ने आज छापा मारि के दौरान शराब बनाने का कुछ सामान भी बरामद किया है। उधर कमिश्नरेट पुलिस ने देशी शराब बेचने व तैयार करने के आरोप में कुछ लोगों को फटकार लगायी है।

38वें आरपीएफ स्थापना दिवस पर रन फॉर यूनिटी

भुवनेश्वर (आझाद सिपाही)। 38वें आरपीएफ स्थापना दिवस के अवसर पर मुख्य सुरक्षा आयुक्त के नेतृत्व में पूर्व तट रेलवे के रेलवे सुरक्षा बल के जवानों ने रन फॉर यूनिटी में भाग लिया। इस अवसर पर आरपीएफ द्वारा रक्तदान शिविर एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

कर्नाटक: शिवमोगा में तीन संदिग्ध आतंकवादी गिरफ्तार, आइएसआइएस से जुड़े तार

कर्नाटक (आजाद सिपाही)। शिवमोगा में पुलिस ने आतंकवाद के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस का दावा है कि वे प्रतिबंधित इस्लामिक स्टेट (आइएस) की गतिविधियों को बढ़ाने के मामले में वांछित थे। पुलिस ने आरोप लगाया कि गिरोह के सदस्य विस्फोटक की खरीद की प्रक्रिया में थे और उनकी योजना पूरे राज्य में धमाके करने की थी। पुलिस ने स्वतः ही शिवमोगा निवासी शारिक, माजी और सईद यासीन के खिलाफ गैर कानूनी गतिविधि निवारण अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस प्राथमिकी के मुताबिक गिरोह के सदस्य इस्लामिक स्टेट की गतिविधियों को बढ़ाने की योजना बना रहे थे।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
संपादक : हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**